जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-251 ▶ मुंबई, बुधवार, 9 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




'पुष्पा' से बड़ी फिल्म ला रहे अल्लू अर्जुन

पेज 11






# मुद्रा योजना बदलाव की मिसाल : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बीते 10 वर्षों में देश के गरीबों और छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 52 करोड़ से ज्यादा ऋण दिए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 33 लाख करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना उनकी जमीनी स्तर की यात्राओं और अनुभव से उपजी,जब उन्होंने महसूस किया कि समाज के सबसे निचले तबके को "बिना गारंटी फंडिंग" की काफी जरूरत है।

- 33 लाख करोड़ रुपये से बदली करोड़ों की जिंदगी



### मुद्रा योजना ने वित्तीय व्यवस्था को बनाया लोकतांत्रिक

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना ने भारत की वित्तीय व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाया और यह एक बड़ी सफलता है कि इस योजना के तहत सिर्फ 3.5% ऋण ही नॉन-परफॉर्मिंग एसेट बने हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इकोनॉमिक टाइम्स को दिया गया इंटरव्यू भी साझा किया जिसमें उन्होंने इस योजना की शक्ति और महत्व को बताया है। उन्होंने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार ने वित्तीय व्यवस्था को जन-केंद्रित बनाने का फैसला किया। पहले "बैंकिंग द अनबैंक्ड" के तहत जनधन योजना शुरू की गई, फिर "फंडिंग द अनफंडेड" के रूप में मुद्रा योजना लाई गई, और फिर "इंश्योरिंग द अनइंशोर्ड" के लिए जन सुरक्षा योजनाएं शुरू की गईं।

### अवसर के नए द्वार खुले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के कार्यकाल में बैंकिंग सेक्टर की स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि तब 'फोन बैंकिंग' के जरिए केवल राजनीतिक संपर्क वालों को ही बड़े ऋण दिए जाते थे, जिससे बैंकों पर भारी दबाव पड़ा। इसके उलट, मुद्रा योजना ने बिना किसी संपर्क के, केवल योग्यता और मेहनत के आधार पर लोगों को मौका दिया, जिससे आर्थिक गतिविधियां निचले स्तर से आगे बढ़ीं।

### हमारा लक्ष्य मुख्यधारा से जुड़े गरीब, महिला, किसान

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पूरी सोच एक व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के गरीब, महिला, किसान और वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाना और उनके सपनों को पूरा करने का अवसर देना है। उन्होंने यह भी कहा कि जब यह योजना शुरू हुई तो कई विपक्षी नेताओं और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि इतने बड़े स्तर पर छोटे ऋण देने से एनपीए बढ़ेगा। लेकिन नतीजे इसके उलट निकले और मात्र 3.5% ऋण खराब हुए। मोदी ने कहा कि यह उस विश्वास का परिणाम है जो सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर दिखाया।

जयपुर विस्फोट : बम रखने का आरोप

# चार आतंकियों को उम्रकैद की सजा

**जयपुर।** राजधानी जयपुर को 2008 में हुए सिलसिलेवार धमाकों से जुड़े एक केस में चार दोषियों को आजीवन जेल में रहने की सजा सुनाई गई है। 12 मिनट के भीतर हुए 8 धमाकों में 71 लोगों की मौत हो गई थी और 180 लोग घायल हुए थे। 9वें बम के मामले में कोर्ट ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ को 4 अप्रैल को दोषी करार दिया था। यह मामला 13 मई, 2008 को चांदपोल में मिले बम से जुड़ा है। इस बम को सुरक्षा दस्तों ने निष्क्रिय किया था। विशेष अदालत ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी करार दिया था। दिसंबर 2019 में निचली अदालत ने



सिलसिलेवार धमाकों के मामले में सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सलमान और सैफुर्रहमान को मौत की सजा सुनाई थी और 5वें आरोपी शाहबाज को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। जिन लोगों को सजा सुनाई गई थी उन्होंने निचली अदालत के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी और हाई कोर्ट की एक बेंच ने 29 मार्च, 2023 को चारों को बरी कर दिया और शाहबाज हुसैन को बरी करने के फैसले की भी पुष्टि की।

### 13 मई 2008 को हुए थे विस्फोट

- 13 मई 2008 को जयपुर शहर में सिलसिलेवार 8 बम विस्फोट हुए थे, 9वां बम चांदपोल बाजार के पास मिला था, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया था। इन बम धमाकों में 71 लोगों की जान चली गई थी और 180 अन्य घायल हो गए थे। माणक चौक खंदा, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक बम फटे थे।







# देश में वक्फ संशोधन अधिनियम लागू

- विरोध में उच्चतम न्यायालय पहुंचे विपक्षी सांसद

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम मंगलवार से लागू हो गया। सरकार ने एक अधिसूचना में ये जानकारी दी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया, "वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की धारा 1 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल, 2025 से उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू किए हैं।" लोकसभा और राज्यसभा ने क्रमशः तीन अप्रैल और चार अप्रैल की मध्य रात्रि के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को प्रस्तावित कानून को अपनी मंजूरी दे दी थी। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने विधेयक का समर्थन किया, वहीं विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन ने इसका विरोध किया। कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी सांसदों ने कानून के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। सत्तारूढ़ गठबंधन ने इसे पारदर्शिता बढ़ाने और पिछड़े मुसलमानों और समुदाय की महिलाओं के लिए सशक्तीकरण का कदम बताया है। वहीं, विपक्ष ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम मुसलमानों के अधिकारों का हनन करता है।





## ट्रंप के खिलाफ 27 देशों का समूह

# 25 फीसदी जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** टैरिफ वॉर छेड़ चुके अमेरिका के खिलाफ भी अन्य देश फैसले लेना शुरू कर चुके हैं। खबर है कि अब यूरोपीय संघ ने कई अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी की है। हालांकि, प्रस्ताव पर अभी सदस्य देशों की तरफ से मुहर लगाया जाना बाकी है। इधर, चीन की तरफ से जवाबी टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ने ड्रैगन को 50 फीसदी शुल्क लगाने की धमकी दी है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, ईयू ने सोमवार को कुछ अमेरिकी सामान पर 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। एजेंसी ने दस्तावेजों के हवाले से बताया है कि कुछ सामान पर टैरिफ 16 मई से प्रभावी हो जाएगा। जबकि, कुछ अन्य पर भी इस साल से लागू होगा।

इनमें हीरे, अंडे, डेंटल फ्लॉस, पोल्ट्री आदि शामिल हैं। खबरें हैं कि सदस्य देशों की तरफ से आपत्ति जताए जाने के बाद इस लिस्ट में से कुछ चीजों को हटाया गया है। दरअसल, ट्रंप ने यूरोपीय संघ के मादक पेय पदार्थों पर 200 फीसदी का जवाबी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद फ्रांस और इटली जैसे सदस्य देश खासे चिंतित हो गए थे।



### ट्रंप ने चीन को धमकाया


ट्रंप ने चीन द्वारा लगाए गए सीमा शुल्क को वापस न लेने पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की सोमवार को धमकी दी। ट्रंप ने 'ट्रूथ सोशल' पर कहा, 'अगर चीन आठ अप्रैल, 2025 तक अपने पहले से ही दीर्घकालिक व्यापार दुरुपयोगों से ऊपर 34% की वृद्धि को वापस नहीं लेता है तो हम चीन पर 50% का अतिरिक्त शुल्क लगाएंगे, जो नौ अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा।'

संभल हिंसा

# सपा सांसद बर्क से एसआईटी पूछताछ

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क से मंगलवार को संभल में पिछले साल एक मस्जिद के अदालती आदेश पर किए गए सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा के संबंध में पूछताछ की गई। सपा सांसद करीब तीन घंटे तक थाने में रहे, जिस दौरान उनसे पिछले साल 24 नवंबर को कोट गर्वी इलाके में हुई हिंसा के बारे में सवाल पूछे गए। मुगलकालीन जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। थाने से बाहर आने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बर्क ने कहा, "उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक मैं जांच में सहयोग करने आया हूं। मुझसे जो भी पूछा गया, मैंने उन्हें बता दिया।" जब उनसे पूछा गया कि एसआईटी ने उनसे क्या सवाल किये, तो सांसद ने कहा, "यह जांच का हिस्सा है और मैं उन्हें साझा नहीं कर सकता।"








## न्यूज BRIEF

### ममता मोइत्रा को चेताया

**कोलकाता।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्टी की सांसद महुआ मोइत्रा को कड़ी चेतावनी जारी की है। टीएमसी के ही दो सांसदों महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी के बहस हुई थी। इसके बाद एक महिला राज्यसभा सांसद के माध्यम से महुआ मोइत्रा को सीएम ममता बनर्जी का संदेश पहुंचाया गया है। मोइत्रा कथित तौर कल्याण बनर्जी से इसलिए नाराज हैं क्योंकि उन्हें लोकसभा में बोलने का पर्याप्त समय नहीं दिया गया।

### पेटकर यूबीटी में शामिल

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। रत्नागिरी जिले के कांग्रेस अध्यक्ष सहदेव पेटकर मंगलवार को शिवसेना यूबीटी में शामिल हो गए हैं। पेटकर ने उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री पर उनकी मौजूदगी में शिवसेना यूबीटी को ज्वाइन किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि सहदेव पेटकर मूल रूप से शिवसैनिक रहे हैं। कुछ स्थानीय मतभेद के चलते वह कांग्रेस में चले गए थे।

### भाजपा नेता के घर पर ग्रेनेड से हमला

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर पर मंगलवार को ग्रेनेड से हमला किया गया। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी हैप्पी पासिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी है। इस आतंकी पर एनआईए ने पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। इस मामले में पुलिस ने लॉरेंस के दो करीबियों को भी गिरफ्तार किया है।

# ज्ञानदेव आहूजा निलंबित

**जयपुर।** भाजपा के अलवर के रामगढ़ से पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा की ओर से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद पार्टी ने उनको प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही, आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा है।आहूजा के खिलाफ प्रदेश भर में विरोध किया जा रहा है और कई सामाजिक संगठन आहूजा का विरोध कर रहे हैं। बता दें कि रामनवमी के दिन अलवर की एक सोसायटी के राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली शामिल हुए। इसके अगले दिन आहूजा ने बयान दिया कि जिन लोगों ने भगवान राम के अस्तित्व को नकारा है, उनके वहां आने से मंदिर अपवित्र हुआ है। इसलिए मैं वहां गंगाजल छिड़कूंगा और पुनः पूजन करूंगा।



▶▶ भाजपा ने तीन दिन में मांगा जवाब

## यूएई, यूएस और यूके ने दिया पाक को झटका

# सेंट्रल बैंक से निकाल लिए एक बिलियन डॉलर

- स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने दी जानकारी
- पाक ट्रेजरी बिल में अब रह गए सिर्फ 42 मिलियन डॉलर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता को लेकर विदेशी निवेशक काफी सतर्क हो गए हैं, जिसका असर उसके फॉरेन इनवेस्टमेंट पर पड़ना शुरू हो गया है। पाकिस्ताान जिस कदर कर्ज के बोझ तले दबता चला जा रहा है, उससे देशों की चिंता बढ़ गई है और निवेश करने के लिए उन्हें सोचना पड़ रहा है। मौजूदा वित्त वर्ष में पाकिस्तान के ट्रेजरी बिल से 1 बिलियन डॉलर निकाल लिए गए हैं, सिर्फ तीन देशों ने ही इतनी बड़ी रकम ट्रेजरी बिल से निकाल ली है, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और यूनाइटेड किंगडन शामिल हैं ट्रेजरी बिल या टी-बिल किसी भी सरकार का ऋण पत्र होता है, जो सरकार जारी करती है। इसमें जो भी निवेश करता है, उससे रिटर्न का वादा किया जाता है। इसकी अवधि 94 दिन, 182 दिन या 364 दिन होती है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के अनुसार 1 जुलाई से 14 मार्च के बीच टी-बिल में 1163 बिलियन डॉलर निवेश किए गए, जबकि निकाली गई राशि 1121 बिलियन डॉलर है।



# शेयर बाजार में हरियाली, निवेशकों के चेहरे खिले

**मुंबई।** अप्रैल के महीने में सोमवार यानी सात अप्रैल तक शेयर बाजार निवेशकों के 24 लाख करोड़ रुपए डूब गए थे। किसी को भी इस बात का भरोसा नहीं था कि सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर से वापसी करेंगे। लेकिन मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी ने जबरदस्त वापसी की। एक समय सेंसेक्स में 1700 से ज्यादा अंकों की तेजी देखने को मिली। लेकिन बाजार बंद होने तक सेंसेक्स को 1000 से ज्यादा अंकों की तेजी के साथ संतोष करना पड़ा। वैसे शेयर बाजार निवेशकों को बाजार बंद होने तक 7.50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की रिकवरी हो गई। सात अप्रैल तक पांच कारोबारी दिनों में 24 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया था। एक दिन पहले से सेंसेक्स में 2200 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखने को मिली थी और निवेशकों को 14 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया था। कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स 3939 अंकों की गिरावट पर पहुंच गया था और नुकसान करीब 25 लाख करोड़ के आसपास था।



- 7.50 लाख करोड़ से ज्यादा की रिकवरी
- सेंसेक्स 1700 से ज्यादा अंकों की तेजी

**इन शेयरों में तेजी**

बीएसई के 30 प्रमुख शेयरों में 29 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। सबसे ज्यादा तेजी टाटा ग्रुप की टाइटन कंपनी में देखने को मिली। भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलीवर, अडानी पोर्ट, आईटीसी, टाटा मोटर्स, के शेयरों में डेढ़ फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

## आरबीआई का सभी बैंकों को निर्देश : पेंशन में देरी पर 8% ब्याज दें बैंक

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के एक हालिया निर्देश में रिटायर केंद्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों को पेंशन बांटने के लिए जिम्मेदार सभी बैंकों को अब पेंशन भुगतान में किसी भी देरी के लिए 8% प्रति वर्ष का ब्याज देना अनिवार्य है। ब्याज उसी दिन पेंशनभोगी के खाते में जमा किया जाएगा जिस दिन बैंक संशोधित पेंशन या पेंशन बकाया राशि संसाधित करेगा, जो 1 अक्टूबर, 2008 से सभी लेट भुगतानों पर लागू होगा। आरबीआई के मास्टर सर्कुलर में बढ़ोतरी इस आवश्यकता का उद्देश्य पेंशनभोगियों को उनके बकाया के देर से भुगतान के लिए क्षतिपूर्ति करना है। सर्कुलर के अनुसार, 'पेंशन भुगतान करने वाले बैंकों को पेंशन/बकाया राशि जमा करने में देरी के लिए पेंशनभोगी को भुगतान की नियत तिथि के बाद 8 प्रतिशत प्रति साल की निश्चित ब्याज दर पर मुआवजा देना चाहिए।' यह मुआवजा पेंशनभोगियों से किसी भी दावे की आवश्यकता के बिना ऑटोमेटिक रूप से प्रदान किया जाएगा। तय पेमेंट डेट के बाद होने वाली किसी भी देरी के लिए मुआवजा 8% प्रति साल की निश्चित ब्याज दर पर प्रदान किया जाना चाहिए।

# भाजपा को मिला 2243.947 करोड़ चंदा

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** चुनाव निगरानी संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि भारत के पांच नेशनल सियासी पार्टियों को 2023-24 में 12,547 डॉनर्स ने 2544.278 करोड़ रुपये का योगदान दिया। इतना ही नहीं एडीआर ने भारत के चुनाव आयोग को दी गई दान रिपोर्ट में पार्टियों द्वारा दिए गए पते के आधार पर राज्यों के अनुसार डोनेशन को अलग भी किया है। एक नज़र पार्टियों को प्राप्त चंदे पर।



### भाजपा को कांग्रेस से सात गुना चंदा

एडीआर के अनुसार सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 2023-24 में 20,000 या उससे ज़्यादा की राशि में 2,243.947 करोड़ का दान मिला। राजनीतिक दलों द्वारा भारत के चुनाव आयोग (ईसी) को सौंपी गई रिपोर्ट के मुताबिक, यह राशि विपक्षी कांग्रेस पार्टी (1994 में 281.48 करोड़ दान) द्वारा इकट्ठी की गई राशि से करीब सात गुना ज्यादा है।

### बसपा को मात्र 20 हजार रुपए

भाजपा और कांग्रेस के अलावा, चार नेशनल सियासी पार्टियों में आम आदमी पार्टी (आप), नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (एम) शामिल हैं। जबकि छठी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने घोषणा की कि उसे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 20,000 से ज्यादा का दान नहीं मिला।

### राजनीतिक दलों पर मेहरबान दिल्ली

दिल्ली ने सबसे ज्यादा सियासी पार्टियों को डोनेशन दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली ने साल 2023-24 में नेशनल पार्टियों को 989.20 करोड़ का दान दिया। इसके बाद गुजरात से 404.512 करोड़ और महाराष्ट्र से 334.079 करोड़ का डोनेशन मिला। वहीं, तमिलनाडु से 142.7 करोड़ और तेलंगाना से 112.9 करोड़ का सियासी पार्टियों को दान मिला।

### आप को अमेरिका से फंड

एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के एक दानकर्ता से आम आदमी पार्टी को 7000 का दान मिला है।

# अब एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

### ▶▶ 15 आरआरबी के मर्जर को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** एक मई से देश के हर राज्य में सिर्फ एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) होंगे। दरअसल, वित्त मंत्रालय ने बेहतर परिचालन दक्षता और लागत युक्तिकरण हासिल करने के लिए 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस मर्जर के बाद देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या मौजूदा 43 से संख्या घटकर 28 हो जाएगी। गजेटेड नोटिफिकेशन के मुताबिक, 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को क्रमशः एक यूनिट में विलय किया जाना है, ताकि इनमें से हर 'एक राज्य-एक आरआरबी' के लक्ष्य को साकार कर सके। पांच अप्रैल, 2026 की राजपत्र अधिसूचना के मुताबिक, विलय की प्रभावी तिथि 1 मई तय की गई है।

**एक यूनिट में विलय हो जाएंगे बैंक**

नोटिफिकेशन के मुताबिक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 की धारा 23ए(1) के तहत दी गई शक्तियों के मुताबिक, ये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सार्वजनिक हित में और इन संस्थाओं द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले क्षेत्र के विकास के हित में तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के हित में भी एक यूनिट में विलय हो जाएंगे।

'इंडिया ग्लोबल फोरम-नेक्स्ट 25'

# आज का दिन हमारे लिए ऐतिहासिक : शिंदे



## देश के सबसे बड़े एमओयू पर हस्ताक्षर

▪ एमएमआरडीए ने किए चार लाख करोड़ रुपए के समझौते

**मुंबई।** आज का दिन महाराष्ट्र के लिए ऐतिहासिक रहा है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा देश के सबसे बड़े सामंजस्य करार (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एक ही समय में कुल चार लाख सात हजार करोड़ रुपए के समझौते किए गए हैं। इंडिया ग्लोबल फोरम 2025 के तहत जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समझौता करारों पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके पश्चात उपमुख्यमंत्री शिंदे संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, हुडको के अध्यक्ष संजय कुलक्षेत्र, आरईसी और पीएफसी के अध्यक्ष परमिंदर चोपड़ा, आईआरएफसी की निदेशक शेली वर्मा, नेफेड के प्रबंध निदेशक राजकीरण राय, मैग्नम आइसक्रीम कंपनी के सीईओ अभिजीत भट्टाचार्य, और उद्योग विभाग के सचिव पी. अनबलगन समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि एमएमआरडीए ने विद्युत मंत्रालय की महारत्न कंपनी आरईसी लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन, हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (हुडको), इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईआरएफसी), और नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (नेफेड) जैसी कंपनियों के साथ सामंजस्य करार किए हैं। ये करार मिनीरत्न, महारत्न और नवरत्न कंपनियों के साथ होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### तीन साल में बीस लाख करोड़ का समझौता

पिछले तीन वर्षों में दावोस के वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में कुल 20 लाख करोड़ रुपये के समझौता करार किए गए हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस वर्ष, एमएमआरडीए ने दावोस में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये के समझौते करके उन्हें क्रियान्वित भी किया है। ये सभी प्रयास मुंबई और उसके आस-पास के क्षेत्रों के विकास को नया आयाम देंगे।

### हब के रूप में उभर रहा जीसीसी

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आज भारत ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) हब के रूप में उभर रहा है। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम में 1,500 से अधिक जीसीसी कार्यरत हैं। गूगल, अमेज़न, गोल्डमैन सैक्स, जेपी मॉर्गन जैसी वैश्विक कंपनियों के जीसीसी भारत में संचालित हैं। पुणे में आज ही एक नया जीसीसी शुरू किया गया है, जिससे भारत के युवाओं को दुनिया की शीर्ष कंपनियों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। जीसीसी के माध्यम से भारत की वैश्विक क्षमताओं में वृद्धि हो रही है। लाखों भारतीय इंजीनियरों, आईटी विशेषज्ञों और कुशल युवाओं को इन केंद्रों में अवसर मिल रहे हैं।

### 30 लाख रोजगार होंगे उत्पन्न

एआई, रोबोटिक्स और डेटा एनालिटिक्स जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनने का अवसर मिला है। शिंदे ने यह भी बताया कि एमएमआर क्षेत्र को 2030 तक 300 बिलियन डॉलर की जीडीपी तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए करीब 135 बिलियन डॉलर के निवेश की आवश्यकता है।

# रेल सड़क बुनियादी संरचनाओं का आधुनिकीकरण

▸▸ आरओबी, आरयूबी, एलएचएस के साथ 28 एमएलसी समाप्त

▸▸ अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 तक किए गए कई कार्य

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने असम, बिहार और पश्चिम बंगाल में रेलवे संरक्षा को मजबूत करने और बुनियादी संरचना को उन्नत करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 की अवधि में, पू. सी. रेलवे ने रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी), लो हाइट सबवे (एलएचएस), अवैध पारगमन बंद करना और नियोजित डायवर्जन को सम्मिलित करने के साथ 28 मानवयुक्त समपार (एमएलसी) को समाप्त कर दिया। इन प्रयासों से संरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, विलंबता में कमी और समग्र परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त, इस अवधि के दौरान 11 आरओबी और 26 आरयूबी के निर्माण ने कनेक्टिविटी में सुधार किया है और सड़क एवं रेल परिवहन दोनों के लिए सुचारू, भीड़-भाड़ से मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की है, जो आधुनिक और विश्वसनीय परिवहन समाधानों के लिए पू. सी. रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उक्त बुनियादी संरचनाओं के अपग्रेड का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), रेलवे मंडलों, निर्माण विंग और डिपॉजिट एजेंसियों जैसी विभिन्न एजेंसियों द्वारा राज्य सरकारों एवं अन्य स्टेकधारकों के साथ मिलकर किया गया। सहयोगात्मक दृष्टिकोण ने डिब्रूगढ़, कामरूप मेट्रो, जोरहाट और लखिमपुर जैसे प्रमुख स्थानों पर महत्वपूर्ण आरओबी या अलीपुरद्वार और कोकराझार जैसे क्षेत्रों में आरयूबी या एलएचएस संरचनाओं सहित उक्त परियोजनाओं को समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया। प्रत्येक परियोजना की योजना यातायात परिमाण और स्थानीय आवश्यकताओं के गहन आकलन के आधार पर बनाई गई थी। उदाहरण के लिए, जोरहाट में एफएम-57 और लखिमपुर में आरएम 257 जैसे उच्च-यातायात वाले स्थानों को बेहतर सुरक्षा और निरंतर संपर्क सुनिश्चित करने के लिए अच्छी तरह से संरचित रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) से सुसज्जित किया गया। इसके विपरीत, कम यातायात वाले स्थानों को संसाधनों के कुशल उपयोग करने के लिए सीधे तौर पर बंद कर प्रबंधित किया गया। इन विकासों ने पूर्वोत्तर भारत में परिवहन परिदृश्य को बदलना शुरू कर किया है। उल्लेखनीय लाभों में दुर्घटनाप्रवण समपारों का उन्मूलन, सड़क पर भीड़ और यात्रा विलंब में कमी, निर्बाध ट्रेन परिचालन और लॉजिस्टिक एवं यात्री आवागमन में समग्र सुधार शामिल हैं। इसके अलावा, इन कार्यों ने क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से दूरदराज और सीमावर्ती जिलों में पहुंच में सुधार और सुगम माल परिवहन को सक्षम कर प्रत्यक्ष प्रभाव डाला है। स्थिरता के दृष्टिकोण से, समपार पर बार-बार रुकने की समस्या दूर होने से ईंधन की खपत और उत्सर्जन में कमी आई है, जिससे भारत के पर्यावरणीय लक्ष्यों को समर्थन मिला है। पू. सी. रेलवे उन्नत इंजीनियरिंग, रणनीतिक योजना और क्रॉस एजेंसी सहयोग के माध्यम से प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य आने वाले वर्षों में गति, सुरक्षा तथा सेवा वितरण को और अधिक बेहतर बनाना है।



पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कई गतिविधियों का आयोजन



**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर चिकित्सा विभाग द्वारा सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) श्रीमती डॉ. भानुमती शेखर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें मंडल के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। मंडल रेलवे अस्पताल साबरमती में एक विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व एसीएमएस डॉ. मोनिका शर्मा ने किया। इस सत्र में मंडल रेलवे अस्पताल के सभी स्टाफ और 100 से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया। इस व्याख्यान में स्वस्थ जीवनशैली और पोषण से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. सुशांत रंजन सीनियर डीएमओ (पीडियाट्रिक्स) ने शिशु और छोटे बच्चों के पोषण पर एक संक्षिप्त जानकारी दी उन्होंने मातृ पोषण, स्तनपान, पूरक आहार, टीकाकरण, जंक फूड के प्रभाव और जीवनशैली से होने वाले नुकसान पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. रंजन ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए सही खान-पान और नियमित व्यायाम बेहद महत्वपूर्ण हैं, और बच्चों को स्वस्थ पोषण देना उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान अहमदाबाद, कांकरिया, पालनपुर एवं महेसाणा रेलवे हेल्थ यूनिट और अहमदाबाद, कांकरिया, पालनपुर, महेसाणा, साबरमती, वटवा, वीरमगाम तथा ध्रांगध्रा रेलवे कालोनी सहित कई स्थानों पर स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई तथा बैनर एवं पोस्टर भी लगाए गये। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों को स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में बताना और उन्हें सही पोषण, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करना था।

▪ मंडल रेलवे अस्पताल के सभी स्टाफ और सौ से अधिक लाभार्थियों ने लिया भाग

▪ मंडल रेलवे अस्पताल साबरमती में एक विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित

# ठाणे में जेल भरो आंदोलन आज

## कई संगठनों के कार्यकर्ता होंगे शामिल

दिनेश चंद्र रावल / जागरूक टाइम्स

**ठाणे।** ठाणे जिले में नौ अप्रैल को भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा और राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा जैसे सामाजिक संगठनों ने देशव्यापी जेल-टू-जेल आंदोलन का रुख अपनाया है। मंगलवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई मुद्दे उठाए गए। 1) भाजपा द्वारा बहुजन महापुरुषों का बार-बार अपमान। 2) केंद्र सरकार को ओबीसी की जाति-आधारित जनगणना और सभी जाति समूहों की जाति-आधारित जनगणना करानी चाहिए। 3) भारतीय लोकतंत्र को बचाने के लिए ईवीएम को हटाकर सभी चुनाव मतपत्रों पर होने चाहिए। 4) बोधगया में महाबोधि महाविहार को ब्राह्मणों के नियंत्रण से मुक्त कराने जैसे मुद्दों पर एक राष्ट्रव्यापी जेल-भरो आंदोलन शुरू किया गया है। इस मौके पर संजय ढिलपे (प्रशिक्षण महासचिव, भारत मुक्ति मोर्चा, महाराष्ट्र राज्य), सिद्धांत बर्वे (ठाणे जिला प्रभारी, भारत मुक्ति मोर्चा), शैलेश साल्वे (ठाणे जिला अध्यक्ष, भारत मुक्ति मोर्चा), आशाताई साल्वे (ठाणे जिला अध्यक्ष, भारत मुक्ति मोर्चा-महिला संघ), विशाल पडघाने (ठाणे जिला अध्यक्ष, बौद्ध इंटरनेशनल नेटवर्क), रवि भगत (उल्हासनगर विधानसभा सदस्य, बहुजन मुक्ति पार्टी), संदीप खार्चन (भारतीय युवा मोर्चा, ठाणे), नीलेश येलवे (ठाणे जिला अध्यक्ष, बहुजन मुक्ति पार्टी), सुनयना हंडोरे (महासचिव, राष्ट्रीय अत्याचार निवारण बल), सुशांत गायकवाड (प्रभारी, बहुजन क्रांति मोर्चा) ने 9 अप्रैल को देशव्यापी जेल भरो आंदोलन होगा।


**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

विदेशी मुद्रा विभाग
मुख्य भवन, तीसरी मंजिल, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई- 400 001

**'संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक' लाइसेंस का निरस्तीकरण**

विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 की धारा 10(3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निम्नलिखित कंपनी का संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) लाइसेंस, स्वैच्छिक समर्पण के कारण निरस्त कर दिया गया है।

| क्रम संख्या | नाम और पंजीकृत कार्यालय पता | लाइसेंस नंबर | जारी करने की तिथि | निरस्तीकरण आदेश की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरद टूरिज्म प्रा. लि. एस 7, सुभद्रा मारुती एनक्लेव आर एस नंबर 2073, ई वार्ड 13 वीं लेन, राजारामपुरी कोल्हापुर 416 008. | एफइ. मुं.1982/2017 | 13 नवम्बर 2017 | 11 मार्च 2025 |

उक्त निरस्तीकरण के परिणामस्वरूप, उपर्युक्त एफएफएमसी भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(https://www.rbi.org.in)** पर उपलब्ध तथा समय समय पर अद्यतित मुद्रा परिवर्तन संबंधी गतिविधियों पर जारी **01 जनवरी 2016** के मास्टर निदेश में विनिर्दिष्ट मुद्रा परिवर्तन से संबंधित कोई भी कार्य या लेनदेन नहीं करेगा।

मुंबई महाप्रबंधक

"पैसे देने का वादा करने वाले ईमेल/एसएमएस/कॉल से धोखा न खाएं"


आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस

# चैत्यभूमि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 14 से

**मुंबई।** भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में 14 और 15 अप्रैल को दादर स्थित चैत्यभूमि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। अभिवादन समारोह, भीम गीत, पुस्तक स्टॉल और स्काउट गाइड्स हॉल में विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से यह जयंती उत्साहपूर्वक मनाई जाएगी। एआरटीआई के प्रबंध निदेशक एवं बीएआरटीआई के महानिदेशक सुनील वारे ने नागरिकों से अपील की है कि वे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर इन विविध कार्यक्रमों में सहभाग लें। यह विशेष सप्ताह 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती के दिन समता रैली के साथ संपन्न होगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के सभी जिलों में समता दूतों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर की जयंती विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा मनाई जाएगी। पुणे स्थित बीएआरटीआई कार्यालय में जयंती के उपलक्ष्य में आज से 14 अप्रैल तक भारतीय संविधान अमृत महोत्सव सप्ताह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है। इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य संबंधी उपक्रम चलाए जाएंगे।


**अलीपुरद्वार जंक्शन में यार्ड का निर्माण**

**ई-निविदा सूचना सं. 04/W-2/APDJ; दिनांक:04-04-2025.** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं:** 03-AP-II-2025। **कार्य का नाम:**- अलीपुरद्वार जं. में- यार्ड सुधार से संबंधित यार्ड का निर्माण - अलीपुरद्वार जं. यार्ड। निविदा मूल्य: ₹3,61,80,248.54; धरोहर राशि: ₹3,30,900.00। ई-निविदा 28-04-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 28-04-2025 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (कार्य), अलीपुरद्वार जं.
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पुलों से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. DCBL/03/2025/MLG, दिनांक: 04-04-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.** DCBL082025MLG; **कार्य का नाम:** एसएसई/बीआर/न्यू जलपाईगुड़ी के अंतर्गत 25टी लोडिंग द्वारा न्यू जलपाईगुड़ी-कुमेदपुर सेक्शन में चत्तरहाट-डुमडांगी स्टेशन के बीच किमी 29/0-3 पर ब्रिज नं. 44अप (5×45.7मी) के स्थान के ओपन वेब स्टील ब्रिज गर्डर का निर्माण, आपूर्ति एवं प्रतिस्थापन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹18,27,74,839.96; **बिड सिक्युरिटी:** ₹10,63,900.00। **निविदाएं बंद होने की तिथि:** 28-04-2025 को 15:00 बजे। **निविदाएं खुलने की तिथि:** उप मुख्य अभियंता/ब्रिज-लाइन/मालीगांव, गुवाहाटी-781011 (असम) के कार्यालय में 28-04-2025 को 15:05 बजे। विवरणों के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर पधारें।

डीवाई.सीई/ब्रिज-लाइन/मालीगांव
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**CHANGE OF NAME**

I, **Mr. Darshit Suresh Fariya**, resident of Andheri East, Mumbai, declare that my mother's correct name is Jasvanti Suresh Fariya, but has been wrongly mentioned as Jayshree in my SSC Marksheet and Birth Certificate. Both refer to the same person. Going forward, her correct name should be read as Jasvanti Suresh Fariya.

Sd/-
Darshit Suresh Fariya
Date: 08/04/2025
Place: Mumbai


# घोड़बंदर में बाइक सवार की मौत

**ठाणे।** घोड़बंदर जाने वाली सड़क पर सोमवार दोपहर डेढ़ बजे पीछे से आ रहे एक ट्रक की टक्कर से दोपहिया वाहन सवार सुधीर चौधरी (54) की मौके पर ही मौत हो गई। वे ठाणे (पश्चिम) के घोड़बंदर रोड पर ओवाला सिग्नल के पास घोड़बंदर जाने वाली सड़क पर दोपहिया वाहन से कहीं जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही शहर यातायात पुलिस और कासरवडवली थाने के पुलिसकर्मी घटनास्थल पर मौजूद थे। कासरवडावली पुलिस ले शव को जिला सरकारी अस्पताल, कलवा भेज दिया गया। यह आकस्मिक मृत्यु का मामला कासरवडावली पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

# पश्चिम रेलवे : ट्रेन का ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 09183/09184 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल को अछनेरा और आगरा फोर्ट स्टेशनों के बजाय ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल को ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन ईदगाह आगरा स्टेशन पर 17.45 बजे पहुंचेगी और 17.50 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09184 वाराणसी-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक एसी स्पेशल को ईदगाह आगरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन ईदगाह आगरा स्टेशन पर 07.35 बजे पहुंचेगी और 07.40 बजे प्रस्थान करेगी।


**मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल**
म्हाडा MHADA

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण)
की क्षेत्रिय इकाई
फोन नं. 022-66405250, ई-मेल: eee.east1@gmail.com
संदर्भ क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/07/2025-26

**निविदा सूचना क्र. 07**

कार्यपालन अभियंता (पूर्व) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051, फोन नं. (022) 66405251 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से किसी शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था या उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से 34 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा दस्तावेज का विक्रय दिनांक 09.04.2025 को दोपहर 10.30 बजे से प्रारंभ होगा एवं दस्तावेज विक्रय की अंतिम दिनांक 16.04.2025 को शाम 6.15 बजे तक है। शुद्धि पत्र/संशोधन यदि कोई हो, वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर प्रकाशित है। सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण** हस्ता/-
**सीपीआरओ/ए/275** **कार्यकारी अभियंता (पूर्व)**
**मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**
Follow us: @mhadaofficial

**MSEB HOLDING COMPANY LTD**
**E-Tender Notice**

The Undersigned invites e-Tender No. CEC/MSEBHCL/MUM/TECH/T-01-2025-26 to T-02/25-26 from the eligible bidders for works under MSEBHCL Mumbai. The Tenders will be processed only in Electronic Tendering mode. The bid documents will be available on website dt.09.04.2025 from For further details & updates visit our Website *www.mahadiscom.in*. E-tender link *https://etender.mahadiscom.in*. Ph-022-22608383

**HO PR No. 118 Dt. 07.04.2025** **Chief Engineer (Civil)**


# माहिम-बांद्रा स्टेशनों के बीच पुनर्निर्माण कार्य

▸▸ पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें होगी प्रभावित

▸▸ पुल संख्या 20 के एबटमेंट के पुनर्निर्माण

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा माहिम और बांद्रा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 20 के साउथ एबटमेंट के पुनर्निर्माण कार्य के मद्देनजर 11/12 अप्रैल और 12/13 अप्रैल, की मध्यरात्रि को (II फेज) मेजर ब्लॉक लिया गया है। जिसके कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। विवरण इस प्रकार है।

## शॉर्ट टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें

▪ **1.** 2 अप्रैल की ट्रेन संख्या 12902 अहमदाबाद-दादर गुजरात मेल पालघर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा पालघर और दादर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। **2.** 11 अप्रैल, की ट्रेन संख्या 19016 पोरबंदर-दादर सौराष्ट्र एक्सप्रेस बोरीवली स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा बोरीवली और दादर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। **3.** 12 अप्रैल, की ट्रेन संख्या 22946 ओखा-मुंबई सेंट्रल सौराष्ट्र मेल बोरीवली स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा बोरीवली और मुंबई सेंट्रल के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

## शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें

▪ 1. 13 अप्रैल की ट्रेन संख्या 19015 दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस बोरीवली से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा दादर और बोरीवली के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

## रिशेड्युल / रेगुलेट होने वाली ट्रेनें

▪ **1.** 12 अप्रैल की ट्रेन संख्या 22953 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद गुजरात एक्सप्रेस को एक घंटा रिशेड्युल किया किया जाएगा और यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से सुबह 06:40 बजे प्रस्थान करेगी। **2.** 12 अप्रैल, की ट्रेन संख्या 20901 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस को 15 मिनट रिशेड्युल किया किया जाएगा और यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से 06:15 बजे प्रस्थान करेगी। **3.** 12 अप्रैल, की ट्रेन संख्या 12009 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस को 10 मिनट रिशेड्युल किया किया जाएगा और यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से सुबह 06:30 बजे प्रस्थान करेगी। **4.** 13 अप्रैल, की ट्रेन संख्या 22953 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद गुजरात एक्सप्रेस को 03:20 घंटा रिशेड्युल किया किया जाएगा और यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से सुबह 09:00 बजे प्रस्थान करेगी। **5.** 13 अप्रैल, की ट्रेन संख्या 20901 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस को 02:50 घंटा रिशेड्युल किया किया जाएगा और यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से 08:50 बजे प्रस्थान करेगी। **6.** 12 अप्रैल, की ट्रेन संख्या 14707 लालगढ़-दादर रणकपुर एक्सप्रेस को 01.30 घंटा रिशेड्युल किया किया जाएगा और यह ट्रेन लालगढ़ से 09.25 बजे प्रस्थान करेगी। **7.** 12 अप्रैल, की ट्रेन संख्या 12268 हापा-मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस 01:30 घंटा रेगुलेट (लेट) होगी।

## मध्य रेलवे छह अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाएगा

▸▸ भिवंडी-सांकराईल और खड़गपुर-ठाणे के बीच चलेंगी अनरिजर्व ट्रेनें

**मुंबई।** मध्य रेल ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित सेवाओं के अलावा अब तक 290 अनारक्षित सेवाएं और 42 एसी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं सहित 1204 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है और अब यात्रियों के लाभ के लिए अतिरिक्त 6 अनारक्षित विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा।

**1) भिवंडी-सांकराईल अनारक्षित साप्ताहिक विशेष - (3 सेवा)**

▪ 01149 अनारक्षित विशेष नौ से 23 अप्रेल तक प्रत्येक बुधवार को 22:30 बजे भिवंडी से रवाना होगी और तीसरे दिन 13:00 बजे सांकराईल गुड्ज़ टर्मिनल यार्ड पहुँचेगी। (3 सेवाएं)।

**2) खड़गपुर-ठाणे अनारक्षित साप्ताहिक विशेष (3 सेवा)**

▪ 01150 अनारक्षित विशेष दिनांक 12 से 26 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को 23.45 बजे खड़गपुर से रवाना होगी और तीसरे दिन 10.30 बजे ठाणे पहुंचेगी। (3 सेवाएं)।


**MAHAVITARAN** Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**TENDER NOTICE**

Tenders are invited from registered experienced bidders for the work as below.

| Tender No. | Nature of Work | Estimated Amount Rs. in Lakhs | Amount Of EMD Rs. |
|---|---|---|---|
| T-01/ 2025-26 | E-tender for work of carrying out LT lines Preventive maintenance under Jurisdiction of Ulhasnagar-01 Division. | 10,000,00/- (Rs. Ten Lakhs) | 10000/- (GST Extra) |
| T-02/ 2025-26 | E-tender for work of carrying out HT lines Preventive maintenance under Jurisdiction of Ulhasnagar-01 Division. | 10,000,00/- (Rs. Ten Lakhs) | 10000/- (GST Extra) |
| T-03/ 2025-26 | E-tender for work of carrying out DTC Preventive maintenance under Jurisdiction of Ulhasnagar-01 Division. | 10,000,00/- (Rs. Ten Lakhs) | 10000/- (GST Extra) |

**TERMS & CONDITIONS:**

1) Blank Tender documents will be available on Company's website www.mahadiscom.in. From 08.04.2025 to 16.04.2025, up to 23.00 Hrs Tenderers are requested to download the same from website and will pay the document cost for Tender's for Rs. 1000/- +18% GST Online/at MSEDCL, Division office ULHASNAGAR-01 or they can deposit Bankers cheque of DD & put D.D.No. & date while submission of the offer.
2)The amount of EMD should be submitted in the form of Demand Draft/Bank Guarantee of any Nationaliz ed/Scheduled Bank having Branch at ULHASNAGAR -01 DIVISION, Demand Draft should be drawn in favor of Executive Engineer MSEDCL Ulhasnagar-01 and put the DD No. & date while submitting on line tender duly filled in.
3) Pre bid meeting dt. 15.04.2025 at. 15.00 hrs.
4)Last date for submission of Tenders is 16.04.2025 up to 23.00 Hrs.
5) Date of opening of Technical Bid: 17.04.2025 at 11.00 Hrs. (online only).
6)MSEDCL reserves the right to accept any tender or to reject any or all Tenders without assigning any reason thereof. Contact Person: **Shri. Sanjay Dadpe,** Add. Ex. Engineer Office, Ulhasnagar-01 Division.

**-sd-**
**Executive Engineer,**
**Ulhasnagar-01 Division.**

**उत्तर मध्य रेलवे**

**No. JHS/C/Rates/TN/2025/03/** **दिनांक: 05.04.2025**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना संख्या DyCE-C-I-JHS-2025-03**

उप मुख्य अभियन्ता (निर्माण)-I उत्तर मध्य रेल झाँसी, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु, ऑन लाइन (**E-Tendering**) के माध्यम से खुली निविदा आमन्त्रित करते है। निविदायें दिनांक **28.04.2025** को **15:00** बजे तक **website http://www.ireps.gov.in.** पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा के विवरण निम्नानुसार हैः-

**निविदा संख्याः** E-Tender Notice No. DyCE-C-I-JHS-2025-03, **कार्य का नामः** "बबीना डिफेंस यार्ड में बैटरी चार्जर रूम, सुरक्षा कक्ष, सुरक्षा द्वार (03 संख्या), आंशिक रूप से कवर्ड शेड (3 संख्या), पहले से निर्मित रैंप (02 संख्या) के फर्श आदि का निर्माण।"

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत :** ₹ 41,87,119.95 (लगभग) | **धरोहर राशि :** ₹ 83,800.00 |
| **निविदा खोलने का दिनांक :** 28.04.2025 | **वैधता अवधि :** 60 दिन |
| **कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 04 (चार) माह हार्वेस्ट एवं मानसून अवधि सहित | |

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट website http://www.ireps.gov.in को देखें। **620/25 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**क्रमांक झॉसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल** **दिनांक: 07.04.2025**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी.-ई-2025-47, **कार्य का नामः** सप्लाईंग, स्टैकिंग एंड मेकेनाइज्ड लोडिंग इनटू रेलवे होप्पर्स/बॉक्सेस मशीन क्रश 60000 $m^3$ ट्रैक बलास्ट एज पर लेटेस्ट रेलवे स्पेसिफिकेशन आईआरएस-जीई-I-जून 2016 एट खुरहंड डिपो अंडर एडीईएन/बाँदा सब डिवीजन।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत :** ₹ 5,50,47,000.00 | **अमानत राशि :** ₹ 4,25,200.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथि :** 05.05.2025 at 15:00 hrs. | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 10 माह | |

• निविदा दिनांक **05.05.2025** को **15:00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **628/25 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# दिव्यांगों के रोजगार देने नई नीति लाएगी सरकार : फडणवीस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** जन्मजात या किसी कारणवश दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्तियों को जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे व्यक्तियों को जीवन में सफलता पाने के लिए कई चुनौतियों को पार करना पड़ता है। उनके जीवन में समृद्धि लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने समयानुकूल नई योजनाएं और नीतियां बनाने के निर्देश दिए, साथ ही उनकी प्रभावी क्रियान्वयन पर भी बल दिया। यह समीक्षा बैठक सह्याद्री अतिथिगृह में दिव्यांगजनों की समस्याओं पर आयोजित की गई थी। उपमुख्यमंत्री अजित पवार, पूर्व राज्यमंत्री ओमप्रकाश उर्फ बच्चू कडू और मुख्य सचिव सुजाता सौनिक इस अवसर पर उपस्थित थे।

▶▶ दिव्यांगों के लिए स्वतंत्र घरकुल (आवास) योजना
▶▶ विशेष सहायता योजना की राशि डीबीटी प्रणाली के माध्यम से खातों में जमा



### दिव्यांग प्रमाणपत्र के लिए विशेष अभियान

■ दिव्यांगों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं, रियायतों, शिक्षा, नौकरी और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग को यह अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### राज्य के विश्वविद्यालयों में दिव्यांगों को विशेष सुविधाएं

■ राज्य के हर विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिसमें अनुकूल अधोसंरचना, सहायक उपकरण, मार्गदर्शन केंद्र और परामर्श सेवा शामिल होगी। उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

### 'लाडली बहन' योजना की तर्ज पर आर्थिक सहायता

■ 'लाडली बहन' योजना की तर्ज पर दिव्यांगों की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली से जमा की जाएगी। सरकार दिव्यांगों के लिए दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि पर भी सकारात्मक विचार कर रही है।

### जमीन उपलब्ध कराने में मदद करेगी सरकार

■ जिन दिव्यांगों के पास अपनी भूमि नहीं है, उनके लिए राज्य सरकार घर निर्माण हेतु आवश्यक जमीन उपलब्ध कराने में मदद करेगी। एक स्वतंत्र घरकुल योजना शुरू की जाएगी। बैठक में दिव्यांग महामंडल के माध्यम से कर्जमाफी, शासकीय रुग्णालयों में गुणवत्तापूर्ण औषधियां, विभागीय बजट का 5% दिव्यांग कल्याण पर खर्च करने, प्रशिक्षण और क्रीड़ा स्टेडियम, मानधन पदों में प्राथमिकता, समिति सदस्य नियुक्ति और राज्यस्तरीय दिव्यांग महोत्सव जैसे विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित थे।

### कौशल विभाग को दिए गए निर्देश

■ राज्य सरकार दिव्यांगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। इसके लिए एक विशेष रोजगार नीति तैयार की जाएगी। कौशल विकास और उद्योग विभाग को इस बारे में निर्देश दिए गए हैं।

### अंत्योदय योजना में किया जाएगा शामिल

■ पात्र दिव्यांगों को अंत्योदय अन्न योजना में शामिल किया जाएगा। जो वर्तमान मानदंडों के अंतर्गत नहीं आते, उनके लिए नई योजना शुरू करेगी। वर्ष 2025-26 से प्रत्येक जिला वार्षिक योजना में नियमित निधि में से अधिकतम 1% निधि दिव्यांगों के लिए आरक्षित रखी जाएगी।

## पाँच दिन बंद रहेंगी 'आपले सरकार' पोर्टल की सेवाएं

**मुंबई।** 'आपले सरकार' पोर्टल की सेवाएं नियमित और तकनीकी रखरखाव के कारण 10 से 14 अप्रैल तक यानी पाँच दिन के लिए बंद रहेंगी। इस अवधि में 'आपले सरकार' पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली कोई भी सेवा उपलब्ध नहीं होगी। महाराष्ट्र सूचना प्रौद्योगिकी महामंडल मर्यादित (महाआईटी) ने यह जानकारी दी गई है। इस अवधि में कार्यालयीन कामकाज का केवल एक दिन कार्य दिवस रहेगा, जबकि शेष दिन सार्वजनिक अवकाश के हैं। राज्य के सभी नागरिकों, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्यरत 'आपले सरकार' केंद्रों के संचालकों, 'सेतू' केंद्रों के संचालकों, संबंधित ग्राम पंचायतों और शासकीय कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस पूर्व सूचना को गंभीरता से नोट करें।

# 23 नर्सिंग छात्राओं से 33 लाख की ठगी

■ उड़ान कौशल संस्थान के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज
■ संस्थान ने विज्ञापन निकाल नर्सिंग कोर्स के लिए दाखिला दिलाने का दिया था झांसा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** सोशल मीडिया पर उड़ान स्किल इंस्टीट्यूट का विज्ञापन प्रकाशित कर इस इंस्टीट्यूट में नर्सिंग कोर्स के लिए विद्यार्थियों को दाखिला दिलाने का झांसा देकर 23 विद्यार्थियों से नर्सिंग कोर्स के नाम पर 33 लाख 17 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। संस्थान ने विद्यार्थियों से लाखों रुपए की शैक्षणिक फीस वसूली और नर्सिंग कोर्स के नाम पर 33 लाख 17 हजार रुपए की ठगी की। नर्सिंग पाठ्यक्रम तीन वर्ष की अवधि का है। इस संबंध में रविवार छह अप्रैल को नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में उड़ान स्किल इंस्टीट्यूट के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में छात्रों द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के अनुसार, 12वीं की शिक्षा पूरी करने के बाद छात्रों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों की तलाश शुरू कर दी थी। सोशल मीडिया पर उड़ान स्किल इंस्टीट्यूट का एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया, जिसमें छात्रों को इस संस्थान में नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया गया। उस समय छात्रों ने इस कोर्स के लिए मई 2024 में परीक्षा दी थी। कहा गया था कि इस परीक्षा के परिणाम दिसंबर 2024 में घोषित किए जाएंगे। छात्रों को दिसंबर में उनके परीक्षा परिणाम नहीं मिले। इसलिए जब छात्रों ने संस्थान के अधिकारियों से इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र नर्सिंग काउंसिल रजिस्ट्रेशन के लिए 20,000 रुपए खर्च होंगे। इसलिए, कुछ छात्रों ने रु. संस्थान के एक अधिकारी सौरभ के बैंक खाते में 20,000 रुपए जमा होते गए। लेकिन इसके बाद भी छात्रों को प्रमाण पत्र नहीं मिला। जब छात्रों ने संस्थान के अधिकारियों से इस बारे में पूछा तो उन्होंने गोलमोल जवाब देना शुरू कर दिया। पाठ्यक्रम के बाद छात्रों को उनकी परिणाम-पत्रिकाएं नहीं मिलीं। इसके अलावा छात्रों के मूल दस्तावेज भी वापस नहीं किए गए हैं। अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास होने पर छात्रों ने इस संबंध में नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। कुल 23 छात्रों ने शिकायत दर्ज कराई है और यह बात सामने आई है कि उनके साथ 33 लाख 17 हजार 850 रुपये की ठगी की गई है। इस मामले में उड़ान कौशल संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



# राजपूताना प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 12 से

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**राजस्थान राजपूत परिषद की बैठक संपन्न**

**मुंबई।** राजस्थान राजपूत परिषद मुंबई की मीटिंग रविवार को भायंदर में हुई। बैठक में तय किया गया कि राजपूताना प्रीमियर लीग-8 क्रिकेट प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन बोरीवली में 12 अप्रैल शनिवार और 13 अप्रैल रविवार को किया जाएगा। उसमें 10 टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एक कमेटी गठित की गई है जिसमें भोपाल सिंह सरेंचा, लक्ष्मण सिंह छापला, अनोप सिंह जी देवल और युवराज सिंह सोलंकी शामिल हैं। इनकी देखरेख में पूरा आयोजन किया जाएगा। आयोजन में आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाह शेर सिंह जागसा, विक्रम सिंह सिंधल अकोरापादर, रतन सिंह तुरा, खेत सिंह मेड़तिया बोलागुडा, सुमेर सिंह देवल करडा, भंवर सिंह गुडा जैतसिंह, नीर सिंघ, पृथ्वी सिंह शिवकर, गोविंद सिंह डूंगरी, पाबूदान सिंह दौलतपुरा, ईश्वर सिंह देवल पहाड़पुर, श्याम सिंह भाटी कोटडी ने आर्थिक सहयोग दिया। सभी भामाशाहों का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया गया। मीटिंग में ट्रस्ट बोर्ड चेयरमैन रतन सिंह तुरा, मुख्य सरंक्षक रघुनाथ सिंह सराना, अध्यक्ष सौभाग्य सिंह देवड़ा, महामंत्री ईश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष कान सिंह, उपाध्यक्ष नारायण सिंह धामसिन, नरपत सिंह पाथावाड़ा, नीर सिंह सिंघाना, भोपाल सिंह सरेंचा, रघुवीर सिंह, रणजीत सिंह आलासन, पाबू दान सिंह, मीठू सिंह डूंगरी, राजेंद्र सिंह मीठड़ी, गजेंद्र सिंह मिश्रा जोग सिंह सिनली, मनोहर सिंह डूंगरी, राजू सिंह डूंगरी, विक्रम सिंह देवल, युवराज सिंह देवल, उगम सिंह शिवकर, कालू सिंह सालवा, मदन सिंह सेदरिया, प्रताप सिंह थलवाड, बहादुर सिंह भैसड़ा, करपाल सिंह देवल, दुर्जन सिंह बीजराड़, भगवान सिंह मिरगानैनी, राजू सिंह सालवा, श्याम सिंह कोटडी, नारायण सिंह पुरण, कान सिंह जाखड़ी, जनक सिंह चेखला, नेपाल सिंह चारणीम, दिग्विजय सिंह वादनवाड़ी, चैन सिंह मेरमोडवाड़ा, विक्रम सिंह आकोरापादर, करण सिंह कलापरा, शम्भूसिंह धीरा, सत्यपालसिंह तीखी, भरत सिंह झाड़ोली, हिम्मत सिंह, दयाल सिंह, सुरेंद सिंह, गोविंद सिंह डूंगरी, नेपाल सिंह, महेंद्र सिंह कवला, सुमेर सिंह देवल, ईश्वर सिंह जागसा, महिपाल सिंह चारणीम, सुरेंद्र सिंह सराना, ईश्वर सिंह जागसा महावीर सिंह बोखड़ा और ईश्वर सिंह पहाड़पुरा, महिपाल सिंह भूरटीया सूरज सिंह और महेन्द्र सिंह देता उपस्थित रहे।

# शिवसेना विधायक व मुंबई पुलिस को हाई कोर्ट का नोटिस

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा की याचिका पर मुंबई पुलिस और शिवसेना विधायक मुरजी पटेल को नोटिस जारी किया। याचिका में कामरा ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ की गई अपनी अपमानजनक टिप्पणी के मामले में दर्ज एफआईआर को चुनौती दी है। जस्टिस सरंग कोटवाल और एसएम मोडक की एक डिवीजन बेंच ने कहा कि वह 16 को कामरा की याचिका सुनेंगे। शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत के बाद खार पुलिस ने कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हाई कोर्ट ने कहा कि उत्तरदाताओं (पुलिस और पटेल) को नोटिस जारी करें। वे निर्देश लेंगे और याचिका का जवाब देंगे। इसके अलावा नासिक ग्रामीण, जलगांव और नासिक में कॉमेडियन के खिलाफ दर्ज 3 एफआईआर को भी खार पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश होने का दिया प्रस्ताव कामरा के वकील नवरोज सेरवई ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि सोमवार को मद्रास उच्च न्यायालय ने कामरा को मिली अंतरिम ट्रांजिट अग्रिम जमानत को 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया है।



■ कुणाल कामरा की याचिका पर होगी सुनवाई 16 को

# क्रिकेटर केदार जाधव बीजेपी में शामिल

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुंबई के नरीमन प्वॉइंट स्थित भाजपा मुख्यालय में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण मौजूद रहे। केदार जाधव महाराष्ट्र की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान केदार जाधव ने कहाकि मैं छत्रपति शिवाजी को नमन करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा विकास की राजनीति कर रही है। बावनकुले के नेतृत्व में भाजपा ज्वॉइन कर रहा हूं।



# मुलुंड के लंबित नागरी सेवा सुविधा प्रकल्पों को तुरंत पूरा करें

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुलुंड विधानसभा क्षेत्र में लंबित नागरी सेवा और सुविधा प्रकल्पों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। यह निर्देश मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में सह्याद्री अतिथिगृह में मुलुंड विधानसभा क्षेत्र की नागरी सेवा सुविधाओं की स्थिति पर आयोजित बैठक में दिए गए। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री अजित पवार, मुलुंड के विधायक मिहिर कोटेचा, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, नगर विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव असीम कुमार गुप्ता, राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश कुमार, मुख्यमंत्री कार्यालय की प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव श्रीकर परदेशी, मुंबई उपनगर जिल्हाधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की संचालिका अर्चना पाटिल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने मुंबई उपनगर जिला, मौजा मुलुंड, तालुका कुर्ला में स्थित शासकीय भूमि पर राजस्व भवन और न्यायालय भवन के लंबित प्रस्ताव पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुलुंड में एक उच्च गुणवत्ता वाला पर्यटन केंद्र विकसित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। मुलुंड पश्चिम स्थित प्रियदर्शनी क्रीड़ा संकुल (कालिदास सभागृह) के नवीनीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। मुलुंड उपनगर क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिए नाहूर क्षेत्र में रेलवे टर्मिनल निर्माण हेतु भूमि तथा अन्य आवश्यकताएं जांची जाएं। मुलुंड पूर्व में स्थित मनपा की कचराभूमि पर जमा कचरे का पूरी तरह से निपटारा किया जाए। मुलुंड पूर्व में स्वीकृत तालुका क्रीड़ा संकुल के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

## राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे और पार्टी से जुड़े अन्य सदस्यों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। साथ ही याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग से एमएनएस की मान्यता रद्द करने की भी मांग की है। सेना के खिलाफ महाराष्ट्र में मराठी भाषा नहीं बोलने वाले उत्तर भारतीयों के खिलाफ कथित घृणास्पद भाषण, लक्षित हिंसा और धमकियों से जुड़े कई मामलों में कार्रवाई की मांग करते हुए याचिका दायर की गई है। कोर्ट में यह याचिका मुंबई निवासी और महाराष्ट्र में पंजीकृत राजनीतिक दल उत्तर भारतीय विकास सेना के अध्यक्ष सुनील शुक्ला की ओर से दायर की गई है। याचिका में सुनील शुक्ला और अन्य हिंदी भाषी लोगों के खिलाफ घृणास्पद भाषण के कई मामलों का आरोप लगाया गया है।

# भारत विकास परिषद् की नवीन कार्यकारिणी गठित



**मीरा-भायंदर।** भारत विकास परिषद्, भायंदर (पूर्व) शाखा की वार्षिक साधारण सभा का सफल आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में सीए सुमित लखोटिया को अध्यक्ष, डॉ. मेघा अग्रवाल को सचिव तथा अनिता सुरेका को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभा में पूर्व अध्यक्ष सीए दयाराम पालीवाल, पूर्व सचिव सीए जसराज जैन एवं पूर्व वित्त सचिव सीए सुमित लखोटिया सहित शाखा परिवार के अनेक सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सीए दयाराम पालीवाल एवं सचिव सीए जसराज जैन ने वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों का उल्लेख किया, वहीं वित्त सचिव सीए सुमित लखोटिया ने शाखा का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। उक्त प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए पूर्व प्रांतीय वित्त सचिव संजय पोद्दार, प्रांतीय संयोजक रवि प्रकाश, प्रांतीय सेवा प्रमुख शाकेन्द्र छाजेड़, मुरली अग्रवाल, सीए सुरेन्द्र अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सीए भरत गुप्ता, दिनेश गौर, महेन्द्र रुंगटा, सुखदेव स्वामी, मुकेश झुनझुनवाला, सीए रजनीकांत, सीए सुरेश वैष्णव, सीए मुकेश सुथार एवं समस्त सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## बच्ची का यौन शोषण के बाद हत्या, फिर बिल्डिंग से फेंका

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा इलाके में 10 साल की एक मासूम बच्ची के साथ आरोपी ने यौन शोषण किया। इसके बाद उसकी बेरहमी से हत्या कर दिया और शव को बिल्डिंग से नीचे फेंक दिया। ये घटना सात अप्रैल की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। पुलिस की टीम को जब मामले की जानकारी मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची। रात करीब 11 बजे दमकल विभाग के साथ घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की बॉडी को डक से बाहर निकाला। इसके बाद बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची के मौत की वजह गर्दन पर चाकू से हमला करने के बाद अधिक खून बहने की वजह से हुई है। इसके साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न की भी पुष्टि की गई है। वहीं घटना सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी आसिफ को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट भी शामिल है। बताया जा रहा है कि आरोपी आसिफ मंसूरी बिहार का रहने वाला है।







राजपुरोहित रेवाजी S/o लखमाजी सिद्धप अणखोल के सुपुत्र कांतिलाल राजपुरोहित की शादी धोरिमन्ना निवासी श्रीमान जबराजी S/o केसाजी(डिगारी) राजपुरोहित के वहा दिनांक -30/04/2025 को बारात जाएगी। शादी पूर्व आशीर्वाद समारोह मोरारबाग वाड़ी मे रखा गया था जिसमे कई सम्माननीय अतिथियों व स्नेहजनो का समावेश रहा। सभी अतिथियों का रेवाजी राजपुरोहित ने साफा पहनाकर स्वागत किया।





# डॉ. नरेश चन्द्र 'याज्ञवल्क्य पुरस्कार' से सम्मानित

**मुंबई।** बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के शिक्षा निदेशक और मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व प्र. कुलगुरू डा. नरेश चन्द्र को उनके शैक्षणिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक योगदान के लिए "याज्ञवल्क्य पुरस्कार 2024-25" से सम्मानित किया गया। पिछले पाँच दशकों से अधिक समय से कार्यरत "शुक्ल यजुर्वेदीय माध्यंदिन ब्राह्मण संस्था" द्वारा यह पुरस्कार डा. नरेश चन्द्र को समाजोत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया। अत्रे रंगमंदिर में आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार महाराष्ट्र राज्य के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशिष शेलार एवं प्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री डा. प्रकाश आमटे के कर कमलों से डॉ नरेश चंद्र को प्रदान किया गया। इस अवसर पर डा. नरेश चन्द्र ने संस्था को धन्यवाद देते हुए उन सभी महानुभावों को याद किया जिन्होंने कल्याण शहर के विकास के लिए आजीवन प्रयास किया। इसका श्रेय उन्होंने बिड़ला परिवार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओ. आर. चितलांगे और पूर्व एवं वर्तमान प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने कहा कि 'मैं चाहता हूँ कि कल्याण शहर की पहचान अब पूरे देश में शिक्षा के केंद्र के रूप में बने और पूरी दुनिया से विद्यार्थी यहाँ अध्ययन के लिए आएँ।' इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेन्द्र पवार, श्रीकांत बोजेवार, बिड़ला महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओ. आर. चितलांगे, उपाध्यक्ष सुबोध दवे, मिलिंद कुलकर्णी, राजीव जोशी आदि गण्यमान्य विशेषरूप से उपस्थित थे।



▶▶ मीरा भायंदर में भक्तों से मिलने पहुंचे ओशो के सगे भाई शैलेंद्र सरस्वती

# ओशो के प्रेम ध्यान और विवाह संबंधी दृष्टिकोण पर प्रकाश : शैलेंद्र सरस्वती

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा भायंदर में अपने भक्तों से मिलने पहुंचे ओशो के सगे भाई शैलेंद्र सरस्वती ने अध्यात्म और जीवन के मूल्यों के प्रति अपनी राय सबके समक्ष रखी। ओशो के भाई और आध्यात्मिक गुरु प्रखर वक्ता स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती ने हाल ही में अपने प्रवचनों में भारतीय संस्कृति अध्यात्म और आधुनिक जीवन के विविध पहलुओं को ओशो की दृष्टि से परिभाषित किया। शैलेंद्र सरस्वती ने परंपरागत मान्यताओं को चुनौती देते हुए कहा कि ध्यान प्रेम विवाह धर्म चेतना के गहरे रहस्यों को आमजनमास के समक्ष रखा है। जब प्रेम ध्यान से जुड़ जाता है तो विवाह का दिव्य रूप बनता है लेकिन जब विवाह केवल सामाजिक समझौता रह जाता है तो वह बोझ बन जाता है।ओशो की दृष्टि से विवाह बंधन नहीं बल्कि दो स्वतंत्र आत्माओं की सहमति का उत्सव है।सरस्वती ने कहा कि विवाह को यदि ध्यान से जोड़ा जाय तो यह परमात्मा की ओर एक यात्रा बन सकती है अन्यथा जेल की कोठरी समान है।पारंपरिक विवाह प्रथा में लड़कियों को उनकी इच्छा के विरुद्ध विवाह बंधन में बांध दिया जाता है। यह बंधन आत्मा के विरुद्ध है।ओशो की दृष्टि से प्रेम कोई समझौता नहीं है।बल्कि उर्ध्वगामी ऊर्जा है जो व्यक्ति को उसके भीतर छिपे ब्रम्ह से जोड़ती है। सरस्वती ने स्पष्ट किया कि हमारे जीवन में जो वासना और आकर्षण है वो प्रेम का आधार बन सकता है किंतु वहीं ऊर्जा जब ध्यान के माध्यम से ऊपर उठती है तो वह परम प्रेम का रूप ले लेती है। जैसे कमल का फूल कीचड़ से ऊपर उठता है।



## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर-9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# रानीवाड़ा में झंडारोहण के साथ सात दिवसीय आपेश्वर पशु मेला सेवाड़िया का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता







**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के आपेश्वर पशु मेला सेवाडिया का मंगलवार सुबह मुख्य अतिथियो ने झंडारोहण एंव बेलो कि पुजा के साथ सात दिवसीय मेले का शुभारंभ किया गया। समारोह मे रानीवाड़ा प्रधान राघवेंद्रसिंह देवड़ा, उप प्रधान महादेवाराम देवासी एंव मेला अधिकारी हेमलता बिश्नोई,उपखण्ड अधिकारी सुनिलकुमार,बडगांव रावत मानवेन्द्रसिंह देवड़ा, पुलिस उप अधीक्षक भवानीसिंह इन्दा सहित सभी अधिकारीयो कि मौजुदगी मे मेले का शुभारम्भ किया गया। मंगलवार से शुरू हुआ मेला सात दिन तक चलेगा। अतिथियों ने बैलों की जोड़ी की पूजा कर बैलों के तिलक कर उन्हें गुड़ खिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मोके पर प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवडा ने कहा कि वर्ष 1955 से आज दिन तक हर साल आयोजित होने वाले आपेश्वर मेले में पशुओं की खरीद नस्ल को लेकर व्यापारियों में इस मेले के प्रति विश्वास हैं। जालोर जिले में भरने वाले पशु मेले में यह मेला सबसे बड़ा मेला हैं। मेले में गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रांतों से पशुओं के व्यापारी आते हैं। मेले में आये काकरीज किस्म के बैल, घोडे, ऊंट की अच्छी मांग रहती हैं। रानीवाड़ा क्षेत्र में आने वाले व्यापारियों को सुविधा के साथ यहां के लोगों से मिलने वाले अपनत्व से उनका मन हर साल आने को करता हैं। इस मौके पर तहसीलदार हनवन्तसिंह थानाधिकारी दीपसिंह चोहान,सीबीईओ गजेन्द्रकुमार देवासी,बीसीएमओं गणपतलाल पटेल,सरस डेयरी से डुंगाराम,छोटुसिंह जाखडी, बबीदेवी,वरदाराम माली,परसराम ढाका,भैरूसिंह देवडा,महेन्द्रसिंह कागमाला वालाराम पुरोहित,नागजीराम मेघवाल,ताराचन्द भारद्धाज,अमजद भाई मिस्त्री,होतीराम देवासी, कृष्णकुमार देवासी मारूवाडा, राजुसिंह बडगांव,भवानीसिंह सुरावा सहित सभी विभाग्य अधिकारी मौजूद रहे। वही मेला अधिकारी हेमलता बिश्नोई की ओर एक दिन के पशुओ के लिए हरे चारे की व्यवस्था की गई।

### मेले का इतिहास

आपेश्वर पशु मेले का इतिहास बड़गांव ठिकाने के समय से जुड़ा हुआ है। इसकी शुरुआत 1955 में ठाकुर रावत मालम सिंह की पहल से हुई थी। उस समय यह मेला स्थानीय पशुपालकों के लिए एक छोटे स्तर पर शुरू हुआ था, लेकिन धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई। रानीवाड़ा क्षेत्र की दुग्ध उत्पादन में अग्रणी भूमिका और पशुपालन की मजबूत परंपरा ने इस मेले को राज्य के महत्वपूर्ण पशु मेलों में शामिल कर दिया। यह मेला आपेश्वर महादेव मंदिर के नाम से भी जुड़ा है, जो इस क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल है, और माना जाता है कि मेले का नाम इसी से प्रेरित है। समय के साथ, यह मेला न केवल राजस्थान बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आने वाले पशुपालकों और व्यापारियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन गया। आज यह मेला आधुनिकता और परंपरा के मिश्रण को दर्शाता है, जहां पशुओं की नस्ल सुधार और व्यापार के साथ-साथ ग्रामीण जीवनशैली की झलक देखने को मिलती है।

### मेले की जानकारी

आपेश्वर पशु मेला सेवाडिया में पशुओं की खरीद-फरोख्त के लिए प्रसिद्ध है। यह मेला न केवल पशुपालन से जुड़े लोगों के लिए आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सामुदायिक एकजुटता को भी दर्शाता है। मेले में पशुओं के अलावा, स्थानीय हस्तशिल्प, खान-पान के स्टॉल और पारंपरिक मनोरंजन के आयोजन भी होते हैं, जो इसे एक जीवंत उत्सव बनाते हैं।

## दिशा समिति की बैठक

# कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले फर्मों के विरूद्ध हो नियमानुसार कार्रवाई : चौधरी



▶▶ पूर्ण संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए : जोगेश्वर गर्ग

**जालोर।** जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चैधरी ने कहा कि विभागीय अधिकारी केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाएं तथा जालोर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें। सांसद लुम्बाराम चैधरी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। सांसद लुम्बाराम चैधरी ने जिले में ट्रांसफॉर्मर जलने की समस्या पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि वे वोल्टेज की समस्या का समाधान करने के साथ ही निर्धारित समयसीमा में कृषकों को विद्युत ट्रांसफॉर्मर की उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को नर्मदा परियोजना के विभिन्न प्रोजक्ट्स सहित जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने जेजेएम के तहत प्रगतिरत जीएलआर निर्माण व पाईपलाईन लगवाने आदि अपूर्ण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए निर्धारित समयसीमा में शेष रहे कनेक्शन कार्य पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने भीनमाल रोड़ पर बन रहे आर.ओ.बी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को समस्या से शीघ्र निजात मिल सकें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के मध्यनजर आग लगने की संभावित घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन वाहनों की सुचारू व्यवस्था बनाने रखने की बात कही। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्कूलों-कॉलेजों व अस्पतालों के सामने से गुजरने वाली सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजना के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में उन्हें पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना व लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को किए जा रहे भुगतान की प्रगति के साथ ही जिले में एम्बुलेंस वाहनों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि पूर्ण संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जावें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले में पेयजल व विद्युत व्यवस्था की सुचारू आपूर्ति की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित ने विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# सांचौर में अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस 14 को

**सांचौर।** सांचौर ग्राम पंचायत डूंगरी में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सरपंच प्रतिनिधि प्रतापाराम गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। समारोह 14 अप्रैल 2025 को आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरी में आयोजित किया जाएगा। इंदिरा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की सचिव डॉ. इंदिरा विश्नोई समारोह का पूरा खर्च वहन करेंगी। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी मिली। बैठक में इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. खेताराम विश्नोई और डूंगरी के राशन डीलर मोहन जाखड़ विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा PEEO औगाला आईदान राम, डालूराम डूडी, रामचंद्र हंजावत समेत कई गणमान्य लोगों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। उपस्थित सभी लोगों ने बाबासाहेब के योगदान को याद करते हुए समाज में समानता और शिक्षा का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा।

# नाहर अस्पताल ने अर्पण दिव्यांग स्कूल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** स्थानीय नाहर अस्पताल में सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अर्पण दिव्यांग स्कूल में विशेष बालकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांग बालकों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अक्षय राजपुरोहित, आर्थोपेडिक सर्जन डॉ.मुख्तार अली व ईएनटी सर्जन डॉ.अविनाश शाह द्वारा सेवाएं दी गई। विद्यालय को भेंट सुखराज बी. नाहर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्कूल को एक वाटर कूलर और दो व्हील चेयर भेंट की गईं, जिससे विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि हुई। प्रतिक्रिया और प्रशंसा विद्यालय प्रबंधन ने नाहर अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पूजा नाहर और अजय नाहर के नेतृत्व में नाहर परिवार के सामाजिक योगदान की सराहना की। स्थानीय समुदाय ने भी इस सेवा कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे प्रेरणादायक पहल बताया। नाहर अस्पताल द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 15 को

**जालोर।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 34वीं मासिक बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 15 अप्रेल, मंगलवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान गत बैठक में लिए गए निर्णयों एवं दिशा-निर्देशों, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल की वस्तुस्थिति, नर्मदा परियोजना के तहत स्वीकृत योजनाओं, जेजेएम में पूर्ण योजनाओं एवं एसबीएम-जी2 कार्यों की समीक्षा तथा जेजेएम के कार्य पूर्ण होने के उपरांत गांवों में समस्त पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के संभावित व्यय की समीक्षा सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी।



# भीनमाल में सन टू ह्यूमन का नए दृष्टिकोण वाला शिविर 11 से

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** जीवन में सकारात्मक बदलाव के साथ ही भरपूर खाकर तमाम प्रकार की बीमारियों को दूर करने, बढ़े हुए वजन को संतुलित करने और शरीर, मन तथा चेतना की गहराइयों के प्रति समझ बढ़ाने की टेक्निक वाले सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के तत्वावधान में भीनमाल में 11 अप्रैल से नए दृष्टिकोण वाला शिविर आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय कोठारी कीर्ति स्तंभ परिसर में सुबह - सुबह ढाई घंटे के होने जा रहे इस शिविर में भाग लेने वाले साधकों को ऊर्जावान अदृश्य नाश्ता भी परोसा जाएगा तथा विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से साधकों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। शिविर संयोजक कन्हैयालाल खंडेलवाल ने बताया कि यह रिजल्ट ओरिएंटेड शिविर निशुल्क है, लेकिन भाग लेने के लिए एंट्री कार्ड लेना जरूरी होता है। इस बार सीमित साधकों के लिए ही यह आयोजन रखा गया है।ज्ञात रहे कि पिछले तीन वर्षों से प्रतिवर्ष यहां शिविर आयोजित हो रहे है।जिसमें हजारों लोगो ने भाग लेकर अपनी समझ बढ़ाकर घर पर ऊर्जावान नाश्ते और सम्यक व्यायाम का प्रयोग कर जीवन में बीमारियों,शरीर,मन और चेतना के स्तर पर जबरदस्त बदलाव लाया है।यहां पिछले दो वर्षों से नेहरू पार्क में भी सुबह एक घंटे व्यायाम और साधना का नियमित प्रयोग संचालित हो रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि शुक्रवार से शुरू होने जा रहे इस शिविर के आयोजन को लेकर सन टू ह्यूमन के कन्हैयालाल खंडेलवाल, ठेकेदार अशोक मेहता,नारायण जांगिड़,जोगाराम चौधरी,भरत शर्मा,डॉ हिम्मत शर्मा,रमेश अग्रवाल, बाबूलाल सोलंकी,सुमित बाहेती, पूर्व नपा उपाध्यक्ष जयरूपराम माली,भाजपा नेता किशोर सांखला,दिनेश भाटी,संदीप देसाई, रमेश परिहार, दौलत मेहता, सुरेश अग्रवाल, विवेकानंद बिस्सा,हरिराम विश्नोई,हनुमान शर्मा,नवरतन अग्रवाल,जीवाराम विश्नोई,गोपाल बालोत,सांवलाराम सेन,कैलाश माहेश्वरी,कमलेश माहेश्वरी व अशोक धारीवाल आदि डोर टू डोर संपर्क और अन्य सभी व्यवस्थाओं को अंजाम दे रहे है।

# जिला बहाली की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना 101 वें दिन भी जारी रहा, ग्रामीण बोले जिला बहाल करो

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना 101 वें दिन भी जारी रहा, जिसको स्थानीय ग्रामीणो का लगातार समर्थन मिल रहा है, वहीं प्रत्येक दिन अलग- अलग ग्राम ग्राम पंचायत के ग्रामीणो द्वारा धरने को समर्थन दिया जा रहा है, होथी गांव के ग्रामीणो द्वारा समर्थन दिया गया , इस दौरान ग्रामीणो ने धरने में आरोप लगाते हुए कहा कि जिला छतीस कौम के विकास के लिये होता है, ऐसे में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को इसकी पैरवी करनी चाहिये, किन्तु चुने हुए कुछ जनप्रतिनिधी रूचित नहीं दिखा रहे है, जो जनता के साथ धोखा है, ग्रामीणो ने तीन माह से चलने वाले धरने को ओर तेज करने की बात कही वहीं जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियो से धरने में शामिल नहीं होने पर नाराजगी जताई, उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि जिले का सबसे बड़ा फायदा आमजनता को मिल रहा था, जिसमें गरीब लोग आसानी से न्याय तक पहुंच रहे थे, किन्तु सरकार ने गलत निर्णय लेकर सांचौर की जनता के साथ अन्याय किया है, उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक जिला बाहल नहीं होगा आंदोलन तेज होगा, जिला बाहली को लेकर संघर्ष को तेज करने की चेतावनी दी, इस दौरान एडीएम को सीएम के नाम सौपे ज्ञापन में बताा कि जिला बाहली को लेकर एडीएम को मुखयमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा, ज्ञापन में बताया कि सांचौर की जालोर से 145 किमी दूरी है, वहीं अंतिम गांव रणखार से ढाई सौ किमी दूरी है,

सांचौर के अंतिम गांवो से जालोर मुख्यालय के सीधी बस सेवा भी नहीं है, ऐसे में आवश्यक कार्य के लिये लोगो को जालोर आवाजाही के लिये भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, ज्ञापन में बताया कि साचौर जिला सभी मापदंडो को पूरा करता है फिर भी बिना कोई ठोस कारण के जिला खत्म कर दिया गया, जो ठीक बात नहीं है, उन्होने सांचौर जिले को जनता के हित में जिला बाहल करने की मांग की , इस अवसर भीमाराम चौधरी, परवगताराम कोली, प्रखाराम कोली, हरिराम कोली, मानाराम, प्रतापा राम, भोमाराम, गोवदाराम, गिरधारीलाल, पारसाराम, मसराराम हंसाराम, छगनाराम, प्रेमाराम, कलाराम रावताराम, नानजीराम, रावता राम, अर्जुनराम, जसवंतसिंह, मसराराम होथिगाँव, नगसिंह राजपूत किलवा, प्रतापदान चारण, जयसिंह चारण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

# अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन

**जालोर।** राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 9 अप्रेल, बुधवार को प्रातः 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जानकारी दी।

# सांचौर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई असली के नाम पर नकली बॉयो डीजल बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ 30 हजार लीटर जब्त



**सांचौर।** सांचौर पुलिस ने मिलावटी बॉयोडीजल के अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा करते हुए करीब 30 हजार लीटर नकली बॉयोडीजल जब्त किया है, यह कार्रवाई प्रशिक्षु आईपीएस कांबले शरण गोपीनाथ के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने इस गिरोह को पहले से ही रडार पर ले रखा था, अवैध बायोडीजल को लेकर जब पुलिस कार्यवाही को अंजाम दे रही थी, जब पुलिस कार्रवाई की भनक लगी तो आरोपी मौके से भूमिगत हो गए और कुछ समय तक ठिकाने बंद रखे, लेकिन जैसे ही उन्होंने दोबारा बॉयोडीजल बेचना शुरू किया, तो पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कारोला और माखुपुरा सरहद पर दबिश देकर दो ठिकानों से भारी मात्रा में मिलावटी बॉयोडीजल जब्त किया, इन टैंकों में नकली बॉयोडीजल असली के नाम पर बेचा जा रहा था, जिससे उपभोक्ताओं को धोखा दिया जा रहा था और साथ ही वाहनों को नुकसान पहुंचाया जा रहा था, जालोर से पहुंची रसद विभाग की टीम ने भी इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, पुलिस के अनुसार यह गोरखधंधा लंबे समय से चल रहा था, और अब इस पूरे नेटवर्क की परतें खोली जा रही हैं। जल्द ही मास्टरमाइंड और अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी की संभावना है।

### ▶▶ इनका कहना है

बायोडीजल को छुपाने के लिये गुप्त ठिकाने बना रखे थे, जहां पर बिना बिल, बिना स्टॉक रजिस्टर के बायोडीजल रखा जा रहा था, जो बिना मापदंड होने से मिलावटी के रूप में अवैध रूप से बेचा जा रहा था, जिसके सैंपल भी लिये गये है, कार्यवाही फिल्हाल जारी है, माखुपुरा में 20 हजार से ज्यादा बायो होने की संभावना है, जिसका नाप किया जा रहा है, वहीं करोला फांटा पर 10 हजार लीटर जब्त हुआ है ।

# कोषाधिकारी देरावर सिंह राठौड़ ने नवचयनित ?

**जैसलमेर।** निदेशक कोष एवं लेखा विभाग जयपुर के आदेशानुसार जैसलमेर जिले के 59 नवचयनित कनिष्ठ लेखाकारों को जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थापित किया गया। आदेश के क्रम में कोषाधिकारी देरावरसिंह राठौड़ ने कनिष्ठ लेखाकार प्रेमसिंह, महेन्द्र कुमार, देरावरसिंह व प्रीतम देवपाल को कोष कार्यालय जैसलमेर में पदभार ग्रहण करवाया। कोषाधिकारी ने समस्त कनिष्ठ लेखाकारों को पदस्थापन की शुभकामनाएं देते हुए विभागीय कार्यों को पूर्ण सत्यनिष्ठा से करने के लिए प्रेरणा दी।

# जालोर में पत्थर का अवैध-खनन रोकने की मांग



**जालोर।** जालोर जिले के जसवतंपुरा उपखण्ड के कोटकास्तान, मोदरान रामसीन व भीनमाल उपखण्ड क्षेत्र के नासोली, बोरटा सहित दर्जनों गांवों में पत्थर का खनन चल रहा है। इसे रोकने की मांग को लेकर मंगलवार को जालोर एसपी ज्ञानचंद्र यादव को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया- कोटकास्तान, मोदरान रामसीन व भीनमाल उपखण्ड क्षेत्र के नासोली, बोरटा गांवों में कई माइंस चल रही हैं। ग्रेनाइट माइंस से केवल ब्लॉक ही ले जाए सकते हैं, लेकिन यहां से छोटे पत्थर और वेस्टेज को ट्रैक्टर में भरकर अवैध परिवहन किया जा रहा है। दिन दहाड़े खुले आम 300 से 700 रुपए की फर्जी रसीदों के जरिए इन्हें बेचा जा रहा है और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। रोजाना 300 से अधिक ट्रैक्टर अवैध खनन में लगे हैं। कई जगह माइंस नहीं हैं, फिर भी खनन किया जा रहा है। माइनिंग एरिया से निकलने वाले पत्थर को बिना रवन्ना के बेचा जा रहा है। खनिज माफिया अपने स्तर पर ही फर्जी टोकन देकर 300 से 700 रुपए वसूल रहें हैं।

# भाजपा के स्थापना सप्ताह पर भीनमाल में जिला बैठक आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**भीनमाल।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना सप्ताह पर जिला बैठक का आयोजन मुख्य वक्ता दशरथसिंह शेखावत संभाग प्रभारी भाजपा स्थापना दिवस व जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं रानीवाड़ा के पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल की मौजूदगी में हुआ। सर्व प्रथम मां भारती, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छवि के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर वंदेमातरम गायन किया व संभाग प्रभारी का साफा व दुप्पटे से भाजपा जालौर जिलाध्यक्ष द्वारा स्वागत किया। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का साफा व दुप्पटे से नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी ने स्वागत किया व पूर्व विधायक रानीवाड़ा नारायण सिंह देवल का साफा व दुप्पटे से विधानसभा संयोजक पिराराम गोरसिया ने स्वागत किया एवं जिला सहसंयोजक गणपतसिंह बगेडिया का साफा व दुप्पटे से स्वागत नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका भीनमाल प्रवीण एम दवे द्वारा किया गया इस बैठक में भाजपा जालौर जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनहित व सेवा की भावना से कार्य करता है एवं भाजपा के वट वृक्ष की जड़ें डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं उस वट वृक्ष का तना पं दिनदयाल उपाध्याय जिन्होंने अंत्योदय को अपना लक्ष्य बनाकर कार्य किया भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह के संभाग प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं कि पार्टी है यहां प्रत्येक सक्रिय कार्यकर्ता को दिन मे आठ घंटे पार्टी हेतु समर्पित करते है यह सप्ताह स्वच्छता अभियान, सक्रिय कार्यकर्ताओं कि बैठक इत्यादि बहुत से पार्टी द्वारा कार्यक्रमो को करना है पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल ने बताया कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटाई व ऐसे कई जनहित के मुद्दों को लेकर काम किया। मंच का संचालन पूर्व जिला महामंत्री मुकेश खण्डेलवाल ने किया। इस अवसर भाजपा जालौर जिले मंडल अध्यक्ष,संयोजक, सहसंयोजक वरिष्ठ कार्यकर्ता जनप्रतिनिधिगण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



# 15 लाख कीमत का डोडा पोस्त बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**भीनमाल।** स्थानीय पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से करीब 15 लाख मूल्य का 99 डोडा पोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। दूसरे की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में जिलेभर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम के लिए संचालित अभियान के तहत सोमवार रात्रि को मुखबिर की सूचना पर एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जालौर व भीनमाल वृत में नाकाबंदी की गई।इस दौरान एक सफेद कलर की स्विफ्ट कर रामसीन पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी तोड़कर भीनमाल की तरफ निकल गई। भीनमाल पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित के निर्देशन व थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व में नाकाबंदी के दौरान सरहद गजीपुरा में सफेद कलर की स्विफ्ट कार नंबर जीजे-23/बीडी 8702 को रुकवाकर तलाशी लेने पर नौ कट्टो व एक बोरे में भरा 99 किलो डोडा पोस्त पाया गया।



मध्य रेल
भुसावल मंडल
निविदा सूचना संख्या बीएसएल-एसएनटी-सी-एस-2025-26-01 दिनांक 06-04-2025 (खुली ई-निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, ऊप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनियर (निर्माण), मध्य रेल, भुसावल द्वारा डिजिटली हस्ताक्षरित ऑन लाइन खुली ई-निविदाएँ पात्र निविदाकर्ताओं से निम्न लिखित कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा सूचना सं. - बीएसएल-एसएनटी-सी-एस-2025-26-01 दिनांक 06-04-2025. कार्य का नाम - मध्य रेल के भुसावल मंडल पर मनमाड इगतपुरी खंड के बीच आरओबी/आरयुबी के प्रावधान के लिए 09 (नौ) समपार फाटक के संबंध में सिगनल और दूरसंचार उपयोगिता को स्थानांतरित करना और बोरविहिर न्यू धुले-नरडाना नई लाइन के पूरे खंड के संबंध में ट्रेंचिंग, बिछाने, जोड़ने, OFC स्प्लायसिंग और 4/6 क्वाड केबल्स जोडना, यात्री सुविधाएं आदि की आपूर्ति, स्थापना, परिक्षण और कमीशन का कार्य करना। कार्य की अनुमानित लागत - रु. 9,10,67,932.21/- (रु. नौ करोड़ दस लाख सड़सठ हजार नौ सौ बत्तीस और एकीस पैसे मात्र), निविदा फार्म/बुकलेट की किमत - र. 0.00/-, बयाना राशि - रु. 6,05,300/- (रु. छह लाख पाच हजार तीन सौ मात्र), कार्य पूरा करने की अवधी - एलओए जारी होने की तारीख से 11 महीने (ग्यारह महीने)। मानसून अवधि सहित। निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि - दिनांक: 06-04-2025, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय - दिनांक 28-04-2025 के 15:00 बजे तक। निविदा बंद करने की तिथि और समय - दिनांक 28-04-2025 के 15:30 बजे, वेबसाइट का विवरण जहा से निविदा सूचना के बारे में पूर्ण जानकारी आप प्राप्त कर सकते है। - www.ireps.gov.in
ऊप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनियर (निर्माण)
SUN 04
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## सुविचार

लोग तो आते जाते रहेंगे। आप अपने काम में एक बार सफलता तो प्राप्त करिए।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## बर्क से पूछताछ

संभल हिंसा में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क से मंगलवार को एसआईटी ने थाने बुलाकर तीन घंटे तकत पूछताछ की। इस दौरान उनसे दर्जनों सवाल दागे गए। नवंबर में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें चार लोगों की जान चली गई थी। पुलिस ने सांसद जियार्रहमान बर्क के खिलाफ भी इसी मामले में एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने आरोप था कि बर्क ने भड़काऊ बयान दिया था। हालांकि हिंसा वाले दिन बर्क शहर में नहीं थे। पिछलो दिनों बर्क के घर पूछताछ के लिए पुलिस टीम पहुंची थी। सांसद के मौजूद नहीं होने पर नोटिस घर पर मौजूद लोगों को रिसीव कराई थी। नोटिस के बाद ही सांसद बर्क नखासा कोतवाली पहुंचे। उनके साथ सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुलेमान खान भी मौजूद रहे। दिल्ली से मंगलवार सुबह संभल पहुंचे सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने नखासा कोतवाली पहुंचने से पहले अपने आवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि मेरी तबियत ठीक नहीं है, लेकिन मैं देश का जिम्मेदार नागरिक और जन प्रतिनिधि हूं। कानून का सम्मान करता हूं और जांच में पूरा सहयोग करूंगा। वह 11 बजे नखासा कोतवाली पहुंचे। थाने के बाहर उनके समर्थन में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की मौजूदगी से यह साफ झलका कि सांसद को स्थानीय बार और कानूनी बिरादरी का भी समर्थन है। संभल हिंसा में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क से मंगलवार को एसआईटी ने थाने बुलाकर तीन घंटे तकत पूछताछ की। इस दौरान उनसे दर्जनों सवाल दागे गए। नवंबर में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें चार लोगों की जान चली गई थी। पुलिस ने सांसद जियार्रहमान बर्क के खिलाफ भी इसी मामले में एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने आरोप था कि बर्क ने भड़काऊ बयान दिया था। हालांकि हिंसा वाले दिन बर्क शहर में नहीं थे। पिछलो दिनों बर्क के घर पूछताछ के लिए पुलिस टीम पहुंची थी। थाने के अंदर बर्क से तीन घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ चली। करीब ढाई बजे थाने से बाहर आए बर्क ने कहा कि जांच अभी जारी है। मुझसे जो सवाल पूछे गए, सभी का जवाब दिया है। हालांकि उन्होंने सवालों के बारे में बताने से इनकार कर दिया। इतना कहा कि जांच की प्रक्रिया चल रही है हम पूरा सहयोग कर रहे हैं। बर्क से ठीक पहले जामा मस्जिद के सदर जफर अली से पूछताछ हुई थी और उन्हें गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का आरोप है कि उन्होंने भी बर्क को लेकर कुछ आरोप लगाए हैं। उन आरोपों की भी बारीकी से पड़ताल की जा रही है, ताकि निष्पक्ष व पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जा सके।

### शेयर बाजारों को रास नहीं आ रहे

# हकीम ट्रंप के टैरिफ नुस्खे..!!



**नौशाबा परवीन**

समीक्षक जिम क्रेमर की चेतावनी काले सोमवार की थी, जैसा कि 1987 में देखने को मिला था, जब डाऊ जोंस 22.6 प्रतिशत गिर गया था। हालांकि इस सोमवार (7 अप्रैल 2025) को उस काले सोमवार का पूर्णतः पुनरावर्तन तो न हुआ, लेकिन टोक्यो से लंदन और न्यूयॉर्क से मुंबई तक स्टॉक बाज़ार जिस तरह से धड़ाम होकर गिरे, वह कम डरावना नहीं था। अपना सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3 प्रतिशत गिरकर बंद हुए,लेकिन हेंगसेंग 13.2 प्रतिशत और निक्कई लगभग 8 प्रतिशत बाजार पूंजीकरण खोया। यूरोपीय स्टॉक्स और अमेरिकी फ्यूचर्स का हाल भी बुरा रहा। नीम-हकीम खतरा-ए-जान होता है, यह बचपन से सुनते आए थे, अब देख भी रहे हैं। 'हकीम' ट्रंप ने 2 अप्रैल 2025 को अपनी 'टैरिफ 'दवा' दी थी और तभी से बेचारा स्टॉक बाज़ार ठीक होने की बजाय और बीमार होता जा रहा है।

इमेज

इसके बावजूद 'हकीम' इससे भी ज्यादा कड़वी दवा देने की ज़िद लगाए हुए है। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने चीन को धमकी दी है कि अगर उसने सभी अमेरिकी आयात पर 34 प्रतिशत जवाबी ड्यूटी को वापस न लिया तो वह अतिरिक्त 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप के इस जुए से उनके समर्थक अरबपतियों में भी घबराहट व बेचैनी है, जिस कारण अब वे मागा टैरिफ ट्रेन से नीचे कूद रहे हैं और 'आर्थिक परमाणु जाड़े' की भविष्यवाणी कर रहे हैं क्योंकि ट्रंप जिस ग्लोबल ट्रेड व कॉमर्स को 'पुनः व्यवस्थित' करने का दावा कर रहे हैं, वह ही पटरी से उतरती जा रही है। सोने के दाम भी गिर रहे हैं जो इस बात का संकेत है कि निवेशक इस सुरक्षित एसेट को भी बेच रहे हैं ताकि अन्य निवेशों में हो रहे नुकसान की भरपाई कर सकें। सोमवार (7 अप्रैल) को भारत में सोने के दाम 1900रुपए कम हुए और सेंसेक्स 2227 पॉइंट्स गिरा, जोकि 24 फरवरी 2022 के बाद से अधिकतम है, जब सेंसेक्स 2702 पॉइंट्स गिरा था। इससे साफ़ है कि 'हकीम' ट्रंप का न केवल नुस्खा काम नहीं कर रहा, बल्कि साबित हो रहा है कि यह किसी काम का नहीं है । लेकिन जिद यह है कि वह इसे बदलने के लिए कतई तैयार नहीं हैं, बावजूद इसके कि अन्य सरकारें विकल्प तलाश कर रहीं है और अमेरिका से इतर व्यापार समझौते भी कर रही हैं। इस व्यापार युद्ध के चलते अब चीन की ही तरह यूरोपीय संघ भी जवाबी टैरिफ लगाने जा रहा है और उसने उन उत्पादों की सूची तैयार की है जिन पर वह टैरिफ लगाएगा। बहरहाल, टैरिफ युद्ध में भारत ने अलग रुख अपनाया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार युद्ध के लिए चीन की 'अनुचित व्यापार नीतियों' का दोषी ठहराया है, जोकि कम दामों में निर्माण और सस्ती गुड्स पर आधारित है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो से बात की है और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को जल्द पूरा करने के महत्व पर बल दिया है। चीन व कुछ अन्यों की तरह भारत ने अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाया है



बल्कि उसके साथ व्यापार समझौता करने का विकल्प चुना है। दरअसल, ट्रंप चाहते हैं कि उसे उनके कार्यकाल (4 वर्ष) की छोटी अवधि में हासिल नहीं किया जा सकता। उनके टैरिफ से जो अनिश्चितता उत्पन्न हुई है, वह बाज़ारों को गहरी चोट पहुंचा रही है। किसी को नहीं मालूम है कि मांग व विकास का क्या होगा या यह सिलसिला कितने लम्बे समय तक चलेगा। हालांकि अमेरिका के वाणिज्य सचिव होवार्ड लुटनिक ने कहा है कि 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ 'दिनों व सप्ताहों' तक जारी रहेगा, लेकिन ट्रंप का कहना है कि ओवरॉल टैरिफ- जो वियतनाम के लिए 46 प्रतिशत, कम्बोडिया के लिए 49 प्रतिशत और चीन के लिए प्रभावी तौरपर 54 प्रतिशत है – उस समय तक रहेगा जब तक अमेरिका का व्यापार घाटा लुप्त नहीं हो जाता। तकनीकी दृष्टि से इसका अर्थ यह है कि यह टैरिफ हमेशा रहेगा क्योंकि गरीब देश जैसे लेसोथो – जिस पर 'असंतुलित' टेक्सटाइल व डायमंड निर्यात के लिए 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है – तो अमेरिकी निर्मित गुड्स खरीद ही नहीं सकता। चीन द्वारा अमेरिकी गुड्स पर जवाबी 34 प्रतिशत टैरिफ ने बाज़ारों को अतिरिक्त बेचैन कर दिया है। तो शीत युद्ध एक बार फिर से लौट आया है, लेकिन परमाणु हथियारों के साथ नहीं बल्कि टैरिफ बमों के साथ। चूंकि अमेरिकी स्टॉक्स भी ढलान पर हैं इसलिए ट्रंप के समर्थक जैसे अरबपति निवेशक बिल एकमैन – जो व्यक्तिगत तौरपर 9 बिलियन डॉलर के मालिक हैं – भी चिंतित हैं कि टैरिफ से 'आत्मघाती आर्थिक परमाणु जाड़े' आ सकते हैं। जब कुछ सप्ताह या महीनों बाद टैरिफ की वास्तविक मार महसूस होने लगेगी तब बाज़ार का असल हाल मालूम होगा कि वह कितना नीचे पहुंच गया है। लेकिन बात सिर्फ़ स्टॉक दामों की नहीं है। बाज़ार जब नीचे जाता है तो आमतौर से अमेरिका में मंदी आती है और दोनों निवेशक बैंक गोल्डमैन सैक्स व जेपी मॉर्गन ने कुछ दिन पहले मंदी आशंकाओं की पुनः समीक्षा की। गोल्डमैन सैक्स का अनुमान अमेरिका में 35 प्रतिशत मंदी का है और उसके बड़े प्रतिद्वंदी जेपी मॉर्गन की भविष्यवाणी है कि इस साल ग्लोबल मंदी 60 प्रतिशत हो सकती है। जेपी मॉर्गन के सीईओ जैमी डिमोन ने 7 अप्रैल 2025 को अपने शेयरहोल्डर्स को जारी किए गए वार्षिक पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर मंदी नहीं भी आती है तो भी टैरिफ 'विकास को धीमा कर देगा'। अनुमान यह है कि अधिकतर देश व्यापार समझौते कर लेंगे और टैरिफ का प्रभाव कुछ माह में कम हो जाएगा। वाइट हाउस का दावा है कि अब तक 50 से अधिक देश उससे संपर्क कर चुके हैं'। लेकिन चीन झुकने को तैयार नहीं है और कोई भी जटिल उत्पाद चीनी पुर्जों के बिना बनाना असंभव है, इसलिए अमेरिका व चीन के टैरिफ का दर्द पूरी दुनिया में महसूस किया जाएगा। इसलिए मंद पड़ते भारत को जल्दी से दोस्ताना व्यापार समझौते कर लेने चाहिए ताकि अनिश्चितता पर विराम लगे। लेकिन यह कमज़ोर वर्गों जैसे किसानों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। यह सही है कि बहुत कम समय में ट्रंप ने भारत सहित 50 से अधिक देशों को मजबूर कर दिया है कि वह वार्ता मेज़ पर आकार व्यापार समझौता करें, लेकिन इनमें से कुछ को ही यकीन है कि ट्रंप का अचानक गुस्सा फूटना बंद हो जाएगा। वित्तीय बाज़ारों में जो उलझन व अनिश्चितता है, वह टीम ट्रंप के आर्थिक उद्देश्यों में निरंतरता के अभाव के कारण है। वह चाहते हैं कि अमेरिका का व्यापार घाटा कम हो जाए – इसमें कोई बुराई नहीं है और व्यापार फासले को कम करने की मदद में डॉलर मुलायम हो जाए, लेकिन वह साथ ही यह भी चाहते हैं कि डॉलर विश्व की रिज़र्व करेंसी में अपने मक़ाम को बनाए भी रखे। इन दोनों को संतुलित करना कठिन है।

## पंचांग

बुधवार, 9 अप्रैल 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - द्वादशी 22.56 तक
- वार - बुधवार
- नक्षत्र - मघा 09.58 तक
- योग - गंड 18.26 तक
- करण - बव 10.02 तक
- सूर्योदय - 06.27 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.52 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.25 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.00 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - सिंह
- अभिजित् मुहूर्त - नहीं
- राहु काल - 12.40 से 14.13
- व्रत, त्यौहार -वामन द्वादशी, विष्णु दमनोत्सव, व्यतिपात महापात 18.40 से 23.02
- दिशा शूल - उत्तर

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## प्रदोष के दिन बेलपत्र के पेड़ की पूजा का विशेष महत्व

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का बहुत अधिक महत्व माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, प्रदोष व्रत जातक के जीवन के सभी प्रकार के दोषों को दूर कर सुख-शांति लाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विधान है। सभी विधि-विधान से पूजा कर उन्हें श्रृंगार सामग्री अर्पित की जाती है। किन्तु इन सभी सामग्रियों के बीच भगवान शिव को अति प्रिय बेलपत्र चढ़ाना बहुत विशेष महत्व रखता है क्योंकि भोलनाथ को बेल अतिप्रिय माना गया है। इसके बिन उनकी हर पूजा अधूरी मानी जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है और उनके भाग्य में वृद्धि होती है। इसके साथ ही ज्योतिषशास्त्र के अनुसार माना जाता है कि अगर प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करने के साथ-साथ अगर बेलपत्र की पूजा की जाए तो कुंडली में मौजूद ग्रहदोषों से भी शांति मिलती है और बेलपत्र की पूजा करने से शुभ परिणाम भी मिल सकते हैं।

प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करने के पश्चात स्वच्छ वस्त्र पहनकर व्रत का संकल्प लें और फिर पूजा स्थान पर साफ-सफाई करें और बेलपत्र के पेड़ के नीचे भी सफाई करें। फिर घर के मंदिर में भोलेनाथ की पूजा करने के बाद बेलपत्र के पेड़ के नीचे पूजा करें। बेलपत्र के पेड़ की पूजा करने के लिए जल का कलश, चंदन, रोली, चावल, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य लाएं और फिर बेलपत्र के पेड़ के सामने पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठ जाएं और फिर सबसे पहले गणेश जी का ध्यान करते हुए उन्हें प्रणाम करें। इसके बाद बेलपत्र के पेड़ की जड़ में जल अर्पित करें, फिर पेड़ के तने पर चंदन या रोली का तिलक करें और नियमानुसार चावल व फूल अर्पित करें। फिर बेलपत्र के पेड़ के नीचे बैठकर भगवान शिव के मंत्रों का जाप करें, जैसे ओम नमः शिवाय या महामृत्युंजल मंत्र का जाप करें। अंत में पूजा समापन करते हुए बेलपत्र के पड़ की परिक्रमा करें और आरती करें।

## तारीख विशेष

### राहुल सांकृत्यायन

महापंडित राहुल सांकृत्यायन को हिंदी यात्रा साहित्य का जनक माना जाता है। वे एक प्रतिष्ठित बहुभाषाविद थे और 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में उन्होंने यात्रा वृतांत तथा विश्व-दर्शन के क्षेत्र में साहित्यिक योगदान किए। बौद्ध धर्म पर उनका शोध हिंदी साहित्य में युगान्तरकारी माना जाता है, जिसके लिए उन्होंने तिब्बत से लेकर श्रीलंका तक भ्रमण किया था। राहुल सांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल, 1893 को पंदहा ग्राम, ज़िला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। उनके पिता का नाम गोवर्धन पांडे और माता का नाम कुलवन्ती था। इनके चार भाई और एक बहन थी, परन्तु बहन का देहान्त बाल्यावस्था में ही हो गया था। भाइयों में ज्येष्ठ राहुल ही थे। पितृकुल से मिला हुआ उनका नाम 'केदारनाथ पांडे' था। सन् 1930 ई. में लंका में बौद्ध होने पर उनका नाम 'राहुल' पड़ा। बौद्ध होने के पूर्व राहुल 'दामोदर स्वामी' के नाम से भी पुकारे जाते थे। 'राहुल' नाम के आगे 'सांकृत्यायन' इसलिए लगा कि पितृकुल सांकृत्य गोत्रीय है। एक कर्मयोगी योद्धा की तरह राहुल सांकृत्यायन ने बिहार के किसान-आंदोलन में भी प्रमुख भूमिका निभाई। सन् 1940 के दौरान किसान-आंदोलन के सिलसिले में उन्हें एक वर्ष की जेल हुई तो देवली कैम्प के इस जेल-प्रवास के दौरान उन्होंने 'दर्शन-दिग्दर्शन' ग्रन्थ की रचना कर डाली। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के पश्चात् जेल से निकलने पर किसान आंदोलन के उस समय के शीर्ष नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक पत्र 'हुंकार' का उन्हें सम्पादक बनाया गया। ब्रिटिश सरकार ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाते हुए गैर कांग्रेसी पत्र-पत्रिकाओं में चार अंकों हेतु 'गुंडों से लड़िए' शीर्षक से एक विज्ञापन जारी किया। इसमें एक व्यक्ति गांधी टोपी व जवाहर बंडी पहने आग लगाता हुआ दिखाया गया था। राहुल सांकृत्यायन ने इस विज्ञापन को छापने से इन्कार कर दिया पर विज्ञापन की मोटी धनराशि देखकर स्वामी सहजानंद ने इसे छापने पर जोर दिया। अन्ततः राहुल ने अपने को पत्रिका के सम्पादन से ही अलग कर लिया। इसी प्रकार सन् 1940 में 'बिहार प्रान्तीय किसान सभा' के अध्यक्ष रूप में जमींदारों के आतंक की परवाह किए बिना वे किसान सत्याग्रहियों के साथ खेतों में उतर हंसिया लेकर गन्ना काटने लगे।

### नदियों के किनारे लगने वाले

# बैसाख मेलों की छीजती संस्कृति..!!

**धीरज बसाक**

भारत में सदियों से जीवन जीने का ढंग महज भौतिक नहीं रहा यानी खाने पीने और जिंदा रहने तक ही सीमित नहीं रहा। हमारे यहां जीवन प्रकृति, मौसम, धर्म और संस्कृति के खूबसूरत तालमेल का हिस्सा रहा है। यही वजह है कि प्राचीनकाल में हमारे यहां कोई भी मौसम आपदा या परेशानी का सबब नहीं था, उल्टे सभी मौसम अपनी अपनी तरह के उल्लास का स्रोत रहे हैं। क्योंकि हमारे यहां रोजमर्रा की जिंदगी में, हर मौसम के साथ दोस्ती करने, उसके साथ जीवंत तालमेल बनाने की बकायदा ट्रेनिंग होती रही है, उसकी तैयारी होती रही है, जिसे हम अप्रत्यक्ष रूप से धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में जानते रहे हैं। हम हर मौसम का उसके आने के पहले अपनी ऐसी ही धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिये स्वागत करते रहे हैं। उसके साथ तालमेल बिठाते रहे हैं, इस कारण हमारे यहां परंपराओं के नाम पर हर मौसम के अनुकूल उल्लास की चुनी और बुनी हुई गतिविधियां मौजूद रही हैं। यही वजह है कि बसंत ऋतु को विदा देने वाले और घनघोर गर्मियों की तरफ कदम बढाने वाले बैसाख माह में सदियों से हमारे यहां नदियों के किनारे बकायदा उल्लासभरे सांस्कृतिक मेले लगते रहे हैं।

परंपरा की खानापूर्ति के लिए ये मेले आज भी लगते हैं, लेकिन इनमें अब वह स्वतः शामिल उल्लास नहीं रहा। अब इन परंपरा को ढोने वाले मेलों में वह जीवंतता, लोगों की वह चुंबकीय भागीदारी नहीं बची, जो इन्हें उल्लास का कारक बनाती है। बहरहाल आज भी बैसाख महीने में भारत की सभी बड़ी नदियों के किनारे किसी न किसी रूप में ये बैसाख मेले लगते हैं, जो हमें किसी हद तक हमारी धार्मिक आस्था, कृषि पर्व, और लोक-संस्कृति से जोड़ते हैं। तो आइये इन बैसाख मेलों की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं पर एक नजर डालते हैं।

1-हरिद्वार, प्रयाग और काशी के बैसाख मेले

स्थान- हरिद्वार में हर की पैड़ी और सप्तऋषि घाट,
प्रयागराज में संगम के किनारे और वाराणसी में वृंदावन [घाट] गांव के किनारे।

गंगा नदी हमेशा से हमारी सनातन आस्था और संस्कृति के केंद्र में रही है। इसके किनारे बसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक शहरों हरिद्वार, प्रयागराज और काशी या वाराणसी में हर साल बैसाख माह में सदियों से मेले लगते रहे हैं। आज भी प्रतीक रूप में बचे इन मेलों में लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इनकी प्रमुख गतिविधियों में गंगा आरती, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य होता है। इस दौरान यहां संतों के प्रवचन और वैदिक अनुष्ठान होते हैं। वाराणसी में विशेष तौरपर क्षेत्रीय हस्तशिल्प, खानपान, और पारंपरिक वस्त्रों के स्टॉल लगते हैं। यहां मेला मुख्य रूप से पंचकोशी परिक्रमा मार्ग पर स्थित वृंदावन गांव में लगता है, जो वाराणसी शहर से लगभग 10-12 किलोमीटर की दूरी पर है। मान्यता है कि बैसाख माह में यहां यानी वृंदावन सरोवर [घाट] में स्नान करने से सारे पापों का नाश हो जाता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। यहां बैसाख मेले में स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकगीत, नाटक, और भजन-कीर्तन किए जाते हैं। इससे यह एक सांस्कृतिक उत्सव बन जाता है। इस मेले में आए लोग न सिर्फ पूजा-पाठ करते हैं बल्कि मेल-जोल और खरीदारी भी खूब होती है। मेले में सैकड़ों दुकानें लगती हैं, जहां बच्चों के खिलौनों से लेकर मिठाइयां तक सब कुछ बिकती हैं।

2. पंजाब के बैसाखी मेले

स्थान-आनंदपुर सहिब (रोपड़) और हरमिंदर साहिब (अमृतसर)

बैसाखी का पर्व, सिख और पंजाबी समुदाय के लिए कई वजहों से बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे यह फसल कटाई का त्योहार माना जाता है, लेकिन इसी दिन सन 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए पंजाब में यह पवित्र पर्व नदियों और सरोवरों के किनारे लगने वाले मेलों के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन और लंगर होता है। लोग खुशी व्यक्त करने के लिए पारंपरिक भंगड़ा-गिद्धा नृत्य करते हैं। स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) और आनंदपुर साहिब में भव्य आयोजन होते हैं। हालांकि स्वर्ण मंदिर सीधे किसी नदी किनारे स्थित नहीं है। इसके कुछ किलोमीटर दूर कालीबेई और रावी नदी बहती हैं जबकि आनंदपुर साहिब सतलुज की सहायक नदी सिरसा के तट पर स्थित है, जहां बैसाख मेले की खूब रौनक सजती है। बैसाखी का दिन रबी फसल (गेहूं) की कटाई के बाद किसानों के लिए खुशियों का अवसर होता है। किसान नई फसल का उत्सव मनाते हैं, भांगड़ा-गिद्धा नृत्य करते हैं और मेलों में पारंपरिक गीतों का आनंद लेते हैं। स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) और आनंदपुर साहिब (रूपनगर) में भव्य आयोजन होते हैं।

3 यमुना नदी पर मथुरा-वृंदावन के बैसाख मेले

स्थानः विश्राम घाट, मथुरा कोशी घाट, वृंदावन

यहां बैसाख मेलों में भगवान कृष्ण से जुड़ी कथाओं का मंचन और झांकी निकाली जाती हैं। लोग यमुना पर स्नान करते हैं और विशेष पूजा अर्चना करते हैं। रासलीला और भजन संध्या का आयोजन होता है।

4. गोदावरी नदी पर नासिक का बैसाख मेला

स्थान- रामकुंड, नासिक

बैसाखी का यह स्नान मेला नासिक के पंचवटी क्षेत्र में आयोजित होता है। रामायण से जुड़ी मान्यताओं के कारण श्रद्धालु यहां दूर दूर से स्नान करने आते हैं। इस पूरे दिन यहां महाराष्ट्र की लोकसंस्कृति के साथ-साथ भजन और कीर्तन का आयोजन होता है।

5. नर्मदा तट के बैसाख मेले

स्थानः नर्मदा उद्गम स्थल, अमरकंटक और होशंगाबाद

बैसाखी के दिन यहां श्रद्धालु पवित्र नर्मदा नदी में स्नान और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। बड़े पैमाने पर इस स्नान के लिए यहां देशभर से साधु-संत आते हैं। शाम को खूबसूरत नर्मदा नदी की आरती होती है। अमरकंटक के अलावा होशंगाबाद के सेठानी घाट पर भी बैसाखी मेला लगता है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। मेले में पारंपरिक खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।



## गीता सार

**यदा हि नेंद्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते।**
**सर्वसङ्कल्पसन्न्यासी योगारूढ़स्तदोच्यते॥**

**भावार्थ :**
जब मनुष्य सभी सांसारिक इच्छाओं का त्याग करके, न तो शारीरिक सुख के लिये कार्य करता है, और न ही फ़ल की इच्छा से कार्य में प्रवृत होता है, उस समय वह मनुष्य योग मे स्थित कहलाता है।

## बोले तो...



नागपुर में मेरी पत्नी सोनाली, उसकी बहन और भांजा सड़क हादसे का शिकार हुए थे। हादसे से एक मिनट पहले मेरी पत्नी के कहने पर उनकी बहन ने सीट बेल्ट लगाई। कुछ ही देर बाद हादसा हो गया। सीट बेल्ट लगाने की वजह से उनकी जान बच गई। सीट बेल्ट नहीं तो आपका परिवार नहीं।

**-सोनू सूद**



मैं हमेशा महिलाओं की सुरक्षा के पक्ष में रहा हूं। मैंने निर्भया योजना जैसे कई कार्यक्रम लागू किए हैं। दूसरे राज्यों की तुलना में हमने निर्भया फंड पर ज्यादा खर्च किया है और केंद्र सरकार के साथ मिलकर इसे लागू किया है। मैं किसी दिन महिलाओं की सुरक्षा के कामों को साझा करना चाहूंगा।'

**-जी परमेश्वर**



हम सबका दायित्व है कि इस देश को प्रदेश को हमें उन्नति के रास्ते पर चलाना है। मैं कहूंगी कि ये भेड़िये ही हैं, जिनके चंगुल से हमें अपने प्रदेश को निकालना है।"

**-कंगना रनौत**

## बाल कथा

# सच्चे और झूठे दोस्त

**विजयपाल सिंह 'बालमन'**

बात बहुत पुरानी है– एक जंगल में अलग अलग प्रकार के जानवर रहते थे। उनमें एक छोटा सा हिरण भी था। उसका नाम सगीना था। सगीना बहुत मेहनती, ईमानदार, परोपकारी और मिलनसार था। उसने अपने इलाके को हराभरा किया हुआ था, जहां सुंदर घास उगती और पेड़ों पर अच्छे फल आते। सगीना जंगल में सबका ख्याल रखता। अगर कोई जानवर बीमार पड़ जाता तो वह उसका हालचाल मालूम करने के लिए उसके पास जाता। वह उसके लिए जंगल से जड़ी-बूटी तलाश करके लाता ताकि उसका इलाज हो सके। सगीना की इस अच्छी आदत को जंगल में हर कोई पसंद करता था।

एक बार यह हुआ कि सगीना को तेज़ बुखार आ गया। वह मुश्किल से ही चल पा रहा था। वह एक जगह बैठ गया। उसने ख़ुद कुछ जड़ी बूटियों का सेवन किया। लेकिन इनसे उसका बुखार उतरने का नाम ही नहीं ले रहा था। बुखार से ज्यादा सगीना को इस बात का दुःख था कि कोई उसके पास उसका हालचाल मालूम करने के लिए नहीं आया।

एक सुबह सगीना ने देखा कि दूसरे जंगल के दो हिरण उसके इलाके में घास चर रहे हैं। वह धीरे धीरे चलते हुए उनके पास पहुंचा। उसे देखते ही दोनों हिरण बोले, "कैसे हो सगीना? हमें मालूम हुआ कि तुम बीमार हो इसलिए तुम्हारा हालचाल जानने के लिए यहां चले आए।"

सगीना यह सुनकर खुश हुआ कि कोई तो है जो उसकी तबियत मालूम करना चाहता है। उसने वैसे ही दोनों हिरण से कह दिया कि वह ठीक है और उनसे पेट भरकर घास व फल खाने के लिए कहता हुआ अपने आराम करने की जगह पर चला गया। उसके जाते ही एक हिरण दूसरे हिरण से बोला, "हमें इसकी बीमारी से क्या लेना देना। हमें तो बस अच्छी घास व फल खाने हैं। सामने आ गया तो हाल मालूम कर लिया।" दूसरे हिरण ने इस बात पर अपनी सहमति व्यक्त की।

दोनों हिरण पेट-पूजा करने के बाद अपने इलाके में लौट गए और वहां जाकर उन्होंने अन्य हिरणों को सगीना के क्षेत्र में स्वादिष्ट घास व मीठे फलों के बारे में बताया। यह सुनकर हिरणों की टोली सगीना के इलाके में घुस आई और देखते ही देखते सारी घास व सभी फल चट कर लिए। सगीना अपने चमन को उजड़ता हुआ देखता रहा। वह अपनी बीमारी की वजह से कुछ न कर सका।

इस घटना के अगले दिन भोलू भालू सगीना के पास आया और उससे बोला, "दोस्त, यह जड़ीबूटी मैं बहुत दूर से लाया हूं, इसलिए मुझे तुम्हारे पास आने में देर हो गई। लो, इसे खा लो, तुम जल्द ठीक हो जाओगे।"

सगीना ने जड़ी बूटी खा लिया। वह ठीक होने लगा। भोलू ने उससे कहा, "तुम चिंता मत करो। हम दोनों मिलकर तुम्हारे इलाके को फिर से हराभरा व फलदार कर देंगे। मैं तुम्हारे इलाके की भी रक्षा करूंगा ताकि कोई झूठा व दिखावटी दोस्त तुम्हें धोखा न दे सके।" भोलू सगीना का सच्चा दोस्त था।

## पाठक पाती

### हिंसक होते कुत्तों का इलाज करना अब जरूरी

'पहली रोटी कुत्ते को' वाली कहावत शास्त्रोक्त है तो मूक जीवदया का एक सुंदर उदाहरण भी। घरों की दहलीज पर बैठने वाले कुत्तों को आज भी लोग कुछ ना कुछ डालकर परंपरा को निभाते हैं लेकिन अब वे भी वफादार नहीं रहे। नवजात से लेकर बुजुर्गों पर श्वान हिंसा की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक है। देशभर में कुत्तों के काटने के बड़ी संख्या में प्रतिदिन समाचार आते हैं। समय पर उचित इलाज के अभाव में कई मोंते भी हो चुकी है। हाल ही में आंध्रप्रदेश में आवारा कुत्ते के हमले में एक चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। कुत्तों के हिंसक होते समाज में आज भय पनपना स्वाभाविक ही है। स्कूल जाते, बच्चे राहगीर और देर रात घरों को लौटाने वाले लोगों के चेहरे की रंगत कुत्तों के भोंकते ही उड़ते देखी जा सकती है। आवारा कुत्तों के बढ़ते कुनबे और जानलेवा हमलों से सुरक्षा जरूरी है। प्रशासन द्वारा इन्हें पकड़ कर दुसरी जगह छोड़ने की बजाय पशु जन्म नियंत्रण के लिए नसबंदी और टीकाकरण जैसे कार्यक्रम प्रभावी उपाय हैं।

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# जिले में अवैध खनन की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास कर अधिकारी करें तत्परता से कार्रवाई : जिला कलेक्टर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में अवैध खनन रोकने के लिए अब खनन विभाग के साथ पुलिस, परिवहन, राजस्व और वन विभाग के अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर सख्त कार्रवाई करेंगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन निर्गमन पर चौकस निगरानी रखकर निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महत्वपूर्ण निर्गमन स्थानों पर चेक पॉइंट्स स्थापित करें। उन्होंने खान विभाग को गैर-वन क्षेत्र में कार्रवाई करने, वन विभाग को वन क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और खातेदारी भूमि के अवैध खनन गतिविधियों में उपयोग पाए जाने पर राजस्व विभाग को कड़ी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि सिवायचक, चारागाह एवं वन भूमि से किसी भी स्थिति में अवैध खनन न हो। जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी इस समन्वित प्रयास को गंभीरता से लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहें। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने पुलिस अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग करने और अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध खनन को रोकने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने और संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, खनन अभियंता, सभी उपखण्ड अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गिग श्रमिकों को आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ देने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

**धौलपुर।** गिग श्रमिकों को आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ देने के लिए उनका ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए कार्यालय जिला श्रम कल्याण अधिकारी द्वारा 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिला श्रम कल्याण अधिकारी हसीना बानो ने बताया कि 9 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक अमेजन डिलीवरी सर्विस मिडवे होटल के पास कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक, 11 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक शेडो फेक्स टेक्नोलोजी प्रा.लि. बलिराम विहार कॉलोनी राजाखेड़ा बाईपास कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक, 12 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक देहलीवरी लॉजिस्टिक ओंड़ेला रोड़ कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक, 15 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक लकी रेस्टोरेंट एंड होटल एबी रोड़ कैम्प प्रभारी संजीव गुप्ता सूचना सहायक, 16 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक फ्लिप कार्ट लॉजिस्टिक एसपी निवास के पास कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक तथा 17 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक आर्शीवाद होटल मित्तल कॉलोनी कैम्प प्रभारी विमल प्रताप सिंह श्रम निरीक्षक होंगे।

# सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के अन्तर्गत विशेष सुपोषण दिवस की हुई शुरूआत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े की नरपुरा में विशेष सुपोषण दिवस आयोजित कर विधिवत शुरुआत की । इस अवसर पर विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि अप्रेल 2025 में 8 अप्रेल से 22 अप्रेल तक पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन के समन्वय से विभिन्न विभागों का सहयोग लेते हुए जिला, ब्लॉक और आंगनबाड़ी केंद्र स्तर तक गतिविधि आयोजित की जाएंगी। इस पखवाड़े में 8 अप्रेल को विशेष सुपोषण दिवस, 9 को गृह भ्रमण, 10 को माता और बच्चों की वजन निगरानी, स्वस्थ शिशु स्पर्धा, 11 और 12 अप्रेल को कुपोषण प्रबंधन अभियान, 14 व 15 को सुपोषित पंचायतों में आहार विविधता पर कार्यक्रम,16 को केंद्रों व विद्यालय में पोषण जागरूकता सत्र, 17 को पोषण वेबिनार, 18 को पोषण ट्रेकर पर पंजीयन मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, 19 को मीडिया जागरूकता, 21 को पोषण संवाद व 22 को समापन समारोह का आयोजन कर जन आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने बताया कि पोषण पखवाड़ा सरकार का महत्वपूर्ण आयोजन है। इस आयोजन की वास्तविक सफलता समुदाय की जागरूकता में है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित दिवसवार गतिविधियों में भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर वार्ड पंच रामविलास कुशवाह, महिला पर्यवेक्षक ममता जैन, इंदु सक्सेना, अंकुर शर्मा, सविता कुशवाहा व नरपुरा क्षेत्र की माताएं उपस्थित रहीं।

# न्यूज़ ब्रीफ

## महिला मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी कर नेचर पार्क से विभागीय परिसर तक महिला मार्च किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने हरी झंडी दिखाकर मार्च को रवाना किया गया। इस कार्यक्रम की थीम जीवन के प्रथम 1000 दिवसों पर ध्यान केन्द्रित करना के साथ महिला मार्च नेचर पार्क से कार्यालय परिसर तक निकाला गया। कार्यालय परिसर में सभी को पोषण पखवाडा के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने के लिए शपथ दिलवाई गई। इस दौरान उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. नरेन्द्र शेखावत, बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवराज सिंह समस्त अधीनस्थ कर्मचारी, महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी व राजीविका की महिला कार्मिक आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक राजा दक्ष की कथा का वर्णन प्रस्तुत किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राम मन्दिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक बाल संत भोले बाबा ने राजा दक्ष की कथा का वर्णन प्रस्तुत किया। कथावाचक बाल संत भोले बाबा ने बताया कि हमें बिना आमतंत्र पर नहीं जाना चाहिए। जिसमें चाहे महिला का पीहर ही क्यों ना हो। जैसे माता राजा दक्ष के बिना आमतंत्र के यज्ञ में गई और अपने पति के अपमान के कारण कैसे माता ने अपना देह त्याग दिया। इस अवसर पर कथा के आयोजक रामेशचन्द्र इंदौरिया ने बताया कि कथा में सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रावण कर रहे है। कथा में महिला व पुरूष मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रेल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर पूर्व में आवेदन की अंतिम दिनांक 10 अप्रैल रखी गई थी लेकिन 10 अप्रैल को राजकीय अवकाश होने के कारण आवेदन की अंतिम दिनांक 15 अप्रैल की गई है। संबंधित सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन 15 अप्रैल शाम 5 बजे तक लिए जाएंगे।

## प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 के लिए नियंत्रण कक्ष गठित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन 12 अप्रैल (शनिवार) को दो पारियों में प्रात: 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं अपरान्ह 03 बजे से साय 05 बजे तक किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रहरी भर्ती परीक्षा 2024 के सुचारू, निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन, पर्यवेक्षण व निगरानी, नकल तथा अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनो की रोकथाम के अध्युपाय अधिनियम 2022 एवं आयोग द्वारा जारी अन्य परीक्षा संबंधी नियमों अधिनियमों का परीक्षा के दौरान प्रभावी कियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला मुख्यालय पर विविध जानकारी के लिए नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अवल्ल रहे विद्यार्थियों व फैकल्टी सदस्यों को प्राचार्य डॉ. महेश मोहनलाल पुकार ने प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में विजय फैकल्टी सदस्यों की टीम एवं विद्यार्थियों की रनरअप टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य महेश मोहनलाल पुकार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने साप्ताहिक कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साप्ताहिक कार्यक्रम में बास्केटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं में फैकल्टी के साथ साथ विद्यार्थियों ने हिस्सा लेते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. बीएल नायक, डॉ. इकराम हुसैन, राजकीय डीबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, डॉ.रमाकान्त वर्मा, डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. अजीत गढ़वाल, अभिमन्यु तिवाड़ी सहित डॉक्टर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन 27 को

## पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक डॉ. शिखा मील व सरपंचों ने किया पोस्टर का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** शिक्षा जगत में अग्रणी भूमिका निभा रहे सारांश कैरियर इंस्टीट्यूट द्वारा आगामी 27 अप्रैल 2025, रविवार को राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा S-SAT 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभा खोज परीक्षा के पोस्टर का विमोचन पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक डॉ शिखा मिल बराला, अनन्तपुरा जैतपुरा सरपंच मदन लाल तोडावता एवं ग्राम जैतपुरा सरपंच सुरेश गुलियां द्वारा किया गया। आपको बता दे कि परीक्षा का समय सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक ऑफलाइन मोड में संस्थान परिसर मे ही आयोजित की जाएगी। परीक्षा का केंद्र सारांश कैरियर इंस्टीट्यूट कैंपस, चौमूं ही रहेगा। गौरतलब है कि पिछले 23 वर्षों से छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्यरत यह संस्थान NEET, JEE, FOUNDATION °ß´ PRE-FOUNDATION कोर्सेस में मार्गदर्शन देता आ रहा है। इस परीक्षा का उद्देश्य राज्य भर के मेधावी छात्रों की प्रतिभा को निखारना एवं उन्हें उच्च शिक्षा के लिए सहयोग प्रदान करना है। परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शानदार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार: मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार: लैपटॉप, तृतीय पुरस्कार:= साइकिल एवं 4 रेंक से 10वीं रैंक तक: 90 प्रतिशत छात्रवृत्ति + मेडल, 11रेंक से 20वीं रैंक तक: 70 प्रतिशत छात्रवृत्ति + मेडल, 21 रेंक से 50वीं रैंक तक: 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति + मेडल, 51रेंक से 100वीं रैंक तक: 30 प्रतिशत छात्रवृत्ति + मेडल एवं सभी प्रतिभागियों को : प्रमाण पत्र एवं कम से कम 10त्न छात्रवृत्ति दी जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया सरल और नि:शुल्क है। छात्र अपना नाम, पिता का नाम, पता एवं विद्यालय का नाम व्हाट्सएप नंबर 9950931286 पर भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इच्छुक छात्र पोस्टर में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं। संस्थान द्वारा परीक्षा के दिन सभी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे दूरदराज़ के छात्र भी आसानी से परीक्षा में भाग ले सकें।

# विधिक साक्षरता क्लब की शुरुआत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में मंगलवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार स्कूली विद्यार्थियों में विधिक जागृति के लिए विधिक साक्षरता क्लब का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश डॉ शरद व्यास का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। डॉ व्यास ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू द्वारा जिले के न्यायक्षेत्र के 5 विद्यालयों में विधिक साक्षरता क्लब खोल दिए गए हैं। कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि इस माह की 28 तारीख को विधिक जागरुकता से संबंधित अन्तर्विद्यालयी निबंध, पोस्टर-पेंटिंग, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। विजय कुमार माथुर,सांवर मल सैनी, रमेश कुमार,सीमा शर्मा, भावना,चन्दा सैनी को क्लब का पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट प्रकाश वर्मा, प्रियंका सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# फुलेरा रेलवे स्टेशन को मिला विकास का तोहफा, लगेंगे 6 एस्केलेटर, यात्रियों ने ली राहत की सांस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** फुलेरा रेलवे स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। लंबे समय से चल रही मांग के बाद अब स्टेशन पर 06 एस्केलेटर लगाने की स्वीकृति मिल गई है। खासकर बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं के लिए यह खबर किसी सौगात से कम नहीं है। गौरतलब है कि अमृत भारत योजना के तहत फुलेरा स्टेशन का तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है, लेकिन रेल ओवर ब्रिज की ऊंचाई यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। रोजाना हजारों यात्रियों को चढ़ने-उतरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्मल कुमावत ने 17 मार्च 2025 को जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेन्द्र सिंह को एक मांग पत्र सौंपा। तत्पश्चात सांसद ने 20 मार्च को तत्काल रेल विभाग को पत्र भेजते हुए इस आवश्यक सुविधा की ओर ध्यान आकर्षित किया। रेल प्रशासन ने इस पर सकारात्मक कदम उठाते हुए फुलेरा स्टेशन पर 06 एस्केलेटर लगाने की मंजूरी दे दी है। इससे यात्रियों की सुविधा में क्रांतिकारी सुधार आने की उम्मीद है। इस बड़ी घोषणा के बाद फुलेरा में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने सांसद राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत और रेल प्रशासन का आभार जताया है।


## इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड

IPGL नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्रम सं. | पद का नाम | संगठन का नाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रबंधक (तकनीकी) – 1 पद | IPGL |

शैक्षणिक योग्यता, आयु, पात्रता आदि से संबंधित विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें :

- www.ipgl.co.in
- www.ipa.nic.in
- www.sdclindia.com

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, 2025 है।

प्रबंध निदेशक

CBC 37220/12/0001/2526


# धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना के अन्तर्गत 30 मेगावॉट सोलर पॉवर प्लान्ट के लिए भूमि का किया आवंटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना के अन्तर्गत 30 मेगावॉट सोलर पॉवर प्लान्ट की स्थापना के लिए बाड़ी की ग्राम मौहरी में नि:शुल्क भूमि आवंटन की गई है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि तहसील बाड़ी के ग्राम मौहरी की आ.ख.नं. 726/657 रकबा 86.2105 हैक्टे में से 26.00 हैक्टे. एवं ख.नं. 462 रकबा 12.6843 हैक्टे. में से 9.00 हैक्टे. कुल 35.00 हैक्टे. गै.मु.पहाड़ भूमि नक्शा अनुसार राजस्थान भू राजस्व स्कूलों, कॉलेजो, चिकित्सालयों, धर्मशालाओं, सार्वजनिक उपयोग के अन्य निमार्णाथ बिना कब्जे की सरकारी कृषि भूमि आवंटन नियम 1963 एवं राजस्व ग्रुप-6 विभाग की अधिसूचना के प्रावधानानुसार शर्तो के अध्यधीन जल ससांधन विभाग को धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल पिरयोजना 30 मेगावॉट सोलर प्लांट की स्थापना के लिए नि:शुल्क आवंटित की गई है। उन्होंने बताया कि तहसील सरमथुरा के ग्राम धौंध की आ.ख.नं. 464 रकबा 40.10 हैक्टे. में से 35.00 हैक्टे. किस्म गै.मु. पठार भूमि जल संसाधन विभाग को धौलपुर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना 30 मेगावॉट सोलर प्लांट के लिए भूमि के आवंटन को निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि आवंटन भूमि का केवल उसी प्रयोजन में उपयोग किया जाए।

## अग्निवीर भर्ती पंजीकरण के लिये आर्मी पोर्टल 25 अप्रैल 2025 तक रहेगा खुला

**धौलपुर।** अब सेना (अग्निवीर) भर्ती के लिये पंजीकरण बढा कर 25 अप्रैल 2025 तक कर दिया है इच्छुक उम्मीदवार 25 अप्रैल 2025 तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं किसी भी स्पष्टीकरण एवं सहायता के लिये ए0 आर0 ओ0 अलवर से दूरभाष नम्बर 0144-2702169 एवं मेल ई-मेल आई डी aroalwar.vwx@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते है। 01 अक्टुबर 2004 से 01 अप्रैल 2008 जन्मतिथी वाले सारे उम्मीदवार इस चयन प्रक्रिया के योग्य हैं और उम्मीदवार की ई-मेल आई डी और आधार से लिकं मोबाइल नम्बर अनिवार्य है। आईटीआई का बोनस मार्क्स केवल टेकनिकल के लागू होगा। अन्य टेड्रों में इसका बोनस मार्क्स नहीं मिलेगा। इस वर्ष उम्मीदवार अपनी पात्रता के आधार पर किसी भी दो श्रेणियों के लिये आवेदन कर सकते हैं। दो विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों को दो श्रेणियों के फॉर्म अलग-अलग भरने होंगे, अपनी पसंद की श्रेणियों से सर्बधित दो सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होना होगा। श्रेणियों की प्राथमिकता उम्मीदवार द्वारा आवेदन चरण के दौरान ही भरी जायेगी। पंजीकरण और परीक्षा प्रक्रिया पर वीडियो और अभ्यास के लिये मॉक टेस्ट जॉइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगें। दलालों और धोखेवाजों के झासों में न आऐं। अधिक जानकारी के लिए www.joinindian-army.nic.in पर जाए।

# वार्ड परिसीमन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**चूरू।** रतननगर में चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर की अध्यक्षता में रतननगर पार्षद के साथ रतननगर नगर पालिका के वार्ड परिसीमन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्ष असलम खोखर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर ने कहा कि अगर प्रषासन ने सरकारी गाइडलाइन और नियमों के अनुसार परिसीमन किया है, तो कोई आपत्ति नही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पार्षद एवं प्रत्याषी अपने अपने वार्ड के लोगों से जानकारी लेंगे यदि नियमों के विरूद्ध परिसीमन किया गया है तो वे इसका विरोध कर आपत्ति दर्ज करवाई जायेगी। इस दौरान सुरेन्द्र धन्ड, शरीफ गौरी, पूनम जांगिड, सुरेष गहलोत, पूर्णाराम, जगनाराम, मकसूद खां, रमजान कुरेषी भी मौजूद रहे।


## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 166439 / निविदा सूचना क्र. 01 / व.ले.लि. / 2025-26
दि. 01.04.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **21.04.2025 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम :- कोण्डागांव जिले के विकासखंड कोण्डागांव की भंवरडिंग नदी पर सिरपुर स्टापडेम सह पुलिया का निर्माण कार्य ।**

**अनुमानित लागत :- रू. 782.32 लाख**

(एस.ओ.आर. दिनांक **01.08.2010** से प्रचलित
(यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **08.04.2025** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

हस्ता/-
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोण्डागांव
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G/252600167/9

# समाज के उत्थान व निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण : शर्मा

» राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन

» 370 मातृशक्ति ने लिया संचलन में भाग







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर में मंगलवार को राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन का आयोजन हुआ। जिला कार्यवाहिका श्रीमती चित्रलेखा जोशी ने बताया कि संचलन से पूर्व रामझरोखा में बहनों का एकत्रीकरण हुआ। यहां मुख्य अतिथि साध्वी संतोष एवं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता समिति की प्रांत प्रचारिका सुश्री ऋतु शर्मा ने लक्ष्मीबाई केलकर, द्वितीय आद्य प्रमुख संचालिका सरस्वती ताई आप्टे एवं देवी अष्टभुजा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साध्वी संतोष ने कहा कि आज इन बालिकाओं को देखकर लग रहा है कि समाज की एक नई पौध तैयार हो रही है। संगठन और संस्कार के साथ साथ आध्यात्मिकता का जीवन के महत्व की जानकारी दी। मुख्य वक्ता जोधपुर प्रांत प्रचारिका सुश्री ऋतु शर्मा ने कहा कि समाज के उत्थान व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका तरुणियों व मातृशक्ति की है। संगठन की आवश्यकता के साथ सेविका समिति की कार्यपद्धति का उल्लेख करते हुए शाखाओं के विस्तार और शाखाओं के द्वारा संस्कार और संगठन निर्माण का आव्हान किया। उन्होंने बेटियों को राष्ट्र की नींव बताते हुए नारी तू नारायणी का संदेश दिया। वीरांगनाओं का उदाहरण देते हुए आह्वान किया कि समाज की प्रत्येक तरुणी एवं नारी शक्ति को संगठित, समर्थ, सशक्त एवं सक्षम बनना होगा। ऐसा करके ही हम तेजस्वी राष्ट्र के पुनर्निर्माण में कुछ कदम आगे बढ़ पाएंगे।

## संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो

कार्यक्रम के बाद सिरोही नगर कि मातृशक्ति ने श्वेत गणवेश में लयबद्ध कदमताल करते हुए घोष के वादन के साथ संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो के भाव के साथ पथ संचलन आरंभ किया। वातावरण में घोष की ध्वनि के साथ जैसे जैसे पथ संचलन मार्ग पर आगे बढ़ता रहा पूरे मार्ग में कदम-कदम पर लोगों ने पुष्प वर्षा एवं भारत माता की जय के साथ बहनों का स्वागत किया। पथ संचलन में भगवा ध्वज लेकर ध्वज वाहिनी व दो घोष गण व दण्डवाहिनी के साथ छः वाहिनियों में अलग अलग आयू वर्ग की तरूणी बहनें एवं महिलाए शामिल थी। एक ही वेशभूषा में कदमताल करती हाथ में ध्वज थामे सधे कदमों से पंथ संचलन करती निकली तो हर कोई देखता रह गया।

## यहां से गुजरा संचलन

रामझरोखा मैदान से प्रारम्भ हुआ संचलन वीर भगवान चौक, नीलमणी चौक, आर्य समाज रोड, एनसीसी सर्कल, बग्गीखाना, सुनारवाडा, गणेश बावडी, सदर बाजार, सरजावाव दरवाजा, बस स्टेण्ड, कल्पतरू होटल के पास से भाटकड़ा विद्यालय होते हुए रामझरोखा मेदान पहुंच कर संपन्न हुआ। करीब तीन किलोमीटर वाले मार्ग पर 370 मातृशक्ति ने पथ संचलन में भाग लिया। कार्य म में समस्त जिला कार्यकारिणी एवं विभाग कार्यकारिणी उपस्थिति रही।

# वीर भगवान का वार्षिकोत्सव कल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** वीर भगवान मंदिर मेला कमेटी की ओर से गुरुवार को डाबाजोड़ सरला टेड स्थित वीर भगवान का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष छोगाराम माली ने बताया कि शाम को मेले का शुभारंभ होगा। महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। महाप्रसादी के लाभार्थी कोकूदेवी पत्नी भुबाराम माली भाटकड़ा रहे। इसके बाद भजन संध्सा का आयोजन होगा। जिसमें संत कन्हैयालाल, रेखा परमार, झांकी सम्राट भरत प्रजापत, मंगल जादूगर और हास्य कलाकार जगिया पिंटिया, पिंटू जालोरी प्रस्तुति देंगे। प्रभारी भुबाराम माली, सह प्रभारी पूर्व सभापति ताराराम माली, संरक्षक छगनलाल माली, संरक्षक बदाराम सेन, उपाध्यक्ष मगनलाल मीणा, सचिव देवाराम माली, शैलेश माली, मंसाराम माली, गेनाराम माली, दीपा लखवानी, दीपक माली को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# वालोरिया में हुई लूट का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** जिला पुलिस के विशेष अभियान के तहत रोहिड़ा पुलिस ने वालोरिया में हुई लूट का पर्दाफाश कर चार जनों को गिरफ्तार किया।थानाधिकारी माया पंडित ने बताया कि इन्द्रा कॉलोनी पिण्डवाड़ा निवासी भुपेन्द्रसिंह पुत्र कल्याणसिंह ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह और उसका मित्र अनिल कुमार बाइक पर सवार होकर लोन की किश्त के पैसे एक लाख 390 रुपए बेग में रखकर वालोरिया गांव के सिल्वाफली से जा रहे थे। अचानक सामने से एक युवक मुंह पर पर कपड़ा बांधकर सामने से एक बड़ा पत्थर लेकर मारने को उतारु हो गया। इसी दौरान पीछे से तीन अन्य लोग आए और बैग छीन लिया। इसके अलावा अनिल कुमार का मोबाइल भी लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने टीम का गठन कर तलाश शुरु कर दी। इसके बाद मामले में सिलवाफली वालोरिया निवासी विक्रम कुमार पुत्र जोवनाराम गमेती भील, राहुल पुत्र जोवनाराम गमेती भील, जगदीश कुमार उर्फ दारा पुत्र चुन्नीलाल गमेती भील तथा शिवलाल उर्फ सीवा पुत्र भोमाराम को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में थानाधिकारी माया पंडित, सहायक उप निरीक्षक छैलसिंह, हैड कांस्टेबल रोहीताश कुमार, कांस्टेबल रामलाल, बजरंगलाल, अमन कुमार, जितेन्द्र कुमार, रमेश कुमार, घनश्याम एवं पुष्पेन्द्रसिंह का सहयोग रहा।

# सरगरा समाज का मेला आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिगवंज।** नीलकंठ पहाडी पर मंगलवार को सरगरा समाज का वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि छत्तीस कौम के संत पोमजी महाराज की पत्नी की एक साल पूर्व हुई निर्मम हत्या का आज तक पुलिस राजफाश नहीं कर पाई है। नरेगा के मजदूरों को चार महिने से उनकी मजदूरी का भुगतान तक नहीं हो रहा है। इससे पूर्व लोढा का सरगरा समाज की ओर से स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर सरगरा समाज के पंच पटेल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# वार्षिकोत्सव 'ज्ञान 2025' का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** कृष्णगंज के वास्तानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव 'ज्ञान 2025' का आयोजन वास्तानेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य महेन्द्र परमार ने बताया कि वार्षिकोत्सव में प्रजापति महाराज, मुख्य अतिथि सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, विशिष्ठ अतिथि श्याम अग्रवाल, मुख्य वक्ता आदर्श शिक्षा समिति के सचिव लकाराम चौधर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्यवक्ता लकाराम चौधरी ने बताया कि विद्या भारती को बाल केन्द्रित शिक्षा होनी चाहिए। भारत में उन्नत शिक्षा व्यवस्था है। जो दिन प्रतिदिन बढ़ती जाती है। आज शिक्षा से संस्कार, राष्ट्रशक्ति एवं अनुशासन जैसे गुण लुप्त हो रहे है। सांसद चौधरी ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय ही संस्कार व देष भक्ति का भाव बच्चों में प्रकृट करती है। वार्षिकोत्सव में घोष, सामूहिक नृत्य, साहसिक प्रदर्शन, योग, एंकाकी, सरस्वती वंदना, शिशु गीत आदि कार्यक्रम हुए। उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही के प्रधानाचार्य राजेश त्रिवेदी, बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य मधुसूदन त्रिवेदी, प्रभारी हरिसिंह सिंदल, कालन्द्री प्रधानाचार्य करणसिंह, रामझरोखा प्रभारी श्रीमती गुडिया, मोहनलाल सुथार, भंवरलाल खण्डेलवाल, रमेश घांची, नरेश कुमार सेन, दीपचंद खण्डेलवाल, योगेश कुमार माली, पुनाराम चौधरी, रुपाराम देवासी, भारमल चौधरी, केशवसिंह, रणछोड देवासी, जगदीश प्रजापत, भावेश सेन, रघुनंदन एवं आचार्य लालाराम आदि उपस्थत रहे।




# माधव विवि में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग और मशीन लर्निंग इन कोचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी गई। अधिष्ठाता डॉ. प्रियन बागची ने लिपिबद्ध भाषा का उपयोग करके रोग का पता लगाना और उपचार करने पर व्याख्यान दिया। कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख संगीतासिंह ने स्वास्थ्य देखभाल में आर्टिफिशियल फिजियोलॉजी एप्लिकेशन के टूल और तकनीक पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी प्रदान की है। विभाग के सह-आचार्य केतन राजपुरोहित, अभिमन्यु, नारायणसिंह, प्रणय, आदि मौजूद थे। माधव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की ओर से हर्षोलास के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के जीवनशैली डॉ. प्रिंस के मुख्य आतिथ्य में व होम्योपैथिक चिकित्सक एवं डॉ प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार बेहेरा के मुख्य आतिथ्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मातृ एवं शिशु शिशु के स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। डॉ. प्रिंस ने बताया कि हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को लेकर अभिप्राय अतिआवश्यक है। डॉ. रोहन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस का शीर्षक 'स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण है। जिसे लेकर विश्वविद्यालय के माधव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चिकित्सक प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से कई सरकारी एवं शहरों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे है। जहां मरीजों को निशुल्क दवा भी वितरित की जाती है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिजीत गिरी, प्रोफेसर डॉ. भानु प्रतापसिंह, एसोसिएटेड प्रोफेसर डॉ. दीपांशु आदि मौजूद थे।

# जो पदाधिकारी का चुनाव लड़ने की मंशा रखता है वो अभी से दायित्व मुक्त हो सकता हैः भंडारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** मारकुण्डेश्वर धाम में मंगलवार को भाजपा पिण्डवाड़ा आबू विधानसभा का सक्रिस सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष डां रक्षा भंडारी अध्यक्षता, विधायक समाराम गरासिया के मुख्य आतिथ्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता जुझारसिंह मुख्य वक्ता, जिला संयोजक व जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष किरण राजपुरोहित का मार्गदर्शन रहा। जिलाध्यक्ष डॉ भंडारी ने सभी मंडल अध्यक्षों को भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम को हर बूथ पर मनाने के निर्देश दिए। संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओ को जोड़ने को कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्तमान में पार्टी के पदाधिकारी चुनाव लड़ने की मंचा रखते है तो अभी से दायित्व मुक्त हों सकते है। विधायक गरासिया ने भी सक्रिय सदस्य को जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की बात कही। पिण्डवाड़ा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष महावीर यति ने भी सम्बोधित किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गीता अग्रवाल, जिला मंत्री अनुराधा जैन, भुवनेश राजपुरोहित, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूर्व प्रधान भंवरलाल मेघवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अमराराम प्रजापत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमेंद्रसिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साबिर कुरेशी, भाजपा झाडोली मंडल अध्यक्ष जितेंद्र देवासी, रोहिड़ा मंडल अध्यक्ष कांतिलाल जनवा, नीतोडा मंडल अध्यक्ष वालकी देवी गरासिया, सरुपगंज मंडल अध्यक्ष अरविंदसिंह, माउंट आबू मंडल अध्यक्ष अक्षय चौहान, पिंडवाड़ा नगर अध्यक्ष संतोष गहलोत, झाड़ोली मंडल पूर्व अध्यक्ष कालूराम माली, पूर्व जिला महामंत्री दुर्गाराम गरासिया, झाडोली मंडल संयोजक हिम्मत रावल, झाड़ोली मंडल महामंत्री कालूराम सेन, राकेश रावल, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य रतनलाल गरासिया, एसटी मोर्चा प्रदेश सदस्य धनाराम मीणा, दिग्विजयसिंह, बलवंत देवासी, शांतिलाल रावल, पंचायत समिति सदस्य रेनू वर्मा, सज्जन कंवर, सुनील आचार्य, नरपतदान चरण, धूलाराम गरासिया, त्रिलोक प्रजापत, हितेश रावल, कमलेश राजगुरु, पूर्व अध्यक्ष लीलाराम प्रजापत, जयंती प्रजापत, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बेबी किट व फल का वितरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** उप जिला चिकित्सालय में महावीर इंटरनेशनल एपेक्स की ओर से दो चरणों में 50 बेबी किट व फल वितरित किए। अवनेश जैन, जितेन्द्र गौड, संजीव जैन, भूपेंद्र सांभरिया, मोहित शर्मा, अस्पताल प्रभारी पीएन गुप्ता,मंजुलता बी, पोपटलाल, प्रदीपसिंह, मंजु कोली व निर्मला उपस्थित थे।

# अभिकर्ता संघ कार्यकारिणी का गठन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** मारकुण्डेश्वर धाम में मंगलवार को डाकघर के अभिकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व सहमति से अभिकर्ता संघ पिंडवाड़ा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष महेंद्रसिंह डाबी, उपाध्यक्ष शिवराज पारीक, सचिव भेराराम गहलोत, सहसचिव रणजीतसिंह, कोषाध्यक्ष मनोहरसिंह, उपकोषाध्यक्ष सुरेश लखारा, संगठन मंत्री, मोहम्मद इरफान, उप संगठन मंत्री शांतिलाल गहलोत, कानून मंत्री राजेंद्रसिंह घड़ियां, मीडिया प्रभारी माधुराम देवासी, संरक्षक रामसेवक, भंवरलाल रावल, नरपतसिंह एवं मुकेश कुमार को नियुक्त किया गया। इसके बाद सभी का सम्मान किया गया। अध्यक्ष डाबी ने संघटन को मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट रहने का आह्वान किया। डाकघर के कर्मचारियों से तालमेल रखकर निवेशकों के जमा एवं भुगतान संबंधित कार्य में सहयोग की अपील की गई ।

# बंद मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, भारी नुकसान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**करोटी।** अनादरा थाने के असावा में मंगलवार सवेरे बंद मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इससे काफी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार परिवार के लोग सवेरे खेत पर काम करने गए थे। इधर बंद मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इससे लोगों मं हडकंप मच गया। लोगों ने पीडित परिवार के लोगों को सूचना दी तथा आग को बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर हैड कांस्टेबल वीरेन्द्र डुडी, डालूराम व गोविन्द कुमार समेत ग्रामीणों ने टैंकरों की सहायता से आग पर पानी डालकर बुझाने के प्रयास किए। आग से पीड़ित परिवार को करीब डेढ से दो लाख का नुकसान हुआ है।



# श्रीराम वाटिका में विराजमान हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

## यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रामलला की प्रतिमा का अनावरण किया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** सोमवार को भगवान श्रीराम स्थानीय श्री राम वाटिका में विराजमान हुए। राजस्थान के नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने एक भव्य समारोह में नगर पालिका द्वारा स्थापित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की अष्ट धातु की 11 फिट की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष हाजन खातून बानो टॉक ने की।इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व चेयरमैन मेहरूनिशा टॉक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजू पारीक, उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल, पुलिस उपाधीक्षक ईश्वर सिंह, अधिशासी अधिकारी बसंत सैनी, थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा, सुनील सिकंदर टॉक, उर्मिला बिजारनीया, वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल भारती अग्रिम पंक्ति में रहे। कार्यक्रम में प्रतिमा का निर्माण करने वाले विख्यात मूर्तिकार महावीर भारती और उर्मिला कुल्हरी विशेष रूप से आमंत्रित थे ।नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दोनों मूर्तिकारों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

**भगवान श्रीराम के जयघोष से गूंजा वातावरण :** जब भगवान राम की प्रतिमा का अनावरण हुआ उस वक्त पूरा वातावरण भगवान श्री राम के जयकारो से गूंज उठा।हजारों लोगों ने भगवान श्रीराम का जयघोष किया। इस अवसर पर शानदार आतिशबाज़ी भी की गई। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया।श्रीराम वाटिका में पूरे विधि विधान और मंत्रोचारण के साथ भगवान श्रीराम की प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस अवसर पर एक भजन संध्या भी आयोजित हुई जिसमे विख्यात भजन गायक छोटू सिंह रावणा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके द्वारा गाये गए 'संगत करो नी निर्मल संत री म्हारी हेली' 'तीन बाण के धारी' और महाराणा प्रताप के भजन पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे । इस अवसर पर राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व चेयरमैन मेहरूनिशा टॉक और पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने मंत्री झाबर सिंह खर्रा का साफा पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा भी अनेक संगठनों ने यूडीएच मंत्री खर्रा का अभिनंदन किया। इसके अलावा मंच पर हाल ही हुए अग्निकांड में राहत देने वाले कार्मिको, दीपावली पर आकर्षक सजावट करने वाले प्रतिष्ठानों, सफाई कार्मिकों और गणगौर सजाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बोलते हुए खर्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम की प्रतिमा पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है इन्होंने कहा कि आज श्रीराम वाटिका में भगवान विराजमान हुए हैं अब वाटिका का अधूरापन समाप्त हो गया है। पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने निरंतर विकास कार्य जारी रहने की बात कही। मेहरूनिशा टॉक ने कार्यक्रम में पधारने पर सभी आंगतुकों का आभार व्यक्त किया टॉक ने कहा कि बिना किसी भेदभाव समान रूप से विकास कार्य जारी रहेंगे। इन्होंने कहा की भगवान राम की प्रतिमा से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा संचारित होगी ।अधिशासी अधिकारी बसंत सैनी ने श्रीराम जी की प्रतिमा की स्थापना में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी संत आश्रम पर भगवा वाहन रैली 11 को

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुरवाटी।** रामपुर के पास स्थित वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी संत आश्रम पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन 11 व 12 अप्रेल को होगा। पीठाधीश्वर सिद्ध पीठ वेंकटेश बालाजी लोहार्गल व वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी रामपुर के स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर त्रिमूर्ति मंदिर रामपुर से श्री वीर दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर संत आश्रम तक भगवा वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर 11 अप्रेल को सुबह 8:15 बजे श्री रामलला व श्री हनुमंत आराधना सुबह 9:15 बजे अखंड संगीतमय श्री रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को ही सुबह 8:15 बजे श्री बालाजी महाराज महाभिषेक सुबह 9:15 बजे रामायण पाठ एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम आयोजित होगा।

# विधायक भांबू ने सूर्या जल मंदिर व पक्षी चुग्गाघर का लोकार्पण किया



**झुंझुनूं।** गांव उत्तरासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्या जल मंदिर व देवस्थान मंदिर के प्रांगण में पक्षी चुग्गाघर का लोकार्पण समारोह किया गया। यह जल मंदिर और चुग्गा घर ठाकुर साहब स्व. जवानसिंह की स्मृति में उनके सुपुत्र पूर्व पंसस भामाशाह गणेशसिंह शेखावत द्वारा बनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू ने मंदिर और घर, दोनों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां ने की। अति विशिष्ट अतिथि सीबीईओ महेंद्र जाखड़, पूर्व सरपंच बाकरा सतीश खीचड़, बगड़ चेयरमैन गोविंदसिंह राठौड़, बालाजी ग्रुप के चेयरमैन कृष्ण गावड़िया, युवा मोर्चा नेता रविंद्र सिंह तोलियासर, कुलोद मंडल अध्यक्ष भाजपा अनुपम जाखड़, बूंटीनाथ आश्रम दोरासर के लखनगिरी महाराज मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरेश कुमार आर्य ने देश भक्ति रागनियां प्रस्तुत की। स्कूल प्राचार्य सभी अतिथियों का अभिवादन किया एवं कार्यक्रम में सुरेश गुर्जर, सूबेदार सवाईसिंह शेखावत, अर्जुनसिंह शेखावत, रामसिंह गुर्जर, करणीराम महला, सुमेर महला, रमेश कुमार सर्वा, बजरंगलाल मीणा, गिरधारी चावड़ा, प्रभातीलाल मीणा, गोपाल मीणा, राजेश मीणा, राधेश्याम पारीक, नरेश भूरिया, सांवरमल सैनी, सुरेंद्रसिंह दोरादास, नत्थूराम ख्यालिया, विद्याधर शर्मा, केशरदेव शर्मा, बाकरा से सुभाष रेप्सवाल, करणीराम खीचड़, महेंद्रसिंह शेखावत, योगेंद्रसिंह शेखावत, उम्मेदसिंह शेखावत, विक्रमसिंह शेखावत, कल्याणसिंह शेखावत, रघुवीरसिंह शेखावत, भंवरसिंह शेखावत, भोलाराम बोयल आदि मौजूद थे।

# अब तारानगर ब्लॉक के विद्यालय ऑनलाइन होंगे : डॉ सुमन जाखड़

## एक ही दिन में बनाई 25 विद्यालय की वेबसाइट



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुमन जाखड़ के मार्गदर्शन में मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर कार्यरत कम्प्यूटर अनुदेशकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक विद्यालय की वेबसाइट का निर्माण एवं उसे प्रभावी रूप से संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना है बैठक में सभी कम्प्यूटर अनुदेशकों को वेबसाइट निर्माण की प्रक्रिया, आवश्यक सामग्री, तकनीकी पक्ष तथा अद्यतन जानकारी अपलोड करने की विधियों पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. जाखड़ ने कम्प्यूटर अनुदेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में विद्यालयों की डिजिटल उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल पारदर्शिता बढेगी, बल्कि अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं समुदाय को भी विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी सरलता से उपलब्ध हो सकेगी। बैठक में कम्प्यूटर अनुदेशक गौरव शर्मा द्वारा वेबसाइट निर्माण हेतु विभिन्न टूल्स एवं प्लेटफॉर्मस की जानकारी दी गई। सभी अनुदेशकों को अभ्यास सत्र में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया, बैठक में एसीबीओचा भागचंद ने बताया कि सभी विद्यालयों की वेबसाइट शीघ्रता से तैयार कर सक्रिय की जाएगी, जिससे शिक्षा विभाग के डिजिटल इंडिया अभियान को और गति मिल सके। कार्यक्रम का संचालन आरपी रामनिवास घेतरवाल ने किया।

# तारानगर नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन संघ के त्रिशूल भाटी अध्यक्ष बने



**सादुलपुर।** तारानगर के नगरपालिका सभागार में अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिँह, चेयरमेन प्रतिनिधि ऊष्मान मलिक एवं प्रांतीय सरंक्षक रिछपाल चौधरी की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारी संघ व राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन शाखा तारानगर की बैठक आयोजित हुई जिसमें कर्मचारियों द्वारा सर्वसहमति से त्रिशूल भाटी संघ के अध्यक्ष चुने गए एवं कृष्ण कुमार भाम्भू को महामंत्री, नौरतमल को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को संयुक्त सचिव, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष, शक्ति सिंह राठौड़ संरक्षक, लक्खू सिंह शेखावत, पवन कुमार सोलंकी सलाहकार, नितेश उपाध्याय सुशील कुमार, संदीप कुमार, प्रेमचंद, लक्ष्मण को सदस्य नियुक्त कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष ने बताया की कर्मचारी की समस्या के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगे एवम समस्या का समाधान होगा। इस मोके पर पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

# फुले अंबेडकर रैली में पहुंचने को लेकर किया जनसंपर्क




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुरवाटी।** माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर 11 अप्रेल को झुंझुनूं में आयोजित होने वाली वाहन रैली में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने के लिए विभिन्न प्रचार एवं प्रसार टीमें गठित की हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को महिला विंग की जिलाध्यक्ष बबली सैनी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसमें संरक्षक सुधा पंवार, प्रचार मंत्री बृजेश देवी आदर्श नगर, बीआरएस स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक पवन जमालपुरिया और विधि सलाहकार एडवोकेट मोतीलाल सैनी शामिल थे। इस टीम ने सत्य शोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फूले और संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित वाहन रैली में लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। टीम ने उदयपुरवाटी क्षेत्र के चूंगी नंबर तीन, यूसीसी क्लासेज, रीजनल गर्ल्स कॉलेज, तहसील परिसर, घाट, शाकंभरी रोड, घूमचक्कर, नांगल ढहर क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान नीलमचंद सैनी, एडवोकेट सुशीला सैनी, रामनिवास चेयरमैन, उदयपुरवाटी कोर्ट बार के अध्यक्ष मेघराज, एडवोकेट क्षवण सैनी, रमेश, एडवोकेट हंसराज कबीर, ममता चौधरी और सर्व समाज ने जनसमर्थन प्रदान किया।

## बाबा साहब की जयंती पर होगा प्रतिभाओं का सम्मान

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के वार्ड 25 में स्थित अंबेडकर भवन में 14 अप्रेल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रतिभाओं का सम्मान होगा। पार्षद राजेंद्र ढेनवाल ने बताया कि 14 अप्रेल को सुबह 11 बजे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी के मुख्य आतिथ्य में मनाएंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य नोडल अधिकारी डॉ. धौलपुरिया व डॉ. सोनी को किया सम्मानित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राज्य में संचालित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. एसएन धौलपुरिया व राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम सोनी को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें प्रदेश में पंचायतों में टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इन दोनों प्रदेश अधिकारियों को यह सम्मान राज्य के समस्त जिलों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रयासों को प्रभावी ढंग से लागू करने और महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल करने के लिए दिया गया है। उनके नेतृत्व में पूरे राजस्थान में तीन हजार से अधिक पंचायते टीबी मुक्त घोषित होने के साथ-साथ प्रदेश मेंटीबी नियंत्रण और रोकथाम के क्षेत्र में सराहनीय प्रगति दर्ज की गई। जो प्रदेश में क्षय उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सम्मान प्राप्त करने के बाद टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. एसएन धौलपुरिया व स्टेट टीबी ऑफिसर डॉ. पुरूषोत्तम सोनी ने कहा कि यह सम्मान प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ के कुशल मार्गदर्शन में किए गए सराहनीय कार्यों का परिणाम है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय समस्त जिलों के सीएमएचओ, डीटीओ व पूरे स्वास्थ्य विभाग की टीम को दिया। उन्होंने कहा कि कि यह सामूहिक प्रयास का ही नतीजा है कि राजस्थान प्रदेश टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर सका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने अभियान से जुड़े समस्त अधिकारी कार्मिकों को बधाई दी। विदित रहे कि डॉ. एसएन धौलपुरिया झुंझुनूं में लंबे समय तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं देकर जिले को अनेक उपलब्धियां दिलवाई है। इसके बाद स्टेट तंबाकू सेल के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अभियानों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहे है।

## डीडवाना शीतलकुण्ड बालाजी के हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी, पं. प्रदीप मिश्रा देंगे प्रवचन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना के सिद्ध धाम श्री शीतल कुण्ड बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया जाएगा। यह मंदिर श्री आदि सिद्ध स्थान नागोरिया मठ डीडवाना की शाखा है। महोत्सव की शुरुआत 10 अप्रैल को सुबह 8 बजे मंदिर परिक्रमा से होगी। पहले दिन हनुमत महायज्ञ, हनुमान सहस्त्रनाम पाठ और महिला भक्ति संगीत का आयोजन होगा। 11 अप्रैल को पंडित प्रदीप मिश्रा का विशेष प्रवचन रहेगा। इसी दिन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन भी होगा। 12 अप्रैल को जन्मोत्सव आरती, गोष्ठी प्रसाद और यज्ञ पूर्णाहुति होगी। शाम को हनुमान जी का भव्य पुष्प बंगला और छप्पन भोग दर्शन का आयोजन किया जाएगा। रात में श्री श्रीनिवास भक्ति संगीत संध्या में इंदौर से आए गोपाल मिश्रा एंड पार्टी भजनों की प्रस्तुति देंगे। नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी श्री विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज का तीनों दिन पावन सानिध्य रहेगा। आयोजकों के अनुसार हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जाएगा और प्रतिदिन हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

# न्यूज ब्रीफ

## मूर्तिकार महावीर भारती और निर्मला कुल्हरी सम्मानित

भगवान श्री राम की अष्ट धातु की प्रतिमा का किया निर्माण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** सोमवार को श्रीराम वाटिका में आयोजित भगवान श्रीराम की प्रतिमा अनावरण समारोह में देश के विख्यात मूर्तिकार महावीर भारती और निर्मला कुल्हरी को सम्मानित किया गया। अनावरण समारोह में नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने प्रतीक चिह्न भेंट कर इनको सम्मानित किया। विदित रहे की भारती शिल्प कला केंद्र जयपुर में मूर्तिकार महावीर भारती और निर्मला कुल्हरी द्वारा ही भगवान श्रीराम की अष्ट धातु की 11 फिट की प्रतिमा का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हाजन खातून बानो टॉक, पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया,राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मेहरूनिशा टॉक और अधिशासी अधिकारी बसंत सैनी उपस्थित रहे। अपने सम्मान पर मूर्तिकार महावीर भारती ने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई भगवान श्रीराम की प्रतिमा का उनकी जन्मभूमि पर स्थापित होना गर्व की बात है। मूर्तिकार महावीर भारती और निर्मला कुल्हरी के सम्मानित होने पर उनके शुभचिंतकों ने ख़ुशी जताई है ।विदित रहे की भारती शिल्प कला केंद्र में निर्मित अनेकों प्रतिमाएं देश भर में स्थापित हुई हैं। इन्होंने अनेक देवी देवताओं, महापुरुषों और राजनीतिज्ञों की प्रतिमाओं का निर्माण किया है जो देश-विदेश में स्थापित हैं ।

## जीडीसी महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 10 व 11 अप्रैल को

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** बहल बीआरसीएम एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित स्थानीय जीडीसी महाविद्यालय बहल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों एवं उपलब्धियों पर आधारित एक दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का विषय 'एडवांसेज इन बेसिक साइंस एंड टेक्नोलॉजी है, जो कि 10 एवं 11 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जाएगा इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी (उप कुलपति, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी) होंगी, जबकि प्रोफेसर एस.पी. खटकड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह सम्मेलन देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र, शोधार्थी, सहायक प्राध्यापक तथा वैज्ञानिकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे एवं विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। सम्मेलन में लगभग 350 से अधिक प्रतिभागियों के सम्मिलित होने की पुष्टि की जा चुकी है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों को साझा करना, नवाचार को बढ़ावा देना एवं शैक्षणिक एवं अनुसंधान जगत के मध्य एक सशक्त संवाद स्थापित करना है। सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर आधारित तकनीकी सत्रों, शोध पत्र प्रस्तुतिकरण एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस.के. सिन्हा ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को अपने ज्ञान के क्षेत्र में विस्तार करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्राप्त होता है यह सम्मेलन न केवल ज्ञानवर्धक होगा, बल्कि प्रतिभागियों को एक नई दिशा देने में भी सहायक सिद्ध होगा।

## सहायक कृषि अधिकारी ने रात्रि चौपाल में किसानों की सुनीं समस्याएं

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में तहसील के सहायक कृषि अधिकारी राजवीर सिंह मितड ने गांव भाकरां में रात्रि चौपाल में किसानों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने फील्ड क्षेत्र के दौरे के दौरान रात्रि सच जनरल स्टोर भाकरां में विश्राम किया एवं अपने ठहराव के दौरान किसानों को उन्नत खाद बीज एवं जिप्सम की जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी मितड ने किसानों को कीटनाशक से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने समय-समय पर मिट्टी पानी की जांच एवं जमीन की उर्वरक शक्ति बनाए रखने के लिए मिट्टी संतुलन बनाए रखने को कहा इस दौरान किसान नेतराम मेहरा बलवान सिंह घणघस दरिया सिंह मिल नरेंद्र सिंह मेहरा मनीराम सांगवान आदि उपस्थित रहे।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी आज जिले के दौरे पर रहेंगे

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग तथा जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी बुधवार को कुचामन आएंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री बुधवार, 9 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे मालपुरा से प्रस्थान कर 5.00 बजे नगर परिषद सभागार कुचामन पहुंचेंगे, जहां वे नागौर एवं डीडवाना-कुचामन जिलों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

## गायों को खिलाया दलिया व हरा चारा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के शाकंभरी रोड पर स्थित गायत्री गौशाला में पूर्व विधायक स्व. रामेश्वरलाल सैनी की धर्मपत्नी नारायणी देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दान पुण्य किया। श्री रामेश्वरलाल सैनी मेमोरियल सेवा संस्थान गौशाला में गायों को दलिया व हरा चारा खिलाया। श्रद्धांजलि में भाजपा नेत्री मीनू सैनी, एडवोकेट केसरदेव सैनी, अनिल योगी, एडवोकेट मेघराज सैनी, सेवानिवृत्ति शिक्षाविद् मोतीलाल सैनी, शीशराम, सीताराम, मुकेश तंवर, डॉ. नवनीत सैनी, गणेश सैनी, सतीश सैनी, रूड़मल, सचिन सैनी आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मण समाज परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाएगा

**झुंझुनूं।** ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी 29 अप्रेल अक्षय तृतीया मंगलवार को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को महोत्सव के रूप में मनाने की तैयारियों को लेकर चूणा चौक पुरोहितों की बगीची में समाज की एक बैठक शिवचरण पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चूणा चौक पार्क में आयोजित होने वाले परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को विप्र समाज के सभी संगठन मिलकर मनाएंगे। जिसमे हिंदू सनातन समाज के सभी वर्ग भाग लेंगे। इसको लेकर आगामी 20 अप्रेल को सायं चार बजे पुरोहितों की बगीची में एक वृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विप्र समाज के सभी संगठनों से चर्चा कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

नगर में शोभायात्रा व शाम को भजन संध्या

# खौड़ खेतलाजी का 31वां वार्षिक मेला 10 व 11 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** खौड़ जूना करणपुरा गांव स्थित श्री खौड़ खेतलाजी का वार्षिक मेला भक्तराज व संरक्षक राजेन्द्र भंडारी व भोपाजी मंछाराम परमार के सानिध्य में 10 व 11 अप्रैल को भरेगा। मेले की आमंत्रण पत्रिका गांव-गांव श्री खौड़ खेतलाजी सेवा संस्थान सदस्यों द्वारा बांटकर मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए भक्तों से आह्वान किया जा रहा है।
संस्थान सदस्यों ने सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का न्यौता दिया।
मीडिया प्रभारी मनोहर परमार ने बताया कि खौड़ खेतलाजी का दो दिवसीय 31वां वार्षिक मेला 10 व 11 अप्रैल को जूना खेड़ा करणपुरा खेतलाजी मंदिर पर भरेगा। अध्यक्ष कूनाराम परमार ने बताया कि पहले दिन 10 अप्रैल को सवेरे वरघोड़े के चढ़ावे, दोपहर को गांव में श्री खौड़ खेतलाजी का वरघोड़ा निकलेगा। वहीं, शाम को भजन संध्या आयोजित होगी।
महामंत्री मोहनलाल परमार ने बताया कि



दूसरे दिन 11 अप्रैल को मंदिर शिखर पर गाजे-बाजे के साथ ध्वजारोहण के साथ मेले का आगाज होगा। जिसमें आस-पास क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण भाग लेंगे। विभिन्न गांवों से गेर भाग लेंगी, जाजम व घड़ी भेंट करेंगे।
संस्था के सचिव प्रेमसुख सुथार ने बताया कि दोपहर में गेर नृत्य होगा। जिसमें विभिन्न गांवों की गेर भाग लेगी। श्री खौड़ खेतलाजी मेले में आने वाली गेरों को श्री खौड़ खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी द्वारा एक बड़ी जाजम व घड़ी भेंट की जाएगी। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, सांसद पीपी चौधरी, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी, सोजत विधायक शोभा चौहान, विशिष्ट अतिथि खौड़ सरपंच दुर्गा दाधीच, रानी प्रधान श्यामकंवर मेड़तिया, जिला परिषद सदस्य दुर्गा चौधरी व पंचायत समिति सदस्य संजू कंवर मेड़तिया मौजूद रहेंगे। आयोजन को लेकर खौड़ खेतलाजी सेवा संस्थान के संरक्षक राजेन्द्र भंडारी, मंछाराम परमार, हरिसिंह मेड़तिया, सुभाष मेहता, विजयराज मेहता, महेन्द्रसिंह मेड़तिया, नेकाराम परमार, पारसमल संचेती सहित अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# नंदीशाला की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार

## ▶▶ पालिका से सहयोग लेने पर चर्चा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र 36 कोम नंदी शाला जाखा नगर की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को नंदी शाला परिसर में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कामधेनु नंदी शाला समिति के सचिव राजेश जोशी ने बताया कि नंदी शाला समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर भाटी की मौजूदगी में की गई। जिसमें नंदी शाला कार्यकारिणी



के विस्तार पर चर्चा हुई एवं वर्तमान कोषाध्यक्ष का स्वास्थ्य सही नहीं होने के कारण कार्यवाहक कोषाध्यक्ष मनोनीत करने पर मंथन किया गया। तत्पश्चात बेसहारा गोवंशों के लिए भामाशाह के सहयोग से सूखा चारा उचित मूल्य पर खरीदने एवं भंडारा करने एवं नगर पालिका से काजी हाउस फंड से सूखे चारा में सहयोग करवाने के साथ शहर में घूम रहें बेसहारा गोवंशों के बारे में विस्तार से चर्चा की। जिसमें तय हुआ कि अगर नगर पालिका प्रशासन काजी हाउस में बेसहारा गोवंशों के लिए सूखे चारे के लिए आर्थिक सहयोग करें तो शहर में भ्रमण करने वाले सभी बेसहारा गोवंशों को नंदी शाला में शिफ्ट किया जा सकता है। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में बाधक पशुधन से राहत मिल सकेगी। वहीं कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष किशोर भाटी, उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, रुपाराम माली, कार्यवाहक कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष सुरेश सिंहल, सह सचिव नैनमल सोनी एवं सदस्य शांतिलाल देवड़ा, पोपट लाल जैन, शिवलाल माली, ओमप्रकाश कुमावत, अशोक पालीवाल, भिखाराम माली, मांगीलाल परमार, जसाराम मेघवाल, पुखराज चौधरी, नटवर रामीणा, विकास अग्रवाल, अशोक माली, शांतिलाल परमार, रवि अग्रवाल आदि का मनोनयन किया गया।

# पालिका ने गार्डन में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**सुमेरपुर।** पक्षियों के लिए नगरपालिका द्वारा परिंडा लगाओं अभियान का आगाज किया गया। पालिका टाउन हॉल के पीछे स्थित मीरा बाई गार्डन में मंगलवार को अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित, स्वास्थ्य निरीक्षक यशवंत परिहार, जेटीए जसवंतसिंह राठौड़ सहित पालिका कर्मियों द्वारा परिंडे लगाकर उसमें पानी भरा गया। अभियान के दौरान शहर में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों, विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, उद्यानों में परिंडा लगाने का कार्य किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि परिंडे लगाने का अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

# सेवाड़ी विवेकानंद आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**बाली।** सेवाड़ी विवेकानंद आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव आज नौ अप्रैल बुधवार को शाम 6.30 बजे से मुख्य अतिथि मदन राठौड़ राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत के आतिथ्य में संपन्न होगा। प्रधानाचार्य हालूराम देवासी ने बताया वार्षिकोत्सव में भारत देश व राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी में सभी आचार्य बंधु भगिनी लगे है। इस मौके पर उत्तम पी जैन, रणजीत सुराणा, अनिल जैन, तुलसाराम चौधरी, सरपंच पिंकी देवी, ओटाराम सहित प्रबंध समिति सदस्य, शिक्षकगण मौजूद रहेंगे।

# विद्यालय में वॉटर कूलर भेंट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**देसूरी।** स्थानीय कस्बे के केरली बास में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वॉटर कूलर भेंट करने पर जूनिधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों का बहुमान किया। विद्यालय संस्था प्रधान रितु गोदारा ने बताया कि भक्तराज स्व.ओकारमल नानचंद भंडारी की प्रेरणा से प्रमोद कुमार थानमल पालरेशा परिवार खारड़ा हाल पुणे ने श्री सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम ट्रस्ट के सहयोग से विद्यालय में बच्चों के लिए वॉटर कूलर भेंट किया था। जिसको लेकर मंगलवार को बहुमान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जूनिधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाशवन गोस्वामी, अशोकसिंह राजपुरोहित कोषाध्यक्ष, खरताराम चौधरी सदस्य, एडवोकेट भूपेंद्रसिंह राजपुरोहित, एडवोकेट बाबूलाल कुमावत, अशोक कुमावत समाजसेवी का माला और साफा पहनाकर बहुमान किया गया। वही समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई ने विद्यालय के विकास में सहयोग करने पर ट्रस्ट कमेटी का आभार प्रकट किया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य रितु गोदारा, मिनाक्षी पुरोहित, सजुंलता गोस्वामी, रेखा छीपा, मंजुलता मीणा, विभा चौहान, रेखा कुमारी, जीतु भाटी, मदनलाल माली, मोहनलाल मेघवाल एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पाली में आमने-सामने टकराई बाइक, पांच घायल

## मजदूरी पर जा रहे थे, मोड़ पर हादसा, घायलों का इलाज जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में बुधवार सुबह दो बाइक में आमने–सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक पर सवार पांच लोग घायल हो गए। तीन घायलों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। पाली शहर के नया गांव निवासी महेंद्र (18) पुत्र लक्ष्मण चौकीदार, मंगलाराम (15) पुत्र मिश्रीलाल और दरिया (23) पत्नी बगदाराम बाइक से खेतावास के पास मजदूरी पर जा रहे थे। इस दौरान खेतावास रीको एरिया के पास मोड पर इनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई।
इस हादसे में दोनों बाइक पर सवार पांच जने घायल हो गए। नया गांव निवासी एक बाइक पर सवार महेंद्र, दरिया देवी और मंगलाराम को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया जहां उनका उपचार जाती है। सामने की बाइक पर सवार दो युवक भी घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए। दोनों बाइक भी इस हादसे में क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे।

# सरकारी अस्पताल में वाटर कूलर भेंट



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** मातृश्री देवी बाई रंगराज सोनीगरा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाडोल में डा. मांगीलाल सीरवी की प्रेरणा से भामाशाह परिवार पूनाराम रतोबा काग सीरवी (नवाआट और वागवाला परिवार) की ओर से स्वर्गीय जमनी बाई की पुण्य स्मृति में वाटर कूलर की मशीन भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित दी।
ग्रीष्मकालीन में बढ़ती गर्मी को देखते हुए भामाशाह परिवार ने मरिज हित में ठंडे पानी की व्यवस्था कर पुण्य का काम किया। अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डा. गोपाल सिंह चारण एवं स्टाफ द्वारा भामाशाह परिवार का साफा एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत कर प्रेरणादायक पहल के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चिकित्सालय संपूर्ण स्टाफ, भामाशाह पुनाराम सीरवी, पुनाराम सोलंकी, सूजाराम सीरवी आईजी लैब स्टाफ नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# मोरखा ग्राम पंचायत को भंग नहीं करने की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत समिति क्षेत्र की मोरखा ग्राम पंचायत को भंग नहीं करने की मांग को लेकर ग्राम मोरखा के सैकड़ों ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सान्दू को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना के समय से ही ग्राम पंचायत मोरखा अस्तित्व में है और अब तक यथावत चल रही है। हालांकि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत मोरखा ग्राम पंचायत को भंग कर, उसे सिन्दरली ग्राम पंचायत में मर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसा हुआ तो उन्हें पंचायत कार्यों के लिए सिन्दरली जैसे तीन-चार किलोमीटर दूर गांव जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में ग्राम पंचायत मोरखा को पूर्ववत बनाए रखने की मांग की गई।

■ ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप जताई आपत्ति

इस दौरान मोडाराम चौधरी, श्रवणसिंह राजपुरोहित, बाबूलाल सुथार, विजयसिंह, मांगीलाल, रमेश चौधरी, धन्नाराम चौधरी, अचलाराम चौधरी, सोनाराम, महावीर सिंह, बाबूलाल, पप्पू पुरोहित, देवाराम, जोधाराम, दरगाराम, लकराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्री धोणेरी वीर मामाजी मंदिर का वार्षिक महोत्सव आज

**नारलाई।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत नारलाई के केसूली रोड पर स्थित श्री धोणेरी वीर मामाजी मंदिर का दो दिवसीय प्रथम वार्षिक महोत्सव एवं भजन संध्या व महाप्रसादी का आयोजन बुधवार नौ अप्रैल रात्रि 8:30 बजे एवं महा प्रसादी 10 अप्रैल गुरुवार 10 बजे होगी। दो दिवसीय समारोह को लेकर भोपाजी मोतीलाल देवासी के सानिध्य में तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। भजन संध्या में भीकाराम देवासी, भावेश देवासी एंड पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंच संचालन महेन्द्र देवासी वेनपुरा द्वारा किया जाएगा। दो दिवसीय समारोह के मुख्य अतिथि ओटाराम देवासी विधायक सिरोही, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, नारलाई प्रशासक शेखर मीणा, लालजी देवासी अध्यक्ष राष्ट्रीय पशु पालक संघ, आनंद सिंह मंडला ठिकाना जालोर, समाजसेवी सुमेरसिंह डोडीया के सानिध्य में दो दिवसीय समारोह को लेकर युवा मंडल को अपनी-अपनी जिम्मेदारी दी गई।

# श्री श्री 1008 महंत विष्णुपुरी महाराज का षोडशी भंडारा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**नारलाई।** निकटवर्ती कोठार गांव के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कोठार माजी मंदिर पौड़सी के महंत श्री श्री 1008 विष्णुपुरीजी महाराज का षोडशी भंडारा सोमवार रात को, भजन संध्या मंगलवार को धूमधाम से षोडशी आयोजित भंडारे में प्रदेश भर से सैकड़ों संतों ने भाग लिया। गुरु भक्तगण समस्त ग्रामवासी गण श्रद्धानुसार व ग्रामीणजन के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में साधु-संत व जाति संप्रदाय के अनुयायियों सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। फले, चुनरी, प्रसाद ग्रहण की श्रद्धालुओं ने समाधि पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए आशीर्वाद लिया। श्री मेहंदानंद गिरिजी महाराज गुडा मांगलियांन, श्री श्री 1008 नरेश नाथ दातिवाड़ा, श्री श्री 1008 तीर्थ गिरीजी महाराज आश्रम, प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सानिध्य में सम्पन्न हुआ। संतों को दक्षिणा के साथ-साथ लोटा, शॉल इस प्रकार की वस्तुओं का दान किया गया। षोडशी कार्यक्रम में उनकी समाधि स्थल पर वैदिक परंपरा के अनुसार हवन पूजन कराया गया और फिर षोडशी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने समाधि पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए आशीर्वाद लिया। श्री श्री 1008 नरेश नाथजी महाराज ने बताया कि पौड़सी के महंत श्री श्री 1008 विष्णुपुरीजी महाराज का करीब 30 वर्ष से इस क्षेत्र में रहे थे। वह बजरंग बली के साधू थे। बहुत ही स्ट्रोंग स्वभाव के थे। उनकी क्षति को पूरा नहीं किया जा सकता। षोडशी भंडारे में साधू, संतों ग्रामीणजन स्थानीय सहित अन्य मौजूद रहे।

# ऋषिकेश्वर महादेव मंदिर में चोरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** नाडोल स्थानीय कस्बे के ऋषिकेश्वर महादेव मंदिर में चार अप्रैल की रात में पुजारी मदनलाल रावल पूजा-अर्चना कर घर गए। पांच अप्रैल सुबह पूजा करने आए तो देखा कि मंदिर के ताले टूटे हुए हैं। इसके बाद उन्होंने नाडोल पुलिस चौकी को इस घटना की सूचना दी। चोरों ने पीतल की जलहरी, पूजा की आरती, आरती के टंकोरे, पूजा का धूपेरा, आरती के 108 दीप



वाली, छोटे बड़े करीबन 17 टंकोरे, दो जलेरी दंड टंकोरे, शहत्र धारा, दानपेटी तथा पूजा करने वाली सारी सामग्री चोर लेकर फरार हो गए। बता दें कि नाडोल में मंदिरों को चोरों द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है। चोरी की बढ़ती को लेकर पुजारी मदनलाल रावल, मोहन लाल मेवाडा, मंणी शंकर बोहरा, बच्छराज बोहरा, प्रभुभाई रावल, गोटु सेन, प्रविण रावल सहित ऋषि केश्वर मित्र मंडल ने प्रशासन से चोरों को पकड़ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कर चोरों को जल्दी पकड़ कर चोरी के सामान को बरामद करने व चोरों को कड़ी सजा की मांग की है।

# पट्टा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**देसूरी।** देसूरी थाने में एक मकान के पट्टे के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। यह रिपोर्ट घाणेराव निवासी जीवराज पुत्र भूराराम माली द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें बताया गया कि उनकी पत्नी जसोदा, भाभी मंजू पत्नी अचलाराम एवं बदामी पत्नी विमलचंद के नाम से खरीदा गया एक मकान घाणेराव मुख्य बस स्टैंड पर स्थित है। रिपोर्ट के अनुसार, उक्त मकान पूर्व में मोहनलाल पुत्र वागाराम घांची से खरीदा गया था, जिसकी विधिवत रजिस्ट्री करवाई गई थी एवं विक्रय विलेख भी रजिस्टर्ड था। दिनांक 24 मार्च 2025 को जीवराज बस स्टैंड क्षेत्र में मकान संबंधी दस्तावेजों की फोटो कॉपी कराने गए थे, इसी दौरान दस्तावेजों में से मूल पट्टा कहीं गिर गया। हालांकि पट्टे को काफी प्रयास के बाद ढूंढा गया, लेकिन वह नहीं मिला। अंततः देसूरी थाने में पट्टा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सीएच.ई. (एस.ओ.) विभाग
नं. ई.ई.एम./सीव./220/सिटी-1 दि. 08.04.2025
**ई-निविदा सूचना**

आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा निम्न ऑनलाइन निविदा आमंत्रित है। निविदा की प्रतिलिपी महाटेंडर पोर्टल (http://mahatender.gov.in) तथा बी.एम.सी. पोर्टल (http://portal.gov.in) से फॉर पार्टनर टेंडर व्यू सेक्शन से डाउनलोड कर सकते है।

| | |
|---|---|
| विभाग | सीवरेज ऑपरेशन |
| सेक्शन | डीवाय. सीएच. इंजी. (एस.ओ.) ई.ई. मैक. (सीव.) सिटी-I. |
| निविदा क्र. | 1. 2025-एमसीजीएम-11668113-1<br>2. 2025-एमसीजीएम-1168536-1 |
| विषय | 1. वायले पंपिंग स्टेशन में सक्शन पूडल पाइप्स का प्रतिस्थापन कार्य।<br>2. एईपीसी अंतर्गत विभिन्न पंपिंग स्टेशनों पर वेट वेल पर मैकेनिकल लेवल इंडिकेटर की प्रतिस्थापना। |
| ई.एम.डी. | 1. रु. 9,000/-<br>2. रु. 10,000/- |
| ई-निविदा शुल्क | 1. रु. 1,452/- + (18% जीएसटी)<br>2. रु. 1,452/- + (18% जीएसटी) |
| ई-निविदा का विक्रय | 09.04.2025 को 11.00 बजे से 16.04.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी एवं सी जमा करना (ऑनलाइन) | 16.04.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए एवं बी खुलना (दिनांक व समय) | 17.04.2025 को 16.05 बजे |
| वेबसाइट एवं ई-मेल आईडी | http://mahatenders.gov.in<br>http://poratal.mcgm.gov.in<br>eemechscity1.so@mcgm.gov.in |

PRO/80/ADV/2025-26

हस्ता./-
श्री पी.ए. सालगांवकर
कार्य. अभि. मैक. (सीव.) सिटी-I.

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।


# चार्टर अध्यक्ष मेवाड़ा के जन्मदिवस पर सात दिवसीय सेवा आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष, रेड़ क्रॉस सोसायटी शाखा-सुमेरपुर के चार्टर अध्यक्ष, तारा संस्थान उदयपुर के पाली व सिरोही जिलाध्यक्ष, मानवाधिकार सुरक्षा संगठन-भारत, राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बोर्ड ऑफ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया के चैयरमेन पंकज राज मेवाड़ा के 15 अप्रैल को जन्मदिवस पूर्व सात दिवसीय अलग-अलग निःस्वार्थ सेवा के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रोजेक्ट चैयरमेन एवं ट्रस्ट सरंक्षक नेनमल सोनी व पूर्व पार्षद गोविंद राठौड़ ने बताया कि मेवाड़ा के जन्मदिवस के उपलक्ष में निःस्वार्थ सेवा के सात दिन तक अलग-अलग कई कार्यक्रम सदस्यों द्वारा मिलकर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग सेवा कार्य जैसे टूरिस्ट प्लेस जवाई बांध क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के साथ पौधा रोपण, बंदरों व मछलियों को भोजन, पंछियों को दाना व परिड़े लगाए जाऐंगे। गोवंश के लिए उनके गले में रेडियम के बेल्ट बांधकर, हरा चारा व गुड़ खिलाया जाएगा, मुक पशुओं के लिए पानी की सीमेंट टंकियां, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फ्रूट वितरण के साथ जरूरत मंद के लिए ब्लड डोनेशन, कस्तूरबा छात्रावास की बालिकाओं को व मानसिक विमंदित आवासीय विद्यालय में बच्चों को भोजन करवाकर उनके साथ सादगी से जन्मदिवस मनाया जाएगा। ट्रस्ट संस्थापक व अध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि में सभी सेवा साथियों से भी निवेदन करूंगा कि वो भी अपने माता-पिता एवं अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस के उपलक्ष में कुछ ना कुछ निःस्वार्थ सेवा कार्य जरूर करें जिससे हम अपने बच्चों व परिवार में ये संस्कार दें सके और सेवा के आयाम स्थापित कर समाज में एक अच्छा उदाहरण पेश कर सकें। तैयारियों को लेकर संरक्षक गोविंद राठौड़, झूमरलाल गर्ग, नेनमल सोनी, हरीराम सोनी, सचिव डा. कमलेश कुमार, मदन प्रजापत, उपाध्यक्ष डा. अयोध्या प्रसाद, डा. मेहराम चौधरी, प्रियंका मेवाड़ा, कोषाध्यक्ष अंजली अग्रवाल, सहकोषाध्यक्ष पूनम भारद्वाज, नवीन गहलोत, कमलेश कुमावत, युवराज रावल, एडवोकेट भाग्यश्री शर्मा, सुरजीत राठौड़, जानम राजपुरोहित, नंदिनी शर्मा, भूमिका राजपुरोहित, राकेश भाटी, जयश्री रावल, तनीषा राठौड़, टीना भाटी, तमन्ना राठौड़ आदि सभी जुटे हुए है।

# आमजन के कार्य समय पर हो यह सुनिश्चित करें : जोधा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** पंचायत समिति बाली सभागार में मंगलवार को बाली विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा ने ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक की समीक्षा बैठक में कार्मिकों को निर्देशित किया की आमजन के कार्य समय पर करना सुनिश्चित करें। जोधा ने कहा की स्वीकृत प्रधान मंत्री आवास जल्द पूर्ण करावे और आवास विहीन परिवारों का आवास प्लस में सर्वे करवाना सुनिश्चित करें। गर्मी के चलते परिंदों के लिए परिंडा लगाने के अभियान में सहयोग करें, पेंशन सत्यापन समय पर करवाएं ताकि आमजन को समय पर पेंशन मिल सकें, प्रॉपर्टी कार्ड में प्रगति लाए। पंचायतों में पिंक टॉयलेट जल्द पूर्ण करवाने को निर्देशित किया गया। बैठक में अतिरिक्त विकास अधिकारी असफाक अली, जयंतीलाल दिवाकर, सुरेश जानी, सहायक विकास अधिकारी दिनेश गहलोत, ग्राम विकास अधिकारी हीराराम परमार, नंदकिशोर वैष्णव, रवि मोबारसा, रामचंद्र यादव, मोहन लाल, भरत ओझा, शिवरतन सोलंकी, जितेंद्र गहलोत, मालम सिंह, जयराज सिंह, श्रवण सिंह, परवेज, सुमित कुमार, मिश्रीलाल, कपूर देवासी, अनिल जोशी, यतिन पुरोहित, दिलीप सिंह, प्रवीण पूरी, श्रवण सिंह, विकास दवे, तरुण भाटी, कैलाश सुथार, यशोदा गहलोत, सुरेश देवासी, अशोक मैक्स, विष्णु, विकास व्यास, रेखा मेंशन, राजेश्वरी कुंवर, सीमा, नेकाराम उम्मेदमल, रजत सिंह, जीवाराम, लक्ष्मण राम, नारायण मीणा, भीमाराम, सुरेश, ओडा राम, उम्मेदमल, प्रभुराम, विनोद, मुगलाराम सहित समस्त ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक और कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

गुजरात बनाम राजस्थान

# बल्लेबाज या गेंदबाज कौन मचाएगा धमाल

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइंटस और राजस्थान रॉयल्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम खेला जाएगा। जीटी और आरआर दोनों को ही पिछले मैच में जीत दर्ज करके आ रही हैं। ऐसे में दोनों टीमें जीत के लय को जारी रखना चाहेगी। गुजरात टाइटंस ने अबतक आईपीएल 2025 के सीजन में कुल चार मैच खेले हैं। जिसमें गुजरात को तीन मैच में जीत मिली है। वही सिर्फ एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। जीटी अंकतालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद है। वहीं राजस्थान रॉयल्स भी चार मैच खेल चुकी है। जिसमें चार मैचों में दो मुकाबले में जीत दर्ज की है। जबकि दो मैच में आरआर को हार झेलनी पड़ी है। ऐसे में फैंस के मन में सवाल होगा कि आखिर अहमदाबाद की पिच किसको ज्यादा मदद करेगी। आइए हम आपको बताते हैं कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर कौन कमाल करेगा।



## नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच रिपोर्ट

अहमदाबाद के नरेद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी की मददगार मानी जाती है। हालांकि यहां पर शुरू में तेज गेंदबाद के लिए फायदा रहता है। लेकिन बाद में गेंद बल्ले पर अच्छे तरीके से आती है। जिससे बैट्समैन को चौके-छक्के मारने में आसान हो जाती है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम हाई स्कोरिंग मैच के लिए जाना जाता है। आईपीएल 2025 के पहले मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइंटस को 244 रन का टारगेट दिया था। इसके जवाब में गुजरात ने भी 232 रन बना दिए थे। गुजरात और मुंबई का मैच भी हाई स्कोरिंग रहा। जिसमें जीटी ने 196 रन बनाए थे। ऐसे में गुजरात और राजस्थान के मैच में भी रनों की बारिश हो सकती है।

## जीटी बनाम आरआर हेड टू हेड

गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच कुल छह आईपीएल मैच खेले गए हैं। जिसमें जीटी को पांच मैच में जीत मिली है। वही आरआर सिर्फ एक मुकाबला अपने नाम कर सकी है। राजस्थान की टीम इस रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेगी। वहीं गुजरात अपने दबदबा कायम रखने अहमदाबाद में एक बार फिर आरआर से भिड़ेगी।

## जीटी-आरआर का फुल स्क्वाड

**गुजरात टाइटंस टीम** : शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, शेरफेन रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रिसिध कृष्णा, इशांत शर्मा, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, जयंत यादव, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़, निशांत सिंधु

**राजस्थान रॉयल्स टीम** : यशस्वी जयसवाल, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौड़, रियान पराग, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा, जोफ्रा आर्चर



# विराट कोहली ने 13000 रन बनाकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। पहले ही ओवर में फिल साल्ट का विकेट गिरने के बाद विराट कोहली ने देवदत्त पाडिक्कल के साथ मिलकर 91 रनों की साझेदारी की, इसके बाद उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार के साथ 48 रन जोड़े। विराट कोहली ने 42 गेंदों में दो छक्के और आठ चौकों की मदद से 67 रन बनाए। विराट कोहली ने इस बीच अपने टी20 करियर में 13000 रन भी पूरे किए, वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। विराट कोहली के अब 13050 रन हो गए हैं। मैच से पहले उन्होंने 13 हजार रन पूरे करने के लिए 17 रन चाहिए थे।

### सालों तक कोई नहीं तोड़ पाएगा कोहली का रिकॉर्ड

विराट कोहली टी20 में 13000 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद रोहित शर्मा अभी काफी पीछे हैं, वह भी इस फॉर्मेट से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सन्यास ले चुके हैं। शर्मा के अभी 11851 रन हैं, वह अभी 12 हजार रन भी पूरे नहीं कर पाए हैं।

### सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें बल्लेबाज विराट कोहली

कोहली दुनिया के पांचवें बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टी20 में 13 हजार रन पूरे किए। लिस्ट में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 14562 रन हैं। दूसरे नंबर पर एलेक्स हेल्स (13610), तीसरे नंबर पर शोएब मलिक (13557) और चौथे नंबर पर किरॉन पोलार्ड (13537) हैं।

एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज

# भारतीय महिला टीम का ऐलान, तीन नए खिलाड़ी शामिल

मुंबई। मुंबई श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में काशवी गौतम, एन श्री चरनी और शुचि उपाध्याय को पहली बार शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर को बतौर कप्तान के रूप में टीम में जगह दी है। इसके अलावा स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर को भी टीम में शामिल किया गया हैं। चयनकर्ताओं ने चोटिल रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तेज गेंदबाज तीतास साधु के नाम पर विचार नहीं किया गया। 21 वर्षीय का काशवी गौतम इस साल वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहीं। उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट लिये। वहीं बीस वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए सिर्फ दो मैच खेले और चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय पिछले साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने तब नौ पारियों में 3.48 की इकॉनमी रेट और 15.44 की औसत से 18 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उनकी टीम मध्य प्रदेश ने ट्रॉफी जीती। इस वर्ष भारत में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को ध्यान में रखते हुए यह श्रृंखला



तीनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है। सीरीज के सभी मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका के बीच होगा। 19 अप्रैल को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। दो मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका, चार मई को श्रीलंका भारत, सात मई को भारत दक्षिण अफ्रीका और नौ मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच खेला जायेगा। सीरीज का फाइनल 11 मई का होगा।

## भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिस, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय।

# रजत पाटीदार पर लगा जुर्माना

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रूपए जुर्माना लगा हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर सोमवार रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर जीत के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 में आरसीबी पर पहली बार धीमे ओवर रेट अपराध के लिए जुर्माना लगा हैं। इससे पहले हार्दिक पंड्या, रियान पराग और ऋषभ पंत पर भी धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा चुका हैं।



# विल पुकोवस्की ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने चोट के कारण तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी स्तरों से संन्यास ले लिया है। विशेषज्ञों के एक पैनल की सिफारिश के बाद पुकोवस्की को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। 27 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने करियर के दौरान कई ऐसी घटनाओं का सामना किया, जिसमें उनके सिर पर चोट लगी। चोट की सबसे हालिया घटना मार्च 2024 में हुई थी। शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान हेलमेट पर गेंद लगने के कारण पुकोवस्की को चोटिल होकर रिटायर होना पड़ा था। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार इस घटना के कारण वह ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों के बाकी मैचों से बाहर हो गए और उन्हें 2024 की इंग्लिश गर्मियों के लिए लीसेस्टरशायर के साथ अपना अनुबंध वापस लेना पड़ा। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार सुबह संन्यास की पुष्टि की।



# मनोरंजन

# 'रेड 2' का ट्रेलर रिलीज




अजय देवगन और रितेश देशमुख की अपकमिंग फिल्म 'रेड 2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। दो मिनट 34 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर आपको वो पांच कारण मिल जाएंगे कि आप ये फिल्म देखने पर मजबूर हो जाएंगे। इस फिल्म के ट्रेलर में एक ऐसा चक्रव्यूह देखने को मिला जिसे तोड़ पाना आसान नहीं होगा। फिल्म में वाणी कपूर, रजत कपूर, सौरभ शुक्ल, सुप्रिया पाठक और अमित स्याल जैसे कलाकार मौजूद हैं। चलिए जानते हैं इस ट्रेलर में क्या खास पांच बातें हैं? ट्रेलर में अजय देवगन का जो एटीट्यूड है, वो उनकी और इस ट्रेलर की USP है। जिस तरह से वो रेड मारने आए हैं, वो देखकर फैंस भी एक्साइटेड हो जाएंगे। वो अपने दुश्मनों की बैंड बजाने आ रहे हैं। उनके रोल में बेहद इंटेंसिटी देखने को मिल रही है। इस गंभीर रोल को देखकर आपको 'दृश्यम' की याद आ सकती है। 'रेड 2' के डायलॉग्स भी जबरदस्त हैं। रितेश के डायलॉग हैं, 'चार चीजें आपकी नजर में आईं, पांचवी और सबसे बड़ी चीज आपकी आंख के सामने है, पर आप उसे ढूंढ नहीं पाएंगे।' 'अच्छा नेता हाथ काले नहीं करता।' अजय का डायलॉग- 'आज से आपकी बर्बादी की उल्टी गिनती शुरू।' 'आज के बाद सब कुछ आपकी नजरों के सामने होगा, पकड़ सको तो पकड़ लो..।' पूरे ट्रेलर में सबसे जबरदस्त रितेश देशमुख लग रहे हैं। विलेन बनकर जिस तरह उन्होंने 'एक विलन' में अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ी थी, एक बार फिर वो उसी तरह लोगों को इम्प्रेस करने आ रहे हैं। उनकी एक्टिंग और डायलॉग डिलीवरी देखकर फैंस थिएटर में ताली और सीटी मारने पर मजबूर हो जाएंगे। फिल्म में सब कुछ काफी सीरियस चल रहा है, लेकिन इस बीच वाणी कपूर और अजय देवगन का रोमांस फिल्म में एक अलग फ्लेवर जोड़ता है। इन दोनों की केमिस्ट्री कैसी होगी? ये तो आपको फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा।

# तृप्ति की प्रेग्नेंट महिला से क्यों हुई तुलना?



बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी अपने फैशन सेंस से हमेशा फैंस को सरप्राइज कर देती हैं। हालांकि इस बार उनका फैशन सेंस नेटिजन्स को कुछ खास पसंद नहीं आया है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने तृप्ति की तुलना प्रेग्नेंट लेडी से करनी शुरू कर दी है। दरअसल, एक्ट्रेस बीती रात मुंबई में हुए स्टार-स्टडेड मैडॉक सक्सेस बैश में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने ब्लैक गाउन को परफेक्ट आउटफिट के रूप में चुना। हालांकि तृप्ति डिमरी को उनके इस आउटफिट के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। मुंबई में बीती रात हुए मैडॉक सक्सेस बैश में बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुई थीं। इस दौरान तृप्ति डिमरी ने रफल्स और फोल्ड्स वाली स्ट्रैपलेस ब्लैक गाउन पहनी। इस ड्रेस को पहन कर जब तृप्ति ने रेड कार्पेट पर शिरकत की तो पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैप्चर करने का एक मौका नहीं छोड़ा। हालांकि एक्ट्रेस को अपने आउटफिट के लिए ट्रोल किया जा रहा है क्योंकि उनकी ड्रेस ने कर्व्स दिखाने की बजाए शरीर के निचले हिस्से को भारी दिखाया है। उधर, जैसे ही तृप्ति डिमरी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया तो सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके आउटफिट को लेकर उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। कुछ ने उनकी तुलना प्रेग्नेंट महिला से कर डाली। एक यूजर ने लिखा, 'ये प्रेग्नेंट है क्या?' दूसरे यूजर ने लिखा, 'प्रेग्नेंट लेडी का ड्रेस किराए पर लिया है क्या?' तीसरे यूजर ने लिखा, 'इस ड्रेस में तो प्रेग्नेंट लग रही हैं।'

# 'छावा' बनी दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म



विक्की कौशल की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म ''छावा'' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाते हुए श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' को पीछे छोड़ दिया है। 14 फरवरी को रिलीज हुई ये फिल्म अब साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है। शाहरुख खान की 'जवान' अब भी इस लिस्ट में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन 'छावा' की रफ्तार ने सबको चौंका दिया है। 53 दिनों के अंदर 'छावा' ने 598.80 करोड़ रुपए की कमाई कर सभी का ध्यान खींचा है। अब ये फिल्म मात्र दो करोड़ रुपए दूर है 600 करोड़ के ऐतिहासिक आंकड़े से। जबकि 'स्त्री 2' ने अपनी रिलीज के बाद कुल 597.99 करोड़ की कमाई की थी। इस मुकाबले में विक्की कौशल की फिल्म ने आखिरी दौर में बाजी मार ली। अगर आप 'छावा' को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, तो खुश हो जाइए। रिपोर्ट्स की मानें तो ये फिल्म 11 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जा सकती है। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। लक्ष्मन उतेकर द्वारा निर्देशित 'छावा' एक भव्य पीरियड ड्रामा है, जो मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर बेस्ड है। शिवाजी सामंत के उपन्यास ''छावा'' पर आधारित इस फिल्म में विक्की कौशल ने संभाजी महाराज की भूमिका में जान फूंक दी है। वहीं, रश्मिका मंदाना ने रानी यसूबाई और अक्षय खन्ना ने औरंगजेब की भूमिका निभाई है। फिल्म का बैकड्रॉप, डायलॉग और युद्ध दृश्य दर्शकों को भावुक कर देते हैं। 14 अगस्त 2024 को रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री 2' एक हॉरर-कॉमेडी थी।

# 'पुष्पा' से बड़ी फिल्म ला रहे अल्लू अर्जुन



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर एटली की अगली फिल्म को लेकर खूब सरगर्मियां हैं। ये अल्लू अर्जुन की 22वीं फिल्म है जबकि एटली की छठी फिल्म। आज पुष्पा एक्टर अल्लू अर्जुन का जन्मदिन है और इस मौके पर बड़े ऐलान का इंतजार किया जा रहा है। लेकिन इससे पहले सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर कई तरह की जानकारियां सामने आ रही हैं। यही नहीं, सोशल मीडिया पर तो अल्लू अर्जुन और एटली की इस फिल्म के लिए फीस और बजट तक की चर्चा की जा रही है। इस तरह पुष्पा 2 के बाद, एक बार फिर से अल्लू अर्जुन सिनेमा की दुनिया में तहलक मचा रहे हैं। एक्स पर साउथ फिल्मों और ट्रेड की जानकारी देने वाले एकाउंट के मुताबिक, 'इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन और एटली की फीस कुल मिलाकर 300 करोड़ होगी। जिसमें अल्लू अर्जुन की 200 करोड़ और एटली की 100 करोड़। जबकि बाकी कलाकारों की फीस 50 करोड़ रुपए हो सकती है। ये एक बिग बजट फिल्म है, जिसकी मेकिंग जबरदस्त होने वाली है और वीएफएक्स भी कमाल का होगा। फिल्म का बजट लगभग 500-600 करोड़ रुपए रहने की संभावना है।' बताया जा रहा है कि हाल ही में पुष्पा 2: द रूल की सफलता से सुर्खियों में आए अल्लू अर्जुन इस फिल्म में पहली बार डबल रोल निभाते नजर आएंगे।

# सनी देओल जब उठाएंगे गदा और बनेंगे हनुमान



सनी देओल इन दिनों फिल्म जाट को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह फिर से एक्शन करते दिखाई देंगे। जाट के अलावा सनी देओल और भी कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। लेकिन जिस फिल्म की सबसे ज्यादा चर्चा है उसका नाम 'रामायण' है। रामायण काफी वक्त से सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। वहीं ऐसी चर्चा है कि फिल्म में सनी देओल हनुमान का रोल करने वाले हैं। जिसको लेकर अब खुद दिग्गज एक्टर ने प्रतिक्रिया दी है। सनी देओल ने हाल ही में अपने आने वाली फिल्मों को लेकर प्रतिक्रिया दी। साथ ही सनी देओल ने यह भी कंफर्म किया कि वह फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। उन्होंने बताया है कि वह फिल्म 'रामायण' में हनुमान का रोल करने वाले हैं। बात करें उनकी फिल्म जाट की तो इस फिल्म में सनी देओल के साथ रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह नजर आने वाले हैं।

इंडिया ग्लोबल फोरम




# मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत किया विकास का रोडमैप

## पांच वर्षों में दिखाई देगा राज्य का संतुलित विकास : फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में निवेश के लिए बिना किसी बाधा के सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य के सभी क्षेत्रों में निवेश हो सके, इसके लिए एक सक्षम ईकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसलिए आने वाले पांच वर्षों में राज्य के सभी भागों का संतुलित विकास स्पष्ट रूप से दिखाई देगा, मुख्यमंत्री फडणवीस बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित जिओ वर्ल्ड सेंटर में आयोजित 'इंडिया ग्लोबल फोरम -नेक्स्ट 25' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर इंडिया ग्लोबल फोरम के संस्थापक मनोज लढवा, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के महानगर आयुक्त संजय मुखर्जी, उद्योग विभाग के सचिव पी. अन्बलगन, तथा उद्योग क्षेत्र से जुड़े प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे।

### राज्य के 85% एमओयू कार्यान्वित

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए 85% सामंजस्य करार (MoUs) पहले ही कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं, और बचे हुए 15% MoUs के लिए सरकार विशेष ध्यान दे रही है। जल्द ही वे भी मूर्त रूप लेंगे। राज्य सरकार भूमि आवंटन, परवाने (लाइसेंस) तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं देने का कार्य तीव्रता से कर रही है, ताकि उद्योगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### कुशल मानव संसाधन की कमी नहीं

- मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में नए निवेश अवसर निर्मित किए जा रहे हैं, साथ ही वैश्विक सप्लाई चेन को सपोर्ट करने वाली सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के क्षेत्र में भी महाराष्ट्र देश में अग्रणी है। राज्य में पहले से ही कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां मौजूद हैं।

### कौशल विश्वविद्यालय

- उद्योगों को आवश्यक कुशल मानवबल प्रदान करने के लिए एक "कौशल विश्वविद्यालय" काम कर रहा है, जिससे राज्य में कौशल की कोई कमी नहीं रहेगी। इसके अलावा, राज्य सरकार का ध्यान हरित (ग्रीन) और स्मार्ट प्रौद्योगिकियों पर आधारित उद्योगों पर भी है।

### एमएमआर का महत्वपूर्ण योगदान

- मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) का महाराष्ट्र को 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ा योगदान रहेगा। अकेले एमएमआर में 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था खड़ी करने की क्षमता है, इसलिए इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### बनेगी 'तीसरी मुंबई'

- मुंबई को फिनटेक कैपिटल कहा जाता है और नवी मुंबई में "तीसरी मुंबई" विकसित की जा रही है। वहां एज्युसिटी और इनोवेशन सिटी बनाई जा रही है। एज्युसिटी में दुनिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी आने को इच्छुक है, और 5 यूनिवर्सिटी अंतिम चरण में हैं।

### देश का सबसे बड़ा बंदरगाह

- देश का सबसे बड़ा बंदरगाह वाढवण में विकसित किया जा रहा है। इसे समृद्धि महामार्ग से जोड़ा जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में "चौथी मुंबई" के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ेंगे। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जल्द शुरू होने वाला है, और अटल सेतु (मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक) के माध्यम से कनेक्टिविटी भी बेहतर हुई है।

### ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष ध्यान

- एमएमआर के साथ-साथ राज्य के ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। समृद्धि महामार्ग से 15 जिलों के किसानों और उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम

# 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' हमारा संकल्प : भजनलाल

**जालोर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' के विजन के साथ 'आपणो अग्रणी राजस्थान-आपणो स्वस्थ राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेशवासियों से जो वादा किया है, वह हर हाल में समय पर पूरा होगा। इसमें कोई लापरवाही नहीं होगी, यही हमारी कार्यशैली है।

- प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देना हमारी प्राथमिकता
- चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न अभियानों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं की शुरूआत




### भारत में सबसे पहला 'मिशन मधुहारी'

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत जयपुर, नागौर, उदयपुर और जोधपुर के 12 जिला और उप जिला अस्पतालों से की गई। प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायत को 11 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### मिशन 'लीवर स्माइल' का शुभारंभ

- शर्मा ने कहा कि फैटी लीवर रोग से बचाव, रोकथाम एवं उपचार की दिशा में शुरू किया गया मिशन लीवर स्माइल कार्यक्रम एक कारगर कदम सिद्ध होगा। साथ ही, जंक फूड से दूर रहकर अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने की दिशा में आज ईट राइट राजस्थान अभियान का भी शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि शिशुओं को केवल स्तनपान करवाया जाना उनके बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक है।

### निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने पिछले एक साल में स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज निरामय राजस्थान जैसे व्यापक जन अभियान और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

### 'राम रथ' को हरी झंडी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी की शुरूआत, मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना की शुरूआत, 24 मोबाइल मेडिकल यूनिट 'राम रथ' तथा 10 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झंडी, 29 यूनिट में स्तनपान प्रबंधन इकाइयों का शुभारंभ, ईट राइट राजस्थान अभियान तथा मिशन लीवर स्माइल का शुभारंभ शामिल हैं।

### भारतीय संस्कृति से स्वस्थ जीवनशैली

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पद्धतियां स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं। साथ ही, संत-महात्माओं का भी अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योगदान है। नवरात्र के नौ दिन संयम, उपवास और साधना के माध्यम से हमें यह सिखाते हैं कि हमारी संस्कृति में भी स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया है।

# गैस सिलेंडर फटने से 14 माह के बच्चे सहित दो की मौत

**जोधपुर।** जोधपुर में नागोरी गेट पुलिस थाना क्षेत्र के मियों की मस्जिद के पास एक रहवासी मकान में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया. इस हादसे में बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। दरअसल, घर में उमराह की खुशी में एक दावत का आयोजन किया जा रहा था। उसी के लिए खाना बनाया जा रहा था। इस दौरान गैस की टंकी फटने से हादसा हो गया। घर में जैसे ही आग लगी तो घर में मौजूद सभी लोग छत की तरफ भागे जिसके कारण घर में एक दर्जन लोग फंस गए थे। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। हालात को देखते हुए पहले आग पर काबू पाया गया। उसी के साथ ही घर के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घर में मौजूद लोग दम घुटने से बेहोश हो चुके थे। लोगों को बाहर निकल कर अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही एडीसीपी वीरेंद्रसिंह, एसीपी मंगलेश चुडांवत, थानाधिकारी अनिल यादव, निरीक्षक शेफाली सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। दमकल के कर्मचारियों के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। घायलों को सुरक्षित निकाला गया। पुलिस ने बताया कि जिस घर में आग लगी है। उसे घर में उमराह की खुशी में खाना बनाया जा रहा था।



- उमराह जाने की खुशी में दावत की चल रही थी तैयारी

# मुस्लिम लड़की से दोस्ती में युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में मुस्लिम लड़की से प्यार और शादी करने पर हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। सोमवार की रात 19 साल के हिमांशु की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। हिमांशु की एक मुस्लिम लड़की से दोस्ती थी, जो बाद में शादी तक पहुंच गई। इस बात से नाराज लड़की के भाई शाहरुख (19) और उसके बड़े भाई साहिल (22) ने मिलकर हिमांशु की जान ले ली। ये खबर सुनते ही मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने सड़क जाम कर इंसाफ की मांग की, जिससे इलाके में हंगामा मच गया। जानकारी के मुताबिक, हिमांशु और शाहरुख की 16 साल की बहन में पहले दोस्ती थी। बाद में दोनों ने लव मैरिज कर ली। ये बात लड़की के परिवार को इतनी नागवार गुजरी कि शाहरुख और साहिल ने हिमांशु को रास्ते से हटाने की ठान ली। सोमवार देर रात मौका देखकर दोनों ने चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए और हिमांशु को बचने का कोई मौका तक नहीं दिया। घटना की खबर फैलते ही गोकुलपुरी में सन्नाटा पसर गया। मृतक के परिजनों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। उन्होंने सड़क जाम कर पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने इलाके में भारी बल तैनात कर दिया, ताकि कोई अनहोनी न हो। पुलिस ने फौरन एक्शन लिया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों आरोपित भाईयों शाहरुख और साहिल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि अपनी बहन के साथ हिमांशु की शादी से शाहरुख इतना नाराज था कि उसने अपने बड़े भाई साहिल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। ये भी खुलासा हुआ कि हिमांशु का पहले कुछ आपराधिक मामलों से नाम जुड़ा था, जब वो नाबालिग था। लेकिन इस बार उसकी जान लेने की वजह सिर्फ उसकी शादी थी। हिमांशु की हत्या ने न सिर्फ एक परिवार को तोड़ा, बल्कि पूरे इलाके में डर और तनाव फैला दिया। पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है, ताकि पूरी सच्चाई सामने आए।




- दो लड़कों ने देर रात किया मर्डर

चारधाम यात्रा 2025

# अब तक 25 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**ऋषिकेश।** चारधाम यात्रा को लेकर उत्तराखंड सरकार पूरी तरह सतर्क और तैयार है। सरकारी दावों के अनुसार इस वर्ष की यात्रा के लिए अब तक 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करा लिया है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर राज्य सरकार ने इस बार कई कड़े नियम और हाईटेक तकनीकें लागू किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिव स्तर के अधिकारियों को चारधाम यात्रा का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यात्रा के सुचारु संचालन के लिए प्रशासन लगातार उच्चस्तरीय बैठकें कर रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि हमारा संकल्प है कि हर श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर सके और उसे कोई असुविधा न हो।



### नियमों का पालन

चप्पल-सैंडल पहनकर वाहन चलाने पर रोक लगा दी गई है। अब ड्राइवर केवल जूते या बूट पहनकर ही वाहन चला सकेंगे। नियम तोड़ने पर धारा 177A के तहत चालान, जुर्माना और लाइसेंस निलंबन जैसी कार्रवाई होगी। सभी व्यवसायिक वाहनों में प्राथमिक उपचार किट होना अनिवार्य कर दिया गया है। दोपहिया वाहन चालक और पीछे बैठे यात्री दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य होगा। पंजीकरण, फिटनेस, बीमा और परमिट अगर कोई भी दस्तावेज अधूरा मिला, तो वाहन को चारधाम मार्ग पर प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके अलावा विशेष टीमें तैनात की जाएंगी, जो किसी भी वाहन की स्थिति, पार्किंग ब्रेक, टायर चॉक, और रेडियम त्रिकोणीय बोर्ड की जांच करेंगी।

# बीटेक स्टूडेंट ने लोगों से ठगे करोड़ों



### करोड़ों रुपए की ठगी का दावा

- ऋतु आनंद ने बीएसएनएल का टावर लगाने, सीएनजी पंप लगाने, जन आवास योजना और पीएम मुद्रा लोन दिलाने सहित 80 से अधिक ब्रांडेड कंपनियों तथा सरकारी विभागों जैसी वेबसाइट बनाईं।

### अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ जारी

- शिकायत में बताया गया कि फेसबुक में एक एड आया था, जिसमें उन्होंने बात की उस पर उनसे 24 लाख 24 हजार 500 रुपए की अलग अलग व्यक्तियों ने फोन कर उक्त विज्ञापन के बारे में ठगी की।

- कंपनियों के नाम से बनाई 82 फर्जी वेबसाइट्स
- डूंगरपुर में साइबर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले की साइबर थाना पुलिस ने विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाने और फ्रेंचाइजी देने के नाम पर साथियों के साथ मिलकर देशभर में लोगों से करोड़ों की ठगी की है। पुलिस ने ठगी के आरोप में झारखंड के गोड्डा जिला निवासी ऋतु आनंद पिता परमेश्वर प्रसाद को गिरफ्तार किया है। ऋतु आनंद आईटी का छात्र वर्तमान में छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित एक कॉलेज में बीटेक थर्ड ईयर का स्टूडेंट है। उसने अब तक 80 से ज्यादा कंपनियों और सरकारी विभागों से मिलती-जुलती वेबसाइट बनाकर ठगी करने के लिए अपने साथियों को बेच दी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर शहर के शिवाजी नगर निवासी प्रशांत चौबीसा ने 18 नवंबर 2024 को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने फेसबुक पर टाटा जुडियो कंपनी की फ्रेंचाइजी देने के लिए विज्ञापन देखा। उसके बाद प्रशांत ने विज्ञापन में दिए नंबर और ईमेल आईडी से संपर्क साधा। इस दौरान टाटा जुडियो कंपनी की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने प्रशांत से 24 लाख 24 हजार 500 रुपए की ठगी कर ली।

हरियाणा-यूपी में एनआईए की छापेमारी

# गैंगस्टर गोल्डी बरार से जुड़े ठिकानों की तलाशी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने मंगलवार को हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ बरार से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी ली। कनाडा में रहने वाले बरार और अमेरिका निवासी गैंगस्टर रणदीप मलिक से जुड़े संदिग्धों और आरोपियों के परिसरों पर तलाशी दिसंबर 2024 में गुरुग्राम के सेक्टर-29 में वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब पर हुए ग्रेनेड हमलों के मामले में एजेंसी की जांच के सिलसिले में ली गई। एनआईए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, "आज सुबह दोनों राज्यों के विभिन्न जिलों में आठ स्थानों पर ली गई तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।" बयान के मुताबिक, बम विस्फोट की घटना के पीछे की साजिश को उजागर करने के लिए एनआईए द्वारा सामग्री की जांच की जा रही है, जिसमें हमलों में शामिल आरोपियों से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक जब्त किए गए थे।




### गोदारा ने ली जिम्मेदारी

- एनआईए के अनुसार, हमलों के तुरंत बाद गैंगस्टर रोहित गोदारा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये इसकी जिम्मेदारी ली थी। एनआईए की आगे की जांच में मलिक और आतंकवादी घोषित बराड़ का नाम हमलों की साजिश रचने वालों के रूप में सामने आया। बराड़ ने पहले क्लब मालिकों को धमकाया था और उनसे जबरन पैसे ऐंठने की कोशिश की थी।

# नाबालिग ने घर की छत पर लहराया पाकिस्तानी झंडा

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के मनोहरपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मनोहरपुर थाना क्षेत्र के दूधी आमलोदा गांव में एक नाबालिग द्वारा घर की छत पर पाकिस्तानी झंडा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वह झंडा बिल्कुल पाकिस्तान के झंडे जैसा है। सफेद और हरे रंग के कपड़े में बीच में चांद-सितारा बना है। वीडियो वायरल होते ही लोग हैरान रह गए। मामला सामने आते ही मनोहरपुर पुलिस एक्टिव हो गई। थानाधिकारी भगवान सहाय ने बताया कि वीडियो में एक बालक घर की छत पर पाकिस्तानी झंडा फहरा रहा है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अब तक तीन लोगों को हिरासत में लिया है और बाकी लोगों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई है कि झंडा पाकिस्तानी झंडा ही है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर लोग इस हरकत को देशद्रोह बताकर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है कि नाबालिग के पास यह झंडा कहां से आया और किसने दिया। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने वीडियो की पुष्टि के बाद दूधी आमलोदा गांव में दबिश दी और कई गांवों में चक्कर लगाने के बाद आरोपी तक पहुंच पाई।

- वीडियो वायरल होते ही तीन को पकड़ा

# छह दिन तक 23 लोगों ने छात्रा से किया गैंगरेप, 10 गिरफ्तार

**वाराणसी।** यूपी के वाराणसी में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां स्पोर्ट्स कॉलेज में एडमिशन की तैयारी कर रही पांडेयपुर की छात्रा से शहर के व्यस्ततम इलाकों में छह दिनों तक हैवानियत होती रही। गैंगरेप के इस मामले में लालपुर-पांडेयपुर थाने में रविवार देर रात छात्रा की मां की तहरीर पर 23 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें 12 नामजद और 11 अज्ञात हैं। मामले में राज विश्वकर्मा, समीर, आयुष, सोहेल, दानिश, अनमोल, साजिद, जहिर, इमरान, जैब, अमन और राज खान को आरोपी बनाया गया है। सभी हुकुलगंज और आसपास के निवासी हैं। वहीं, मामले के खुलासे के लिए डीसीपी (वरुणा जोन) चंद्रकांत मीणा के निर्देश पर गठित तीन टीमों ने छापेमारी कर 10 को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें छह रविवार रात हिरासत में लिए गए थे। पांडेयपुर चौकी इंचार्ज श्रीराम उपाध्याय ने बताया कि अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है। मां ने बताया कि घटना से डरी बेटी की परिस्थिति का सभी ने फायदा उठाया। होटल से बाहर उसे इमरान मिला। उसने होटल में उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया। भटकते समय बेटी को साजिद अपने दो दोस्तों के साथ मिला। वह उसे औरंगाबाद में किसी गोदाम में ले गया और हैवानियत की। इसके बाद साजिद अपने दोस्त अमन के साथ उसे किसी के कमरे में लेकर गया, जहां रातभर गलत कार्य किए। रात में उसे सिगरा स्थित मॉल के पास छोड़ दिया, जहां 2 अप्रैल की सुबह उसे राज खान नाम का युवक मिला। उसने हुकुलगंज में घर ले जाकर नशीला पदार्थ खिलाकर गलत काम की कोशिश की, लेकिन मना करने पर अस्सी पर छोड़ दिया। मां ने बताया कि 3 अप्रैल को बेटी अपनी सहेली के घर पहुंची और सो गई। शाम को घर आने के दौरान रास्ते में दानिश मिला। वह उसे एक कमरे पर ले गया, जहां सोहेल, शोएब और एक अन्य ने दुराचार किया। उनसे छूटकर बेटी फिर सहेली के घर आकर सो गई। 4 अप्रैल को घर पहुंचने पर आपबीती सुनाई। गैंगरेप की शिकार छात्रा की मां के अनुसार बेटी के साथ शहर के अलग-अलग स्थानों पर वारदात की गई। 29 मार्च को सहेली के घर से लौटते समय राज विश्वकर्मा मिला। वह उसे लेकर लंका स्थित कैफे में गया और रात में दुष्कर्म किया।



- वाराणसी में दिल दहला देने वाली घटना

- आयुष और उसके दोस्तों के चंगुल से छूटने के बाद एक अप्रैल को बेटी को साजिद और उसका दोस्त मिला था। दोनों गर्ल्स हॉस्टल के नाम पर उसे होटल ले गए। यहां पहले से तीन लोग थे। पांच लोगों ने बेटी पर होटल में आए एक कस्टमर का मसाज करने का दबाव बनाया था। मना करने पर रेप करके बाहर निकाल दिया।

# हिट एंड रन में चार की मौत, कई घायल



- शहर में विरोध प्रदर्शन, आरोपी गिरफ्तार
- कांग्रेस ने उस्मान खान को पार्टी से निकाला

**जयपुर।** जयपुर हिट एंड रन मामले में चार लोगों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। आरोपी उस्मान खान कांग्रेस का कार्यकर्ता है। पार्षद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था। आरोपी उस्मान राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी शामिल हुआ था। बताया जा रहा है कि आरोपी उस्मान जयपुर के शास्त्री नगर की राणा कॉलोनी का रहने वाला है। जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने हिट एंड रन केस के आरोपी उस्मान खान को निष्कासित कर दिया है। आरोपी खान को कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी से बाहर किया गया है। उस्मान खान के कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं के साथ फोटो भी हैं।

### नशे में चला रहा था गाड़ी

आरोपी उस्मान की विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में लोहे के पलंग बनाने की फैक्ट्री है। जिस वक्त उस्मान गाड़ी चला रहा था, वह बुरी तरह से नशे में था। कार की रफ्तार काफी तेज थी। इसका अंदाजा और सीसीटीवी फुटेज से लगाया जा सकता है। हिट एंड रन के दौरान उस्मान की कार के पीछे से चिंगारी निकल रही थी।

### ड्राइवर गिरफ्तार

- हिट एंड रन केस के कुछ ही घंटों के अंदर पुलिस ने मौके से फरार कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम उस्मान खान है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसे देखकर हर कोई शख्स दंग रह जा रहा है।

### फूटा लोगों का गुस्सा

- जयपुर हिट एंड रन केस को लेकर पब्लिक का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। जयपुर में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। नाहरगढ़ थाने के बाद जबरदस्त प्रोटेस्ट हो रहा है। गुस्साई भीड़ टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन कर रही है। सड़कों पर आगजनी की गई। आरोपी उस्मान खान को फांसी की सजा दिए जाने की भी मांग उठी है।

### इन लोगों की गई जान

- जयपुर हिट एंड रन केस में उस्मान खान की कार के नीचे कुचलकर 50 साल की ममता कंवर और 37 साल के अवधेश पारीक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुबह वीरेंद्र सिंह नाम के एक और युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं दोपहर तक एक और घायल की मौत का जानकारी मिली है। इस घटना में कुल चार लोगों की मौत हुई है।

### घायलों का इलाज जारी

- हादसे में घायल पांच लोगों का इलाज अब भी SMS अस्पताल में जारी है। हादसे में घायल अन्य लोगों की पहचान मोनेश सोनी (28), मोहम्मद जलालुद्दीन (44), दीपिका सैनी (17), विजय नारायण (65), जेबुन्निशा (50) और अंशिका (24) के रूप में हुई है। डॉक्टर्स के मुताबिक, अभी भी कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।